3 राजधानी
ऑनलाइन ठगी गिरोह का सरगना गिरफ्तार

6 अभिमत
केजरीवाल को ज़मानत और विवादों का दौर

10 राष्ट्रीय
लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

11 विदेश
पाक कब्जे वाले कश्मीर में गोलीबारी, तीन मरे

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 202
लखनऊ, बुधवार, 15 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



रवि शास्त्री ने इंपेक्ट प्लेयर नियम का समर्थन किया
स्पोर्ट्स-12

# नई पारी के लिए मोदी ने भरा पर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। पुष्य नक्षत्र में उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिल किया। गंगा सप्तमी पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे, वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर नामांकन किया। पीएम ने सोमवार को काशी विश्वनाथ व मंगलवार को काल भैरव बाबा से भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। काल-भैरव मंदिर में पूजन व कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी साथ रहे।

गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने मंगलवार सुबह सबसे पहले दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकट रमन घनपाठी ने गंगा पूजन कराया। गंगा पूजन कराने वालों में तीन पुजारी तमिलनाडु व एक-एक पुजारी आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र के मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद क्रूज पर दशाश्वमेध घाट से गंगा विहार करते हुए आदिकेशव घाट तक गए, फिर नमो घाट उतरे।

नमो घाट से प्रधानमंत्री सीधे काशी के कोतवाल काल भैरव बाबा के दर्शन-पूजन व आरती करने पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा से अनुमति व आशीर्वाद लिया, फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां काशी से तीसरी बार नामांकन किया। मंदिर गेट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम को अंगवस्त्र भेंट किया और आमजन ने पुष्पवर्षा की। पूरा मंदिर व आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव गूंज से उठा। काल भैरव मंदिर में पूजन के दौरान पीएम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के




वाराणसी में अपना नामांकन पत्र भरते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कार्यकर्ता हैं। प्रधानमंत्री के नामांकन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, प्रफुल्ल पटेल, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, यूपी में एनडीए के घटक लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के संजय निषाद, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस, अनिल बलूनी आदि की मौजूदगी रही।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सबसे पहले पीएम मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं को थैंक्यू कहा और एक जून तक अपना उत्साह और उमंग बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का ये प्यार, ये उत्साह, ये आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। पीएम ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है।

काशी में मिल रहा प्यार कार्यकर्ताओं की वजह से पीएम मोदी ने कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि यदि आप सभी कार्यकर्ता इजाजत दें तो आपसे कुछ कहना चाहता हूं। आपसे इतना ही कहना है, थैंक्यू। पीएम ने कहा कि 2014 में भी यहां रोड शो किया था और 2019 में भी रोड शो किया था, देश भर में इन दिनों सप्ताह में तीन-चार रोड शो कर रहा हूं, लेकिन कल रोड शो के सारे रिकॉर्ड आपने तोड़ दिए। इसके लिए आपके माध्यम से जनता जनार्दन को सर झुकाकर धन्यवाद करना चाहूंगा। आज जो आप कर रहे हैं जीवन के कई वर्ष तक इस काम को मैंने भी किया है। संकल्प पूरा होने की खुशी एक कार्यकर्ता से ज्यादा किसी और को नहीं होती। उन्होंने कहा कि काशी में जो कुछ भी विगत दस वर्ष में हुआ है वो सब आपकी वजह से हुआ है। इसलिए पक्का भरोसा है कि इस बार भी आप संभाल लेंगे। आप चुनाव जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

गाजे-बाजे के साथ बूथ तक लाएं मतदाता को पीएम मोदी ने एक-एक पोलिंग बूथ जीतने का मंत्र देते हुआ कहा कि साथियों मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है। कोई कहे कुछ भी, लेकिन इसके लिए कड़ी मेहनत लगती है। ये जुलूस, नारे, रोड शो इससे चुनाव में बूथ पर असर नहीं पड़ता। हार-जीत से फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन अगर मतदान प्रतिशत में पीछे रह जाएं तो काशी का प्रतिनिधि होने के नाते क्या मुंह दिखाऊंगा। इसलिए पोलिंग बूथ जीतना ही संकल्प होना चाहिए। पोलिंग बूथ जीतने का तरीका क्या होना चाहिए। मतदान को लोकतंत्र के उत्सव में बदल दीजिए। अभी आपके पास 14 दिन हैं, इस दौरान पोलिंग बूथ पर उत्सव मनाएं। पूरे पोलिंग बूथ में जितनी सोसायटी हैं, मोहल्ले हैं उन्हें आमंत्रित करें और वहां रंगोली व अन्य कार्यक्रम आयोजित करें। यही नहीं, जिस दिन मतदान करने जाएं तो देखें कि कौन मतदान करने आया और कौन नहीं। जो नहीं आया, उसे किसी भी तरह मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर लाना आपकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आपके बूथ में दस कार्यकर्ता हैं। एक कार्यकर्ता कम से कम 30 वोटर को इकट्ठा करे और उन्हें गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर पोलिंग बूथ तक लाएं। हर बूथ पर पिछली बार की तुलना में 370 अधिक वोट पड़ने चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि दूसरा आग्रह है कि हमारे बूथ पर पिछली बार जितने वोट मिले थे उसका हिसाब लगा लीजिए। इस बार वो रिकॉर्ड तोड़ना है। जिस तरह धारा 370 हटाने के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था, इस सपने को हमने पूरा किया है। मेरे जीवन की सबसे बड़ी घटना जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में बड़ी संख्या में मतदान होते देखना है। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य के संकेत हैं। (शेष पेज 9)




# आप ने माना हुआ था हमला केजरीवाल बोले कार्रवाई होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम आदमी** पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी का मामला तूल पकड़ लिया है। इस मामले में चुप्पी तोड़ते हुए आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बदसलूकी की बात स्वीकार करते हुए कहा कि यह एक बेहद निंदनीय घटना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूरी घटना का संज्ञान में लिया है और सीएम के निजी सहायक विभव कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर मालीवाल ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

संजय सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीएम आवास पर एक बहुत ही निंदनीय घटना घटी। मालीवाल सोमवार सुबह अरविंद केजरीवाल के आवास पर मिलने के लिए पहुंची थीं। वह ड्राइंग रूम में बैठ कर इंतजार कर रही थीं। इस बीच विभव कुमार वहां आते हैं और उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ बदतमीजी, अभद्रता की। मालीवाल ने इस पूरे मामले की जानकारी 112 नंबर पर कॉल करके दिल्ली पुलिस को दी। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूरी घटना का संज्ञान में लिया है और इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई करने के कहा है। स्वाति देश और



समाज के लिए बड़े काम किए हैं। वो पार्टी की पुरानी और वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। हम सब उनके साथ हैं। इस पूरे घटनाक्रम को मुख्यमंत्री ने निश्चित रूप से गंभीरता से संज्ञान मे लिया है और इसपर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ऐसे लोगों का बिल्कुल समर्थन नहीं करती है। पुलिस को अभी तक औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई घटना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि संजय सिंह ने मारपीट की बात स्वीकार की है। अब पुलिस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करे। घटना शर्मसार करने वाली है क्योंकि एक महिला के साथ (शेष पेज 9)

# बढ़ी थोक मुद्रास्फीति: खाना हुआ महंगा, जेब हुई हल्की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा चुनाव** के बीच अप्रैल में थोक महंगाई में बढ़ोतरी हुई है। पिछले माह थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 माह के उच्चस्तर 1.26% पर पहुंच गई है। इससे एक माह पूर्व मार्च 2024 में यह 0.53% रही थी। अभी तक कीमतों के रुख को देखते हुए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के मई और जून में दो प्रतिशत के पार जाने का अनुमान है। खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से सब्जियों की बढ़ती कीमतें थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई और जून में चिंता का कारण बन सकती है क्योंकि भीषण गर्मी में जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मई और जून के महीनों में गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी की है, जिसके चलते जब सब्जियों और खाद्य पदार्थों की कीमतें सामान्य रूप से बढ़ती हैं।

देश में आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं के बीच बेरोजगारी और मुद्रास्फीति चर्चा के प्रमुख मुद्दे हैं। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने अप्रैल में खाद्य पदार्थों व सब्जियों की मुद्रास्फीति 19.52 प्रतिशत से बढ़कर 23.60 प्रतिशत थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति भी सालाना आधार पर बढ़कर 5.52 प्रतिशत हो गई, जबकि खाद्य मुद्रास्फीति दर 1.94 प्रतिशत बढ़ी। आंकड़ों से पता चलता है कि प्याज की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो मार्च में 56.99 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अप्रैल में 59.75 प्रतिशत बढ़ गई। इस वृद्धि का कारण अगली खरीफ फसल तक प्याज की आपूर्ति में बड़ी कमी को बताया गया, जो वर्तमान परिदृश्य से उलट होने की उम्मीद है। आलू की महंगाई दर मार्च के 52.96 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 71.97 प्रतिशत हो गई। प्याज में यह 59.75 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 56.99 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक थोक व्यवसायों द्वारा व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के विपरीत, जो उपभोक्ताओं द्वारा खरीदी गई वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों को ट्रैक करता है, डब्ल्यूपीआई फैक्ट्री गेट की कीमतों को ट्रैक करता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय हर महीने की 14 तारीख या अगले कार्य दिवस पर थोक मूल्य सूचकांक डेटा जारी करता है। सूचकांक के तहत, वस्तुओं को तीन



समूहों में वर्गीकृत किया गया है, प्राथमिक वस्तुएं (जिन्हें आगे खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं में विभाजित किया गया है), ईंधन और बिजली और निर्मित उत्पाद। आंकड़ों के अनुसार, विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही। मार्च में यह 0.85 प्रतिशत थी। अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के उलट है। आरबीआई मौद्रिक नीति बनाते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई ने पिछले महीने लगातार सातवीं बार नीतिगत ब्याज दर रेपो को यथावत रखा था। आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति की बैठक पांच से सात जून को होनी है।

अप्रैल लगातार छठा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) सात महीने की अपस्फीति के बाद साल-दर-साल आधार पर बढ़ा है। महीने-दर-महीने के आधार पर, अप्रैल में प्राथमिक वस्तुओं और खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ डब्ल्यूपीआइ 0.8 प्रतिशत ऊपर थी, जबकि विनिर्मित उत्पाद 0.5 प्रतिशत ऊपर थे। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर बढ़कर 7.74 फीसदी हो गई, जो मार्च में 6.88 फीसदी थी। ईंधन और बिजली की दर में, मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.38 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने में (-)0.77 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा, अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण, अन्य विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में 0.42 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई।

# फर्जी खबरें युवाओं के मतदान निर्णयों को करती हैं प्रभावित

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर तेजी से बढ़ती फर्जी खबरों के खतरे पर बढ़ती चिंताओं के बीच, राष्ट्रीय राजधानी के युवाओं और पात्र मतदाताओं पर किए एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि फर्जी खबरें और सोशल मीडिया की बातें जेन-जेड (दूसरी सबसे युवा पीढ़ी, जिसका जन्म 1997 और 2012 के बीच हुआ है)के मतदान के निर्णयों को प्रभावित करतीं हैं। संचार परामर्श फर्म द 23 वॉट्स की एक रिपोर्ट 'ट्रूथ बी टोल्ड' राष्ट्रीय राजधानी में युवाओं, विशेषकर जेन-जेड पर इस घटना के प्रभाव की गहराई से पड़ताल करती है, जिससे पता चलता है कि उनमें से 91 प्रतिशत का कहना है कि हो सकता है कि यह मतदान निर्णयों को प्रभावित करें।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

इतना ही नहीं, इनमें से 90 प्रतिशत जेन-जेड, जिनमें पहली बार मतदाता भी शामिल हैं, चुनाव जैसे राष्ट्रीय आयोजनों के दौरान फर्जी समाचार के प्रसार में वृद्धि देखते हैं। जो बात इस आंकड़ों को और अधिक तकलीफदेह बनाती है वह यह है कि सोशल मीडिया फ़ीड की अनंत दुनिया में, जेन-जेड (दूसरी सबसे युवा पीढ़ी, जो 1997 और 2012 के बीच पैदा हुई है), ऑनलाइन समाचार उपभोग में सबसे आगे हैं। कहानियों, समाचारों



और विचारों को ऑनलाइन देखने और साझा करने वालों में से आधे से अधिक की उम्र 25 वर्ष से कम है, जो आंकड़ों को अध्ययन के लिए अधिक प्रासंगिक बनाता है। इसके अलावा, 80 फीसदी आबादी फर्जी खबरों के प्रभाव के आधार पर अपनी धारणाओं और विचारों को बदल देती है, जिसका मतलब है कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करने के लिए विभिन्न मशीनरी तैनात करके पार्टी का लक्ष्य अपनी कहानी को तैयार करना है जो युवा दिमागों के दिमाग और वचार निर्माण को प्रभावित करती है।

अपने फॉलोअर्स के साथ फर्जी खबरें साझा करने के लिए केवल एक क्लिक की आवश्यकता होती है और कई प्रभावशाली लोग और मीडिया आउटलेट इसका उपयोग अपने लाभ के लिए करते हैं। 59 प्रतिशत से अधिक जेन-जेड सनसनीखेज बातों के जाल में फंस जाते हैं और फर्जी खबरें साझा करने लगते हैं। रिपोर्ट से पता चलता है कि एक तिहाई से अधिक उत्तरदाताओं ने भावनात्मक प्रतिक्रिया और कुछ तोड़ने वाली बात साझा करने की इच्छा के रूप में फेक न्यूज साझा की। यह इस पीढ़ी के विरोधाभास से उपजा है जो क्षणों और यादों को साझा करना चाहते हैं जो बदले में उन्हें चलते-फिरते समाचार साझा करने के लिए प्रेरित कर रहा है।दिल्ली के जेन जेड के 62 प्रतिशत से अधिक लोगों का मानना है कि फर्जी खबरें न केवल धारणाओं को गुमराह करती हैं बल्कि प्रतिष्ठा को सुधारने और नुकसान पहुंचाने के एक उपकरण के रूप में भी काम करती हैं। इसके अलावा, (शेष पेज 9)

# चुनाव आयोग ने 425 में से 400 शिकायतों का निपटारा किया

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

## ● लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद रिकॉर्ड समय में समाधान का दावा

**भारत के** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव शुरू होने बाद से करीब एक महीने के दौरान प्राप्त कुल 425 प्रमुख शिकायतों में से 400 शिकायतों का रिकॉर्ड समय के दौरान निपटाने का दावा किया है। चुनाव निगरानी संस्था ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों द्वारा क्रमशः लगभग 170, 95 और 160 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों पर कार्रवाई की गई है। कांग्रेस और भाजपा की एक-दूसरे के खिलाफ कुछ शिकायतें लंबित हैं, जिसमें शीर्ष स्टार प्रचारकों द्वारा सांप्रदायिक, जाति, क्षेत्रीय भाषा विभाजन या भारत के संविधान की पवित्रता पर विभाजनकारी बयानों के साथ-साथ एमसीसी के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। अब तक, 16 राजनीतिक दलों के 25 प्रतिनिधिमंडलों ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए आयोग से मुलाकात की है। इसके अलावा, कई प्रतिनिधिमंडलों ने राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है।

लोकसभा चुनाव की 16 मार्च की घोषणा के बाद से आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वयन पर अपनी दूसरी रिपोर्ट जारी करते हुए, चुनाव आयोग ने कहा कि उसने कुछ कांग्रेस और कुछ भाजपा द्वारा मिली 90 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निपटारा कर दिया है और अन्य पार्टियों की ओर से कोई भी बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आदर्श आचार संहिता के (शेष पेज 9)

# मोदी ने बड़ी जीत के प्रति जताया भरोसा

## ● प्यार और आशीर्वाद देने के लिए काशी की जनता का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सबसे पहले पीएम मोदी ने सभी कार्यकर्ताओं को थैंक्यू कहा और एक जून तक अपना उत्साह और उमंग बनाए रखने के साथ-साथ प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का ये प्यार, ये उत्साह, ये आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। पीएम ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है। पीएम मोदी ने कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि यदि आप सभी कार्यकर्ता इजाजत दें तो आपसे कुछ कहना चाहता हूं। आपसे इतना ही कहना है, थैंक्यू। पीएम ने कहा कि 2014 में भी यहां रोड शो किया था और 2019 में भी रोड शो किया था, देश भर में इन दिनों सप्ताह में तीन-चार रोड शो कर रहा हूं, लेकिन कल रोड शो के सारे रिकॉर्ड आपने तोड़ दिए। इसके लिए आपके माध्यम से जनता जनार्दन को सर झुकाकर धन्यवाद करना चाहूंगा। आज जो आप कर रहे हैं जीवन के कई वर्ष तक इस काम को मैंने भी किया है। संकल्प पूरा होने की खुशी एक कार्यकर्ता से ज्यादा किसी और को नहीं होती। उन्होंने कहा कि काशी में जो कुछ भी विगत दस वर्ष में हुआ है वो सब आपकी वजह से हुआ है। इसलिए पक्का भरोसा है कि इस बार भी आप संभाल लेंगे। आप चुनाव जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पीएम मोदी ने एक-एक पोलिंग बूथ जीतने का मंत्र देते हुआ कहा कि साथियों मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है। कोई कहे कुछ भी, लेकिन इसके लिए कड़ी मेहनत लगती है। ये जुलूस, नारे, रोड शो इससे चुनाव में बूथ पर असर नहीं पड़ता। हार-जीत से फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन अगर मतदान प्रतिशत में पीछे रह जाएं तो काशी का प्रतिनिधि होने के नाते क्या मुंह दिखाउंगा। इसलिए पोलिंग बूथ जीतना ही संकल्प होना चाहिए। पोलिंग बूथ जीतने का तरीका क्या होना चाहिए? मतदान को लोकतंत्र के उत्सव में बदल दीजिए। अभी आपके पास 14 दिन हैं, इस दौरान पोलिंग बूथ पर उत्सव मनाएं। पूरे पोलिंग बूथ में जितनी सोसायटी हैं, मोहल्ले हैं उन्हें आमंत्रित करें और वहां रंगोली व अन्य कार्यक्रम आयोजित करें। यही नहीं, जिस दिन मतदान करने जाएं तो देखें कि कौन मतदान करने आया और कौन नहीं। जो नहीं आया, उसे किसी भी तरह मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर लाना आपकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मान लीजिए कि आपके बूथ में दस कार्यकर्ता हैं। एक कार्यकर्ता कम से कम 30 वोटर को इकट्ठा करे और उन्हें गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर पोलिंग बूथ तक लाएं।

# काशी में मोदी के स्वागत व अभिनंदन को आतुर दिखा जनमानसः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

## ● सीएम बोले, फिर एक बार मोदी सरकार की अगुआई करेगी काशी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी का हर जनमानस अपने सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-अभिनंदन के लिए आतुर दिखा। देश के कोटि-कोटि और लोकतंत्र के प्रति आग्रही, मानवता के कल्याण के प्रति सजग दुनिया के हर नागरिक की निगाह रोड शो व नामांकन कार्यक्रम पर रही। प्रधानमंत्री के नामांकन और सोमवार को उनके आगमन पर काशीवासियों का उमंग, स्नेह देखकर देश-दुनिया अभिभूत है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी ने दस वर्ष तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उन्होंने मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सीएम ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है, क्योंकि काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में पीएम का जुड़ाव प्रेरणादायी है।

सीएम ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में मोदी जी ने भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने, सुरक्षा को पुख्ता करने, आतंकवाद-नक्सलवाद का स्थायी समाधान निकालने, विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करने, गरीब कल्याणकारी योजनाओं की नई श्रृंखला को बढ़ाने और आजाद भारत में आस्था को पहली बार सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। काशी में उनके नामांकन पर दुनिया कौतूहल व आश्चर्य से निगाह लगाई थी। सीएम ने कहा कि काशी नई पहचान बना रही है। दस वर्ष में हुए परिवर्तन का मूर्त रूप नई काशी में दिखने को मिलता है। काशी ने दुनिया को अपनी तरफ आकर्षित किया है। काशी किसी भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समिट को सकुशल संपन्न करती है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम AJAY KUMAR से बदलकर AJAY GAUTAM कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AJAY GAUTAM S/o Raja Bhaiya 12, Dikhitvara Atarra,Banda,UP

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से नेमतउल्लाह लिख गया है जबकि मेरा सही नाम नेमतउल्लाह खान है भविष्य में मुझे नेमतउल्लाह खान के नाम से जाना वह पहचान जाए नेमतउल्लाह खान पुत्र हफीजुल्ला खान ग्राम मनवागढ़ परगना सादुल्लाह नगर उतरौला बलरामपुर उत्तर प्रदेश

**सूचना**

मैं रश्मि अग्रवाल पत्नी कपिल अग्रवाल निवासी 120/380 लाजपत नगर, कानपुर। अपने पुत्र DEO अग्रवाल का नाम DEV अग्रवाल बदल रहे है। भविष्य मे उसे DEV अग्रवाल से ही जाना जाएगा।

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री का नाम AMBEYA PRAVEEN से बदलकर AMBIYA PARVEEN कर लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। NASRA PARVEEN W/o Mahtab Alam 177/122A, Mehdauri Gaon, Teliyarganj, Prayagraj

**सूचना**

मैने अपना नाम ABHISHEK TIWARI से बदलकर ABHISHEKH TEWARI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ABHISHEKH TEWARI S/o Deenanath Tiwari,18A, Auckland Road, Harsh Vihar, Prayagraj

**सूचना**

मैने अपना नाम RAMA KANT से बदलकर RAMAKANT TRIPATHI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। RAMAKANT TRIPATHI S/o Ram Lakhan, Sanda Sanee,Banda, UP

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैय्यद जैनुल अशरफ के स्कूल दस्तावेज में उसकी जन्मतिथि त्रुटि के कारण 05.07. 2009 अंकित हो गयी है। जबकि उसकी सही जन्मतिथि 05.07.2008 है। सैय्यद जैनुल अशरफ की जन्मतिथि 05.07.2008 दर्ज किया जाये। सैय्यद मोहम्मद नूरानी पुत्र सैय्यद मो. हाशमी–544/111 एन, ख्वाजा कॉलोनी, एकता नगर, कैम्पवेल रोड लखनऊ।

# पीएम के मिशन व विजन से नई ऊंचाइयों को छू रहा भारतः राजनाथ

## ● लखनऊ के विकास में पीएम मोदी व सीएम योगी का पूरा सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रक्षा** मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरा सहयोग मिला। मैंने जो भी कहा, क्षण भर भी विलंब किए बिना सीएम योगी ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की। यही कारण है कि लखनऊ का विकास तेजी से हुआ है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ी है। पहले भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी बात कहता था तो उसकी बातें गंभीरता से नहीं ली जाती थीं, लेकिन आज आज भारत बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उनके मिशन, विजन और पैशन के कारण भारत ऊंचाइयों को हासिल कर रहा है। हर क्षेत्र में भारत तेजी से बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री, लखनऊ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ के अवध चौराहा पर आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि पाकिस्तान के सांसद फजलुर्रहमान ने कहा कि भारत इतनी तेजी से विश्व की महाशक्ति बन रहा है, लेकिन पाकिस्तान अपने को बर्बादियों से बचाने के लिए विश्व से भीख मांग रहा है। सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है। रक्षा मंत्री ने विश्वास दिलाया कि लखनऊ के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपने को साकार कर हमने धरातल पर उतारने की कोशिश की है और आगे भी करता भी रहूंगा। लखनऊ दुनिया में दसवें नंबर पर है और मेरी कोशिश होगी कि यह पांचवें नंबर पर आ जाए। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ के विकास के लिए सीएम ने पूरा सहयोग दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें संसद के दोनों सदन में बहुमत मिल गया तो चुटकी बजाकर धारा-370 समाप्त कर दिया। जम्मू-कश्मीर का वही दर्जा है, जो अन्य राज्यों का है। हमने वादा किया और अयोध्या की धरती पर राम मंदिर बन गया है। भगवान राम कुटिया से निकलकर महल में प्रवेश कर चुके हैं। मेरा विश्वास है कि भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा।

भारतीय जनता पार्टी यूं ही नहीं संस्कार वाली पार्टी कही जाती है। कभी अपनी रैलियों में पिता व चाचा की बेइज्जती करने वालों विपक्षी दलों के लिए मंगलवार को लखनऊ की भाजपा रैली नजीर बन गई। मंच संचालक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पहले संबोधन के लिए आमंत्रित किया, जिस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तत्काल रोक दिया। उनका इशारा था कि श्रेष्ठ का पाथेय बाद में प्राप्त होना चाहिए, इसलिए पहले मुझे-फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाओ। वहीं योगी आदित्यनाथ राजनाथ सिंह को श्रेष्ठ मानते हुए बाद में संबोधन के लिए आमंत्रित करने का आग्रह कर रहे थे। दोनों बड़े नेताओं की यह संजीदगी और सरलता देख हर कोई वाह-वाह कर उठा।

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HLAPBRL00205327 1. अमित अग्रवाल प्रोपराइटर सुमित प्लास्टिक ट्रेडर्स 2. सुमित कुमार अग्रवाल 3. मंजू अग्रवाल 4. अरविंद कुमार अग्रवाल 5. रचित कुमार अग्रवाल | मकान बेअरिंग पुराना प्रोपर्टी नंबर 134, नया प्रोपर्टी नंबर 108, जिसका क्षेत्रफल 123.37 वर्ग मीटर है (मापित क्षेत्र पूर्व में 50 फीट, पश्चिम में 47.6 फीट, उत्तर में 27 फीट और दक्षिण में 27.6 फीट है) जुल्फिकार गंज में स्थित है, बरेली 243001, उत्तर प्रदेश | 04.04.2024 | रु. 56,46,212.07/- (रुपए छप्पन लाख छियालीस हजार दो सौ बारह और सात पैसे मात्र) 06.05.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वगीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : बरेली

# अटल के सपनों को राजनाथ सिंह ने किया साकारः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैंट स्थित अवध चौराहे पर जनसभा को संबोधित किया। रक्षामंत्री और लखनऊ के वर्तमान सांसद व लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सांसद के रूप में राजनाथ सिंह का कार्यकाल पूरी तरह लखनऊ के विकास के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ स्मार्ट सिटी के रूप में नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं और पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी आ चुकी है। फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार का स्वर पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश सबसे अधिक लोक सभा सांसद देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी संसदीय सीट पर अपना नामांकन करके एक बार फिर देश को और दुनिया को बताया है कि जब कोई व्यक्ति बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं और समाज के प्रत्येक तबके के लिए काम करेगा, देश के प्रति पूर्ण समर्पण भाव के साथ काम करेगा और देश के सम्मान को आगे बढ़ाएगा तो जनता उसे सिर आंखों पर बिठा लेगी। सीएम योगी ने कहा कि वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो पूरे देश ने देखा, जनता लाखों की संख्या में उमड़ करके प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए सड़कों पर उतार गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ का सौभाग्य है कि जो सपना अटल जी ने देखा था वह रक्षामंत्री के नेतृत्व में एक-एक करके साकार हुआ है। अटल जी की सबसे बड़ी प्रतिमा रक्षामंत्री जी के ही आह्वान पर लोक भवन के अंदर लगी है। प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी भी इसी लखनऊ में अटल जी के नाम पर बनी है।लखनऊ की यातायात की रीढ़ और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान पथ का शुभारम्भ राजनाथ सिंह जी ने किया था। फिर रक्षामंत्री के रूप में उन्होंने किसान पथ की सौगात लखनऊ को दी। उन्होंने कहा कि पहले लखनऊ स्टेशन पर लिखा मिलता था कि मुस्कुराएं आप लखनऊ में हैं, लेकिन यहां मुस्कुराने लायक कोई ऐसी स्थिति नहीं दिखती थी। मगर आज स्मार्ट सिटी के रूप में लखनऊ ने जो नए प्रतिमान स्थापित किए हैं वह भी आपके सामने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नया भारत सुरक्षित है, इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और रक्षामंत्री जी के नेतृत्व में आज रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर हो चुका है। आज भारत की ब्रह्मोस मिसाइल का केंद्र भी लखनऊ हो चुका है। यहां पर बनने वाली मिसाइल जब भारत की सीमाओं पर गूंजती है, तो दुश्मन के छक्के छूटते हैं। आज अगर कहीं पर कोई पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान कहता है कि साहब मेरा हाथ नहीं है, क्योंकि उसे मालूम है कि लखनऊ में बनने वाली मिसाइल का मुंह अगर कहीं उधर हो जाए तो फिर क्या होने वाला है।

सीएम योगी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर और गरीब कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज भारत में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो चुका है। हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम, एम्स या फिर वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल देश में फैल चुका है। लखनऊ पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से भी जुड़ रहा है। किसान पथ ने भी इसको एक नई गति दी है। ग्रीन कॉरिडोर जो लखनऊ के अंदर स्वयं यहां की यातायात की समस्या का समाधान कर रहा है और लखनऊ की पहचान गोमती को भी पुनर्जीवित करने के दिशा में प्रयास प्रारंभ हुए हैं।

JM FINANCIAL
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट पहचान सं. U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय का पता: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
फोन: + 91 22 6630 3030 फैक्स: +911 22 6630 3223, www.jmfinancialarc.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) पठित, पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने सभी अधिकारों, टाईटल और उस पर ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा ब्याज के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (''सरफेसी अधिनियम'') की धारा 5(1)(बी) के तहत दिनांक 29 मार्च, 2023 (''असाइनमेंट एग्रीमेंट'') के पक्ष में एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से जेएमएफएआरसी (जेएम) (यहां सहायक के रूप में संदर्भित)। अधोहस्ताक्षरी (जेएम) असाइनी का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है निम्नलिखित उधारकर्ताओं (''उक्त उधारकर्ता'') को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर जेएम को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, नीचे दर्शाई गई राशियाँ, उक्त मांग नोटिस में दिए गए विवरण के अनुसार अतिरिक्त ब्याज के साथ , यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियाँ क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा जेएम को बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि एनपीए की तिथि सहित | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (लखनऊ - लालबाग शाखा का एलसी नं. 19300043342) फैज हैदर रिजवी (उधारकर्ता) कामिनी रिजवी (सह-उधारकर्ता 1) | 23.04.2024 / रु. 19,72,843/- (रु. उन्नीस लाख बहत्तर हजार आठ सौ तैतालीस मात्र) एनपीए (08-11-2022) | फ्लैट नं. 203, दूसरी मंजिल, जो खसरा नं. 3 और 3ए और 89/3 पर निर्मित, नवी उल्लाह रोड वार्ड-वजीरगंज, तहसील-लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश-226018 |
| (आगरा शाखा का एलसी नं. 23400003184) मिर्जा गयास (उधारकर्ता) सहनाज बेगम (सह-उधारकर्ता 1) | 23.04.2024 / रु. 29,32,584.04 (रु. उनतीस लाख बत्तीस हजार पाँच सौ चौरासी और पैसे चार मात्र) एनपीए (13-10-2023) | मकान नं. 144(एमआईजी) प्रथम तल ताजनगरी योजना पहला राउंड ताजगंज वार्ड, आगरा आगरा उत्तर प्रदेश - 282001 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नं. 24000002933) अभिषेक कुमार (उधारकर्ता) आकांक्षा सचान (सह-उधारकर्ता 1) | 23.04.2024 / रु. 3,42,456/- (रु. तीन लाख ब्यालीस हजार चार सौ छप्पन मात्र) एनपीए (08-01-2023) | प्राइवेट प्लॉट नं. 1 और 2, आराजी नं. 267, डीपीएस और नरेगा रोड, पिपौरी, कानपुर कानपुर शहरी उत्तर प्रदेश-208001 |
| (यमुनानगर शाखा का एलसी नं. 29200000774) खुर्रम पुत्र शहजाद अहमद (उधारकर्ता) शहजाद खान (सह उधारकर्ता 1) | 23.04.2024 / रु. 12,15,443/- (रु. बारह लाख पद्रंह हजार चार सौ तैतालीस मात्र) एनपीए (09-07-2023) | प्लॉट नं. 17, खसरा नं. 959/2,960 अलीशान बैंक्वेट हॉल के पास दारा आली इंद्रा चौक सहारनपुर सहारनपुर उत्तर प्रदेश- 247001 |
| (इलाहाबाद शाखा का एलसी नं. 29400000239) ब्रिजेश कुमार (उधारकर्ता) साधना सिंह (सह-उधारकर्ता 1) | 23.04.2024 / रु. 39,23,534/- (रु. उनतालीस लाख तेईस हजार पाँच सौ चौतीस मात्र) एनपीए (08-08-2023) | गाटा संख्या 822, ग्राम महमूदपुर, परगना, तह. एवं जिला. अमेठी अमेठी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश - 227405 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार जेएम को भुगतान करने में विफल रहेंगे, जेएम उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर कार्रवाई करेगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड हेतु उत्तरदायी होगा।

तिथि : 15.05.2024
स्थानः उत्तर प्रदेश

हस्ता/-(प्राधिकृत अधिकारी)
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
अराण्य - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता से कार्यरत

# बड़बोले भाषण व झूठ की भरमार, ऐसी रही 10 साल की मोदी सरकारः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## ● न गंगा हुई साफ न काशी से किया क्योटो का इंसाफ

**कांग्रेस** पार्टी ने काशी की महिमा का बखान करते हुए कहा है कि आज से ठीक 10 साल पहले नरेन्द्र मोदी वाराणसी अपना पहला चुनाव लड़ने आए थे। अप्रैल 2014 में नामांकन भरते वक्त उन्होंने जो पहला वाक्य कहा था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है, और माँ गंगा की सफाई के बड़े-बड़े वादे काशी से किए थे। फिर काशीवासियों को कहा कि मैं काशी को क्योटो बनाने आया हूं। साथ ही यह भी कहा था कि वाराणसी में पोर्ट बनाऊंगा जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने फिर आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया और उन गांवों में पानी, सड़क, शौचालय, सबको आवास, जैसे कई बढ़-चढ़ कर वादे किए। आज 10 साल बाद मोदी पुन: अपना नामांकन वाराणसी से भर रहे हैं सब जानते हैं मोदी के-वादों की वास्तविकता का अंतर-न की गंगा की सफाई, आज फिर दी मां गंगा की दुहाई।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे, उप्र कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सी0पी0 राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी एवं चित्रा निषाद बाथम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास द्वारा संयुक्त वार्ता के दौरान उक्त विचार व्यक्त किए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंगा की सफाई को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि सफाई नहीं कर रहे हैं या सफाई करना ही नहीं चाहते हैं। इसके पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा था कि गंगा की एक बूंद भी साफ नहीं है। जनवरी 2024 में कोर्ट ने कहा कि माघ मेला शुरू हो रहा है, गंगा का पानी गंदा है, नालों का पानी सीधे गंगा में जा रहा है। इस पर सरकार ने स्वयं कोर्ट को बताया कि 40 फीसदी सीवर का पानी अभी भी सीधे गंगा में छोड़ा जाता है। मोदी खुद पर हजारों फूलों की वर्षा करा रहे हैं, उनके गोद लिए गांव अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

मोदी ने वादा किया था कि हम ग्राम स्वराज लेकर आयेंगे सभी के लिए घर होगा, उसके बाद कहा था सूचना से सशक्तिकरण अर्थात सभी ग्राम पंचायतों को वाई-फाई से कनेक्ट किया जायेगा सभी गांवों में सीवरेज लाइन डाली जायेगी और कहा था कि रोबस्ट रोड कनेक्टीविटी होगी।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद ALLAHABAD

मण्डलीय कार्यालय लखनऊ: न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ–226001
फोन: 0522–2286272, 2287283, फैक्स: 0522–2288033, ई–मेल: zolucknow@indianbank.co.in

| | |
|---|---|
| मेसर्स भारत ट्रेडर्स (फर्म) | डेलावर अली प्लाजा, मोतीलाल बोस रोड, नयागांव पूर्व, लखनऊ–226018 |
| श्री मीर वासिफ राजवी (प्रोपराइटर) | मकान सं. 370/200, हाता नूर बाग, शहादतगंज, लखनऊ–226003 |
| मो. नियाज़ अहमद (जमानतकर्ता) | पुत्र खलील अहमद, 458/94, शिवपुरी, हुसैनाबाद, लखनऊ–226003 |

**मण्डलीय कार्यालय लखनऊ के तहत रजनीखण्ड शाखा के मेसर्स भारत ट्रेडर्स को विलफुल डिफॉल्टर के अनुसार कारण बताओ नोटिस**

उधारकर्ता के अनुरोध पर, बैंक ने अपनी रजनीखंड शाखा के माध्यम से मेसर्स भारत ट्रेडर्स को गैर–बुने हुए बैग के निर्माण के लिए 0.83 करोड़, जहां पहला उधारकर्ता फर्म है, दूसरा प्रोपराइटर है और तीसरा जमानतकर्ता दस्तावेज/समझौता निष्पादित किया गया है।

उधारकर्ता ने मंजूरी की शर्तों के अनुसार बैंक को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है। हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, उधारकर्ता जानबूझकर खाते को नियमित करने में विफल रहा है और अंततः आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार उपरोक्त खातों को 28.09.2017 को गैर–निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

बैंक ने खाते के संचालन और मंजूरी के नियमों और शर्तों का अनुपालन न करने में कई कदाचार देखे हैं और अधिक विशेष रूप से रेखांकित किए गए जो विलफुल डिफॉल्टर करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहियों में से हैं।

| विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषणा करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहीयों में से इकाई/कम्पनी, जो है/हो की कार्यवाही | कारण और सबूत जो इकाई/कम्पनी की कार्यवाही को साबित करते हैं और विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषित किए जाने के औचित्य का भी समर्थन करते हैं। |
|---|---|
| खंड 2.1.3(ए) – भुगतान करने की क्षमता लेकिन भुगतान करने को तैयार नहीं: इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है, भले ही उसके पास उक्त दायित्वों को पूरा करने की क्षमता हो। | उधारकर्ता एवं जमानतकर्ता का संयुक्त शुद्ध मूल्य मंजूरी के समय अर्थात् 03.06.2016 को रु. 2.40 करोड़ था। इस प्रकार, उधारकर्ता के पास क्षमता है लेकिन उसने जानबूझकर बैंक का बकाया नहीं चुकाया है। |
| खंड 2.1.3(सी) – निधियों की निकासी: इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/ पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और धन की हेराफेरी की है, जिससे धन का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं किया गया है जिसके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था, और न ही इकाई का अन्य परिसंपत्तियों का फॉर्म में धन उपलब्ध है। | श्री मीर वासिफ रज़वी ने सेक्टर ई, अलीगंज लखनऊ में स्थित प्लॉट संख्या सी/123 को गिरवी रखकर रजनीखंड शाखा से 03.06.2016 को रुपये 0.83 करोड़ का ओडी ऋण प्राप्त किया। श्री मीर वासिफ रज़वी ने विलेख की श्रृंखला के साथ मूल स्वामित्व विलेख जमा कर दिया है। खाता एनपीए होने पर बैंक ने वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी है। वसूली की कार्रवाई करते हुए जब शाखा ने उक्त भूखंड के मालिक के संबंध में एलडीए से पूछताछ की, तो एलडीए ने अपने पत्र दिनांक 08.11.2017 के माध्यम से सूचित किया कि उक्त भूखंड श्री रामजानकी रस्तोगी को आवंटित किया गया है और उधारकर्ता श्री मीर वासिफ रज़ावी द्वारा कागज प्रस्तुत किया गया है। इससे स्पष्ट रूप से उधारकर्ता के गलत इरादे का पता चलता है और उधारकर्ता ने निधि की हेराफेरी करके ऋण का दुरुपयोग किया। |

उधारकर्ता, प्रोपराइटर और जमानतकर्ता की ओर से जानबूझकर चूक के उपरोक्त साक्ष्य की जांच कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता वाली बैंक की जानबूझकर चूककर्ता स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई है। समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि विलफुल डिफॉल्ट की एक घटना घटी है।

ध्यान दें कि आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत उधारकर्ता फर्म मेसर्स भारत ट्रेडर्स, इसके प्रोपराइटर श्री मीर वासिफ राजवी और जमानतकर्ता मो. नियाज़ अहमद को उपरोक्त कारणों से बैंक द्वारा जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया है।

यदि आप चाहें, तो आप इस पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर बैंक को इस संबंध में एक अभ्यावेदन/प्रस्तुति दे सकते हैं। इसके अलावा यदि आप चाहें तो व्यक्तिगत सुनवाई भी दी जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर उक्त व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई प्रतिनिधित्व और/या कोई अनुरोध प्राप्त नहीं होता है या बैंक आपके द्वारा किए गए प्रतिनिधित्व/प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं है, तो बैंक घोषित करने के अपने निर्णय के साथ आगे बढ़ेगा। उधारकर्ता एवं प्रोपराइटर का नाम जानबूझकर विलफुल डिफॉल्टर के रूप में बताएंगी और आरबीआई, सीआईबीआईएल और अन्य क्रेडिट सूचना कंपनियां को भी सूचित करेगा और उचित कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

दिनांक: 15.05.2024 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन बैंक

# गैम्बलिंग गेम तैयार कर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**फर्जी** काल सेन्टर खोलकर विदेशी हैकरों द्वारा संचालित किए जा रहे फर्जी टेलीग्राम आईडी के जरिए ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम तैयार कर भोले-भाले लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ ने गिरोह के सरगना मो. दानिश को लखनऊ के इंदिरा नगर से गिरफ्तार किया। जो 14/3 इंदिरा नगर के पते पर रह रहा था और मूल रूप से 9 ए, बेली रोड, नई कटरा, प्रयागराज का रहने वाला है। उसके कब्जे से 2 लैपटॉप और 2 मोबाइल फोन बरामद हुए।

एसटीएफ को सूचना मिली कि धोखाधड़ी करने वाले संगठित गिरोह का सरगना मो. दानिश ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 6 में मौजूद है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया।

मो. दानिश ने बताया कि हम लोग विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाली वेबसाइट से ऑनलाइन टेलीग्राम चैनल खरीदते हैं और टेलीग्राम व डार्कवेब के जरिये कई विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड्स के सम्पर्क में है। खरीदी गयी टेलीग्राम आईडी से वह टेलीग्राम चैनल ग्रुप बनाकर उनमे फर्ज़ी वेबसाइट व लिंक बनाकर लोगों को ऑनलाइन खरीददारी करने के लिए व ऑनलाइन लूडो किंग एप पर बेटिंग करने के लिए इनवाइट करते थे। इसके लिए उसने कई सारे ऑनलाइन पेटीएम, गूगल पे, फोन पे के पेमेंट के फर्ज़ी स्नैपशॉट बनाकर इन फर्ज़ी आइडी पर बने टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता है। जिससे ग्रुप में जुड़े लोग आकर्षित होकर बेटिंग करते हैं, तत्पश्चात उनका पूरा पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है। मो. दानिश द्वारा बताया गया कि उस पर पूर्व में भी ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में बंगलौर साइबर द्वारा मुकदमा दर्ज है।

# अंतरराज्यीय गिरोह की महिला तस्कर गिरफ्तार, दो किलो अफीम बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने लखनऊ के चारबाग स्टेशन से अंतराज्यीय गिरोह की एक महिला तस्कर प्रमिला निवासी झारखंड को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो किलोग्राम अफीम बरामद हुई। एसटीएफ के मुताबिक बरामद अफीम का अंतराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 30 लाख रुपए है।

अभिसूचना संकलन के माध्यम से एसटीएफ को ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह की एक महिला सदस्य हजारीबाग (झारखण्ड) से अफीम की खेप लेकर ट्रेन द्वारा लखनऊ होते हुए बरेली जाएगी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने एनसीबी और जीआरपी के साथ मिलकर महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्ता ने पूछताछ पर बताया कि वह अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह की सक्रिय सदस्य है। इस गिरोह का सरगना झारखण्ड निवासी ओमवीर, जो वर्तमान समय में बरेली में रहता और अवैध मादक पदार्थो की तस्करी कराता है। ओमवीर झारखण्ड के तस्करों से सम्पर्क करके अफीम मंगाता है, जिसे बरेली जनपद के आस-पास के जनपदों एवं पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में अपने कैरियरों के माध्यम से इसकी सप्लाई कराता है। इसे झारखण्ड से बरेली माल पहुंचाने के एवज में प्रति चक्कर 10 हजार रुपए मिलता है।

## 30 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने दी यूपीएमआरसी की भर्ती परीक्षा

**लखनऊ।** यूपीएमआरसी की भर्ती परीक्षा तीसरे दिन सफलतापूर्वक आयोजित हुई। 439 पदों के लिए 3 दिन, 9 चरणों में, 18 शहरों के 57 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। 30 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने यूपीएमआरसी की भर्ती परीक्षा दी। मंगलवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भर्ती परीक्षा के तीसरे एवं अंतिम दिन पर विभिन्न विभागों के कुल 439 पदों के लिए सफलतापूर्वक भर्ती परीक्षा आयोजित कराई। यूपीएमआरसी भर्ती परीक्षाएं आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, बस्ती, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नोएडा, प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में फैले 57 केंद्रों पर आयोजित की गई।

**Declaration about criminal cases -** **Form- C-1**
Name and address of candidate: **Kapil Mohan Chowdhary**
Name of political party: **Mera Adhikaar Rashtriya Dal**
Name of Election : **LOKSABHA General Election 2024 ;**
*Name of Constituency: **35-Lucknow (U.P.)**

I **Kapil Mohan Chowdhary**, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Sections of Act concerned & brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Civil Judge (JD/FTC – CAW) | 4101/2013 (FIR No. 25/99) | Pending | Sections 498a, 323, 504, 506 of IPC and 3/4 D.P. Act (Case based on False allegations) |
| 2. | 18-CJM Barabanki | 110/2023 (FIR No. 1350/2022) | Pending | Sections 323, 504, 506, 307 of IPC (Final Report/case expunged and 182/211 IPC initiated against applicant) |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences : NOT APPLICABLE**

# इंदिरा नगर व कल्याणपुर में आठ रो-हाउस व 2 व्यावसायिक निर्माण सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** की टीम द्वारा इंदिरा नगर व गुड़म्बा क्षेत्र में कार्यवाही की गयी। विहित प्राधिकारी द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील करने के आदेश दिए थे। आदेश पर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध 8 रो.हाउस भवन व दो व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

मंगलवार को एलडीए ने इंदिरानगर, गुड़बा क्षेत्र में दो व्यवसायिक निर्माण और 8 रो हाउस पर कार्रवाई की। जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सलीम सिद्दीकी व अन्य द्वारा कल्याणपुर के आदिल नगर में राम धर्म कांटा के पास लगभग 1000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल व प्रथम तल पर निर्माण कराया जा रहा था। वहीं संजीव कुमार व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के ग्राम.जरहरा में बजरंग चौराहे से पहले लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 8 रो.हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा दुर्गेश कुमार मौर्या द्वारा इंदिरा नगर में तकरोही रोड स्थित बजरंग चौराहे पर लगभग 1000 वर्गफिट के भवन के द्वितीय तल पर व्यावसायिक गतिविधि हेतु हॉल का निर्माण करवाया गया था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन निर्माण कार्यो के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद दर्ज करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में मंगलवार को सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत भवनों को सील कर दिया गया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन

**लखनऊ।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में द्वि-दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र धर्म प्रकाशन लिमिटेड के निर्देशक मनोज कांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि मनोज कांत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा, कि किसी भी लोकतंत्र में एक मत की भी स्वयं में महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि एक मत का मूल्य आने वाले पांच वर्षो का भविष्य निर्धारित करता है। दूसरी ओर मतदान आपके बुद्धि विवेक के जागरण को भी दर्शाता है। इसीलिए सभी नागरिकों को अवश्य ही मतदान करना चाहिए। ऑफ एजूकेशन के संकायाध्यक्ष प्रो राज शरण शाही ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश के पुनर्निर्माण सबसे ज्यादा दायित्व भारत के नौजवानों पर है। इसीलिए भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने एवं महापुरषो के सपनों को साकार करने के लिए मतदान करना बहुत जरुरी है।

# बीबीएयू के समग्र विकास को लेकर कुलपति ने की बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने मंगलवार को गैर शिक्षण संकाय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं गैर शिक्षण संकाय के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ आयोजित इस द्वि- दिवसीय बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय को समग्र विकास के क्षेत्र में पहले से भी बेहतर बनाना है। कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा ने आज विश्वविद्यालय के कुलसचिव , वित्ताधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, डीएसडब्ल्यू, डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स, प्रॉक्टोरियल बोर्ड एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके विश्वविद्यालय में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली एवं भविष्य की कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार की। इसके अतिरिक्त कुलपति ने विश्वविद्यालय के विकास संबंधित गतिविधियों, गैर शैक्षणिक कार्यों एवं निर्धारित उद्देश्यों को तय समय में किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है, इस विषय पर भी चर्चा की।

# व्यापारियों ने निकाला मशाल जुलूस व पैदल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**जिलाधिकारी** सूर्यपाल गंगवार ने मंगलवार को लखनऊ व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित मशाल जुलूस व पैदल मार्च रैली को बाबू केडी सिंह स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीडीओ अजय जैन भी मौजूद रहे। रैली का नेतृत्व लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने किया। इस अवसर पर लखनऊ व्यापार मण्डल की सभी इकाइयों के व्यापारी एवं पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। सभी व्यापारी एक हाथ में मशाल एवं स्लोगन लिखी तख्ती 'चलो उठो वोट करें अपने हक का प्रयोग करें', 'जागरूक मतदान करेंगे, अपने मन का राज चुनेंगे' हम अपना कर्तब्य निभाएंगे, सबसे मतदान कराएंगे' जैसे नारों के साथ हलवासिया मार्केट, हजरतगंज चैराहा होते हुए जीपीओ पार्क पर रैली समापन हुई सभा में तब्दील हो गयी। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने सभी व्यापारियों को मतदान शपथ दिलाई और 20मई को अपने-अपने बूथ पर मतदान अवश्य करने की अपील की, और कहा कि अपने आस-पास के लोगों को भी वोट डलवाने की जिम्मेदारी आपको निभानी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, पवन मनोचा, देवेन्द्र गुप्ता विनोद अग्रवाल, अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा, सुशील तिवारी तिवारी, मनीष वर्मा, सुहैल हैदर अल्वी, जितेन्द्र सिंह चौहान, मनीष गुप्ता, अरविन्द पाठक, सुमित गुप्ता, प्रियांक गुप्ता, मनीष अरोड़ा अशोक मोतियानी अनिल बजाज भारत भूषण गुप्ता राजू शुक्ला रवींद्र गुप्ता नीरज जौहर के साथ सैकड़ो व्यापारी सम्मलित रहे।

# टीम वर्क से नैक में मिलेगी अच्छी ग्रेडिंग

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से संबद्ध संस्थानों को नैक में अच्छी ग्रेडिंग दिलाने के लिए आयोजित तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को नोएडा जोन के संस्थानों का मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो जेपी पांडेय पांडेय ने कहा कि सभी संस्थान नैक में बेहतर ग्रेडिंग पा सकें, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है। ऐसे में संस्थानों की हर संभव मदद की जाएगी। संस्थानों को नैक के लिए टीम वर्क के रूप में कार्य करना होगा। तब बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने बताया कि संबद्ध संस्थानों को नैक मूल्यांकन की विजिट के दौरान पियर रिव्यू टीम से फीडबैक के लिए मैं खुद वर्किंग लंच में ऑनलाइन जुड़ रहा हूं। बतौर विशेषज्ञ एमएमएमयूटी गोरखपुर के प्रो वीएल गोले ने सातो क्राइटेरिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कॉलेज नैक एक्रिडेशन के पहले ऐसे आईडी बना सकते हैं। अच्छी ग्रेडिंग के लिए हर क्राइटेरिया महत्वपूर्ण है। साथ ही एसएसआर यानि सेल्फ स्टडी रिपोर्ट पर भी गंभीरता से कार्य करने की जरूरत होती है। इस क्रम में एचबीटीयू कानपुर की प्रो वंदना कौशिक दीक्षित ने नैक के लिए विशिष्टता और बेस्ट प्रैक्टिसेस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नैक में अच्छी ग्रेडिंग पाना कठिन कार्य नहीं है। बस हमें पूरी योजना और टीम के रूप में कार्य करना होता है। इसमें डेटा की अहम भूमिका होती है। साथ ही डेटा की प्रस्तुति किस प्रकार की गयी है इस पर भी ध्यान देना होता है। धन्यवाद आईक्यूएसी एकेटीयू की डायरेक्टर प्रो वंदना सहगल ने दिया।

# यूपी संवर्ग के 14 प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने डीजीपी से की भेंट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** प्रशांत कुमार से मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश संवर्ग के 2022 बैच के 14 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की।

इन प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों द्वारा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस विभाग की कार्य प्रणाली से भिज्ञ होने एवं डीब्रीफिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय में भेंटवार्ता, भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए आए हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों द्वारा पुलिस मुख्यालय स्थित विभिन्न इकाईयों यथा कानून व्यवस्था, प्रशिक्षण निदेशालय, सोशल मीडिया सेंटर तथा यूपी-112 मुख्यालय एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन/1090, उप्र लखनऊ में भ्रमण कर वरिष्ठ अधिकारियों व स्टाफ के साथ पुलिस कार्यप्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप प्रतिभाग किया गया। डीजीपी द्वारा भेंटवार्ता के दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक रूल्स एण्ड मैनुअल, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** प्रशान्त कुमार के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में अमिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, प्रशान्त कुमार-द्वितीयस पुलिस महानिरीक्षक ई.ओ. डब्लू सहित पुलिस की विभिन्न इकाइयों में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया।

**इंडियन बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Indian Bank** (A Govt. of India Undertaking)
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

मण्डलीय कार्यालय लखनऊः न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोनः 0522-2286272, 2287283, फैक्सः 0522-2288033, ई-मेलः zolucknow@indianbank.co.in

| | |
|---|---|
| मेसर्स साई श्रद्धा मार्बल (ऋणी फर्म) | दुकान सं. एलजीएफ 01, शिवानी आर्केड, देवा रोड, चिनहट, लखनऊ-227105 |
| श्री सभापति मिश्रा (प्रोपराइटर) | पुत्र श्री अवध नारायण मिश्रा, 629/01, नौबस्ता कलां, देवा रोड, चिनहट, लखनऊ-227105 |
| श्री सभापति मिश्रा (आवासीय ऋण के लिए ऋणी) | पुत्र स्व0 मार्कडेय पाण्डेय, 1/282, विजयंत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226028 |

**मण्डलीय कार्यालय लखनऊ के तहत विकास भवन शाखा, बाराबंकी के आवास ऋण के लिए मेसर्स साई श्रद्धा मार्बल और श्री सभापति मिश्रा को विलफुल डिफॉल्टर के अनुसार कारण बताओं नोटिस**

उधारकर्ता के अनुरोध पर, बैंक ने अपनी विकास भवन शाखा, बाराबंकी के माध्यम से 0.30 करोड़ रुपये के आवास ऋण के लिए मेसर्स साई श्रद्धा मार्बल एवं श्री सभापति मिश्रा को रुपये 0.25 करोड़ की सीसी और 0.21 करोड़ की टीएल, जहां पहला उधारकर्ता फर्म है और दूसरा प्रोपराइटर है और तीसरा उधारकर्ता निष्पादित दस्तावेज/समझौता है।
उधारकर्ता ने मंजूरी की शर्तों के अनुसार बैंक को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है। हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, उधारकर्ता जानबूझकर खाते को नियमित करने में विफल रहा है और अंततः आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार उपरोक्त खातों को 31.03.2018 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
बैंक ने खाते के संचालन और मंजूरी के नियमों और शर्तों का अनुपालन न करने में कई कदाचार देखे हैं और अधिक विशेष रूप से रेखांकित किए गए जो विलफुल डिफॉल्टर करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहियों में से हैं।

| विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषणा करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहीयों में से इकाई/कम्पनी, जो है/हो की कार्यवाही | कारण और सबूत जो इकाई/कम्पनी की कार्यवाही को साबित करते हैं और विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषित किए जाने के औचित्य का भी समर्थन करते हैं। |
|---|---|
| **खंड 2.1.3(सी) – निधियों की निकासीः** इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/ पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और धन की हेराफेरी की है, जिससे धन का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं किया गया है जिसके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था, और न ही इकाई का अन्य परिसंपत्तियों का फॉर्म में धन उपलब्ध है। | उधारकर्ता श्री सभापति मिश्रा को विकास भवन शाखा, बाराबंकी द्वारा स्वीकृति संदर्भ संख्या वीबी बीबीके/12/14 दिनांक 16.01.2014 के तहत श्री संजय सिंह सिंगला द्वारा बाराबंकी में विकसित एक परियोजना में आवास उद्देश्य के लिए रु. 30.00 लाख का आवास ऋण स्वीकृत किया गया। इसके अलावा उधारकर्ता फर्म मेसर्स साई श्रद्धा मार्बल को 11.03.2014 को विकास भवन शाखा, बाराबंकी द्वारा अल बैंक ट्रेड योजना के तहत क्रमशः 25.00 लाख और 21.00 लाख रुपये की नकद ऋण सीमा और सावधि ऋण की सुविधा भी स्वीकृत की गई थी। यहां भी गिरवी रखी गई संपत्ति जिसका नाम सिंगला रेजीडेंसी है, श्री संजय सिंगला द्वारा बाराबंकी में विकसित परियोजना का भाग है। दिनांक 02.04.2018 की विजिट रिपोर्ट के अनुसार, सिंगल रेजीडेंसी की दुकान हमेशा बंद रहती है और स्थानीय पूछताछ के अनुसार व्यापार का कोई निशान नहीं है और शिवानी आर्केड की दुकान में भी कोई स्टॉक नहीं है। आगे की जांच के दौरान यह पाया गया कि उधारकर्ता द्वारा आवास ऋण के लिए निर्माण नहीं किया गया था। दोनों खातों में बैंक के पास गिरवी रखी गई संपत्ति का सीमांकन और पहचान नहीं की गई है। इन कमियों के कारण गिरवी रखी गई संपत्ति की प्रवर्तनीयता ख़राब हो जाती है। इसी तरह, विकास भवन शाखा ने 24 ऋण (22 आवास ऋण और 2 व्यवसाय ऋण) स्वीकृत किए हैं, जहां श्री संजय सिंह सिंगला द्वारा प्लॉट बेचे गए थे और इन सभी खातों में, उधारकर्ता द्वारा निर्माण नहीं किया गया था और संपत्ति का सीमांकन और पहचान नहीं की गई थी। इसलिए यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो गया कि उधारकर्ता ने डेवलपर श्री संजय सिंह सिंगला के साथ स्पष्ट मिलीभगत से बैंक को धोखा दिया और फंड की हेराफेरी की। |

उधारकर्ता और प्रोपराइटर की ओर से जानबूझकर चूक के उपरोक्त साक्ष्य की जांच कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता वाली बैंक की जानबूझकर चूककर्ता स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई है। समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि विलफुल डिफॉल्ट की एक घटना घटी है।
ध्यान दें कि आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत उधारकर्ता फर्म, मेसर्स साई श्रद्धा मार्बल और इसके प्रोपराइटर श्री सभापति मिश्रा और आवास ऋण के उधारकर्ता, श्री सभापति मिश्रा को उपरोक्त कारणों से बैंक द्वारा जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया है।
यदि आप चाहें, तो आप इस पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर बैंक को इस संबंध में एक अभ्यावेदन/प्रस्तुति दे सकते हैं। इसके अलावा यदि आप चाहें तो व्यक्तिगत सुनवाई भी दी जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर उक्त व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई प्रतिनिधित्व और/या कोई अनुरोध प्राप्त नहीं होता है या बैंक आपके द्वारा किए गए प्रतिनिधित्व/प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं है, तो बैंक घोषित करने के अपने निर्णय के साथ आगे बढ़ेगा। उधारकर्ता एवं प्रोपराइटर का नाम जानबूझकर विलफुल डिफॉल्टर के रूप में बताएंगी और आरबीआई, सीआईबीआईएल और अन्य क्रेडिट सूचना कंपनियां को भी सूचित करेगा और उचित कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

दिनांकः 15.05.2024 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन बैंक

**इंडियन बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **Indian Bank** (A Govt. of India Undertaking)
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

मण्डलीय कार्यालय लखनऊः न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
फोनः 0522-2286272, 2287283, फैक्सः 0522-2288033, ई-मेलः zolucknow@indianbank.co.in

| | |
|---|---|
| मेसर्स साहिल चिकन (फर्म) | दुकान नंबर-एस4, पहली मंजिल, संजय मार्केट, बी-ब्लॉक, राजाजीपुरम, लखनऊ |
| मो. सईद अहमद (प्रोपराइटर) | पुत्र-श्री सगीर अहमद, मकान सं. 246, नजीम नगर, बुद्धेश्वर विहार (बप्तमऊ), मोहान रोड, लखनऊ-226027 |
| फरीदा खान (जमानतकर्ता) | पत्नी मोहम्मद सईद अहमद, मकान सं. 246, नज़ीम नगर, बुद्धेश्वर विहार (बप्तमऊ), मोहन रोड, लखनऊ-226027 |

**मण्डलीय कार्यालय लखनऊ के तहत रजनीखण्ड शाखा के मेसर्स साहिल चिकन को विलफुल डिफॉल्टर के अनुसार कारण बताओं नोटिस**

उधारकर्ता के अनुरोध पर, बैंक ने अपनी रजनीखंड शाखा के माध्यम से मेसर्स साहिल चिकन को चिकन कपड़े के थोक और खुदरा व्यापार के लिए रु. 0.37 करोड़ का ओडी और रू. .015 करोड़ का टीएल, जहां पहला उधारकर्ता फर्म है, दूसरा प्रोपराइटर है और तीसरा जमानतकर्ता निष्पादित दस्तावेज/समझौता है।
उधारकर्ता ने मंजूरी की शर्तों के अनुसार बैंक को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है। हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, उधारकर्ता जानबूझकर खाते को नियमित करने में विफल रहा है और अंततः आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार उपरोक्त खातों को 31.10.2016 दिनांक 03.10.2016 से प्रभावी को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
बैंक ने खाते के संचालन और मंजूरी के नियमों और शर्तों का अनुपालन न करने में कई कदाचार देखे हैं और अधिक विशेष रूप से रेखांकित किए गए जो विलफुल डिफॉल्टर करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहियों में से हैं।

| विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषणा करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित चार कार्यवाहीयों में से इकाई/कम्पनी, जो है/हो की कार्यवाही | कारण और सबूत जो इकाई/कम्पनी की कार्यवाही को साबित करते हैं और विलफुल डिफॉल्टर के रूप में घोषित किए जाने के औचित्य का भी समर्थन करते हैं। |
|---|---|
| **खंड 2.1.3(ए) – भुगतान करने की क्षमता लेकिन भुगतान करने को तैयार नहींः** इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है, भले ही उसके पास उक्त दायित्वों को पूरा करने की क्षमता हो। | उधारकर्ता और जमानतकर्ता का संयुक्त शुद्ध मूल्य इस प्रकार था (see table below). ऐसे में, उधारकर्ता के पास क्षमता है लेकिन उसने जानबूझकर बैंक का बकाया नहीं चुकाया है। |
| **खंड 2.1.3(सी) – निधियों की निकासीः** इकाई ने ऋणदाता को अपने भुगतान/ पुनर्भुगतान दायित्वों को पूरा करने में चूक की है और धन की हेराफेरी की है, जिससे धन का उपयोग उस विशिष्ट उद्देश्य के लिए नहीं किया गया है जिसके लिए वित्त का लाभ उठाया गया था, और न ही इकाई का अन्य परिसंपत्तियों का फॉर्म में धन उपलब्ध है। | उधारकर्ता फर्म को ओडी रु. 0.37 करोड़ और टर्म लोन रु. 0.15 करोड़ की सुरक्षित स्वीकृत की गई थी। स्टॉक विवरण दिनांक 29.12.2015 के अनुसार, स्टॉक का मूल्य रु. 0.40 करोड़ उपलब्ध था, हालाँकि दिनांक 19.01.2019 की विजिट रिपोर्ट के अनुसार इकाई कार्यात्मक नहीं थी। खाते में क्रेडिट टर्नओवर केवल वित्त वर्ष 2015-16 में रु. 22.88 लाख वित्त वर्ष 2016-17 में रु. 15.28 लाख और उसके बाद वर्तमान तिथि तक खाते में लगभग शून्य टर्नओवर, जिससे खाते में बकाया स्वीकृत सीमा से अधिक हो गया, जिसके परिणामस्वरूप खाते को 31.10.2016 से दिनांक 03.10.2016 से प्रभावी, एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। इसके अलावा उधारकर्ता ने उसी संपत्ति को गिरवी रखकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से ऋण भी लिया है, अर्थात् "मकान सं. 213, खसरा सं. 280 एमआई, ग्राम- भपतामऊ, हैदरगंज, लखनऊ जिसका टाइटल डीड सं. 3980 दिनांक 30.05.2005 फरीदा खान के नाम पर है". जब हमारे बैंक द्वारा उपरोक्त शीर्षक विलेख के लिए शीर्षक विलेख की वास्तविकता की जांच की गई, तो हमारे बैंक के पैनल अधिवक्ता श्री राहुल यादव ने अपने पत्र दिनांक 11.12.2019 के माध्यम से सूचित किया कि उपरोक्त शीर्षक विलेख नकली है। यह उधारकर्ता के दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाता है जिसके द्वारा वह जाली दस्तावेज़ जमा करके बैंक से ऋण प्राप्त करने में कामयाब रहा और निधि का दुरुपयोग किया जिससे निधि की हेराफेरी हुई। |

| क्र. सं. | नाम | NW (In Crs) NW | As on |
|---|---|---|---|
| 1. | मो. सईद अहमद | 0.34 | 28.12.2015 |
| 2. | फरिदा खान | 0.60 | 01.12.2015 |
| | कुल | 0.94 | |

उधारकर्ता फर्म, प्रोपराइटर और जमानतकर्ता की ओर से जानबूझकर चूक के उपरोक्त साक्ष्य की जांच कार्यकारी निदेशक की अध्यक्षता वाली बैंक की जानबूझकर चूककर्ता स्क्रीनिंग समिति द्वारा की गई है। समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि विलफुल डिफॉल्ट की एक घटना घटी है।
ध्यान दें कि आरबीआई दिशानिर्देशों के तहत उधारकर्ता फर्म मेसर्स साहिल चिकन, इसके प्रोपराइटर श्री मोहम्मद सईद अहमद और जमानतकर्ता फरीदा खान को उपरोक्त कारणों से बैंक द्वारा जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित करने का प्रस्ताव दिया गया है।
यदि आप चाहें, तो आप इस पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर बैंक को इस संबंध में एक अभ्यावेदन/प्रस्तुति दे सकते हैं। इसके अलावा यदि आप चाहें तो व्यक्तिगत सुनवाई भी दी जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर उक्त व्यक्तिगत सुनवाई के लिए कोई प्रतिनिधित्व और/या कोई अनुरोध प्राप्त नहीं होता है या बैंक आपके द्वारा किए गए प्रतिनिधित्व/प्रस्तुति से संतुष्ट नहीं है, तो बैंक घोषित करने के अपने निर्णय के साथ आगे बढ़ेगा। उधारकर्ता फर्म, प्रोपराइटर एवं जमानतकर्ता का नाम जानबूझकर विलफुल डिफॉल्टर के रूप में बताएंगी और आरबीआई, सीआईबीआईएल और अन्य क्रेडिट सूचना कंपनियां को भी सूचित करेगा और उचित कानूनी कार्रवाई भी करेगा।

दिनांकः 15.05.2024 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन बैंक

# अमेठी की बनी राइफल एके 203 से थर्राता है पाकिस्तानः सीएम योगी

● बोले, अमेठी के लोग भूखे तो रह सकते हैं, लेकिन प्रभु श्रीराम के नाम के बिना नहीं रह सकते

## मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर के अमेठी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अमेठी



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज अमेठी में दुनिया की सबसे अच्छी असॉल्ट राइफल क्लाशनिकोव एके 203 का निर्माण हो रहा है, जिसे रशिया के साथ मिलकर भारत तैयार कर रहा है। इसकी सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेठीवासियों को दी है। अमेठी की राइफल एके 203 जब देश के जवानों के हाथों में होती है तो पाकिस्तान थर्राता है। आज यह अमेठी का गौरव है जबकि कांग्रेस और सपा के लोग यहां के नौजवानों के हाथों में तमंचे थमाती थी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर के अमेठी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में वोट की अपील की।

योगी ने कहा कि वाराणसी में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में जनता जनार्दन ने अभूतपूर्व स्वागत किया। यह तब होता है जब एक राष्ट्र नायक अपनी जनता जनार्दन के लिए सब कुछ समर्पित कर देता है। काशी की सड़कों पर लाखों लोग घंटों तक रोड शो का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए काशीवासी इसलिए उत्साहित थे क्योंकि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने काशी को पहले से ज्यादा दिव्य और भव्य बना दिया है। उन्होंने काशी को चमका कर रख दिया है। वहीं अमेठी ने भी अपना प्रधानमंत्री चुना था, लेकिन उन्होंने इसे एक जिला मुख्यालय तक नहीं दिया। इतना ही नहीं कनेक्टिविटी के लिए फोर लेन तक नहीं दी। इसी अमेठी को लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के आग्रह पर एक्सप्रेस-वे से जोड़ा गया ताकि यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अमेठी में मेडिकल कॉलेज, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का निर्माण भारतीय जनता पार्टी कर रही है जबकि पहले लोग सिर्फ वोट के लिए यहां आते थे। इतना ही नहीं डबल इंजन की सरकार पेशेवर गुंडों और अपराधियों का भी इलाज कर रही है।

# पाकिस्तान समर्थक जान लें, हमारे एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं: योगी

● कहा, दोनों लड़के जीते तो मिलकर लूटेंगे और हारेंगे तो फिर टूटेंगे

## मुख्यमंत्री ने फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए मांगा वोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बाराबंकी




**इस** देश में रामभक्त और रामद्रोही हैं। रामभक्त राम मंदिर से उत्साहित हैं तो रामद्रोही नाखुश हैं। रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले यह लोग कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। मोदी का विरोध सिर्फ रामद्रोही और पाकिस्तान ही कर रहे हैं। रामभक्त ही राष्ट्रभक्त हैं। वे भारत के उत्थान के बारे में सोचते हैं तो रामद्रोही पाकिस्तान का राग अलाप रहे हैं। वे कहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ मत बोलो-उसके पास एटम बम है। पाकिस्तान समर्थक रामद्रोही जान लें कि हमारे पास भी एटम बम है, हमारा एटम बम फ्रिज में रखने के लिए नहीं बना है। यह लोग एक तरफ एटम बम की धमकी से भारत के दुश्मनों का उत्साह बढ़ा रहे हैं तो दूसरी तरफ राम मंदिर का विरोध कर राम को अपमानित कर रहे हैं। सपा-कांग्रेस पर बरसते हुए यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। फैजाबाद के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान में मंगलवार को जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस-सपा की नीतियों और नेताओं को खूब धोया। बोले कि रामद्रोही नाखुश हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है, यह राम भक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में जन्मभूमि पर आतंकी हमला होता था और आतंकियों पर दायर मुकदमे वापस लिए जाते थे। सीएम ने कहा कि रामलला के विराजमान होने में अयोध्या के आमजन का बड़ा योगदान है, क्योंकि आपके वोट के बल पर मोदी जी को ताकत मिलती है। विदेशी आक्रांताओं ने हमारी आस्था से खिलवाड़ कर अयोध्या में रामलला के मंदिर को क्षतिग्रस्त कर गुलामी के ढांचे को स्थापित किया था, लेकिन आपके वोट की बदौलत इसे हटाने और मंदिर बनाने की ताकत मिली। 22 जनवरी को जब 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और प्रभु रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान हुए।

# बड़े इमामबाड़े के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण पर शाही इमाम को नोटिस

विधि संवाददाता। लखनऊ

**बड़े** इमामबाड़े के उत्तर दिशा में अवैध निर्माण करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इमामबाड़े के शाही इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी को नोटिस जारी किया है। पीठ ने जिलाधिकारी को आदेश दिया है कि वह नोटिस का तामीला कराएं और उसकी रिपोर्ट अदालत में दाखिल की जाएं। पीठ ने इसके साथ ही राज्य सरकार व एलडीए के वकीलों से कहा है कि वो इस मामले में संबधित से समुचित जानकारी प्राप्त कर लें। ताकि 17 मई को इस मसले पर पूरी सुनवाई हो सके।

जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश ऋषि त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील हरिशंकर जैन ने बहस की। उनका तर्क था कि बड़े इमामबाड़े के उत्तर दिशा में नजूल खसरा नंबर 14 पर इमामबाड़े के ही शाही इमाम ने अवैध निर्माण कराया है। यह निर्माण प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है। कहा गया कि एएसआई ने वर्ष 2016 और बाद में 2023 में भी उक्त अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया था। लेकिन उसका अनुपालन आज तक नहीं किया गया है। पीठ ने सुनवाई के दौरान जानना चाहा कि क्या एएसआई के उक्त आदेशों के खिलाफ किसी अदालत ने कोई आदेश जारी किया है या कोई अर्जी विचाराधीन है। इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से किसी प्रकार की जानकारी से इंकार किया गया। पीठ ने इस पर शाही इमाम को नोटिस जारी किया। साथ ही संबधित पक्षों से जवाब भी मांगा है।

# चिनहट तिराहे के आस-पास मांस और मछली की अवैध दुकानों का सर्वे कर रिपोर्ट दें: हाईकोर्ट

**लखनऊ ( विसं )।** चिनहट तिराहे के आस-पास कथित रूप से बिना वैध लाइसेंस व परमिट के मांस और मछली बेंचने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार, नगर निगम व संबधित विभागों को सर्वे कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन विक्रेताओं के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें परेशान नहीं किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होगी। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश राज किशोर की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। पीठ ने अधिकारियों से यह भी पूछा है कि क्या कथित रूप से अवैध मांस और मछली की ये दुकानें सार्वजनिक भूमि पर बनाई गई हैं। पीठ के समक्ष दाखिल इस याचिका में चिनहट तिराहे के पास किसान मार्केट रोड पर अवैध रूप से चल रही मांस और मछली की दुकानें वहां से हटाने की मांग की गई है। कहा गया कि मांस और मछली खुले में बड़े ही गंदे तरीके से बेची जाती हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा है। ये दुकानें सार्वजनिक भूमि पर अवैध तरीके से बनाई गई हैं। इन दुकानों को चलाने के लिए नगर निगम या अन्य किसी संबधित विभाग से लाइसेंस भी नहीं लिया गया है। याचिका में चिनहट तिराहे के आस-पास से अतिक्रमण हटाने की भी मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर कहा गया कि उसने अतिक्रमण हटाया है। इस पर याचिकाकर्ता का कहना था कि एक ओर अतिक्रमण हटाया जाता है तो दूसरी ओर वह फिर से कायम हो जाता है। आरोप लगाया कि अतिक्रमण कराने में स्थानीय पुलिस और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों का रोल है। पीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार और नगर निगम से जवाब तलब कर लिया। साथ ही याचिका में अपर मुख्य सचिव खाद्य और रसद तथा जिला पूर्ति अधिकारी को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया।

# सांसद को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

**उन्नाव** के सांसद स्वामी साक्षी जी महाराज को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले मे दोषी करार दिए गए आरोपी मो. गफ्फार को अदालत ने तीन माह छह दिन की सजा सुनाई है। एटीएस के विशेष मजिस्ट्रेट प्रदीप यादव ने इस पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन के मुताबिक उन्नाव के सांसद स्वामी साक्षी जी महाराज को उनके मोबाइल पर 16 व 17 अक्टूबर 2019 को अज्ञात नंबर से अभद्र व अपमानजनक शब्दो का प्रयोग कर बम से उड़ा देने की धमकी दी गई। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारी से की। गहन छानबीन व टेलीफोन सेवा प्रदाता कंपनियों से जानकारी के बाद पता चला कि आरोपी ने कुवैत मे रहने के दौरान अपने फोन से सांसद साक्षी महाराज को कई बार फोन करके बम से उड़ाने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। वो जिस आईएमईआई नंबर से फोन में सिम लगा कर धमकी दे रहा था, उसी फोन के साथ उसको लखनऊ के थाना बिजनौर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। एटीएस द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मुकदमे की गवाही के दौरान आरोपी ने अदालत के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

# अवध बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न

विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया । इस चुनाव में 3786 मतदाताओं में से करीब 3553 मतदाताओं ने अपने मतो का इस्तेमाल किया। मतदान सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चला। मतो की गिनती 15 मई को होगी। चुनाव अधिकारी मुरली मनोहर श्रीवास्तव के मुताबिक अध्यक्ष व महासचिव समेत कुल 22 पदों के लिए 135 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# पांचवे व छठे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में हो प्रयासः रिणवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों को और गति प्रदान किए जाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को अपने कार्यालय स्थित सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें एवं छठवें चरण के जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, स्वीप के नोडल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं रणनीतियों के संबंध में चर्चा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता का उत्साह के साथ भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाय। मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम देखते हुए मतदान कराया जाए। निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाय।

उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाये जाएं। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए और प्रमाण स्वरूप मतदाता पर्ची प्राप्तकर्ता का नाम व मोबाइल नम्बर भी लें। मतदान हेतु परिवार को ले जाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा अपने वाहन का प्रयोग करने पर उसे बूथ पर निर्धारित स्थान तक जाने से न रोका जाए। प्रत्येक मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही पोलिंग बूथ की जानकारी, शीतल पेयजल की सुविधा, शौचालय आदि के लिए संकेतक बनाये जाएं।

# जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे सपा व कांग्रेसः केशव प्रसाद मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाराबंकी, बस्ती तथा अम्बेडकरनगर मे आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मौर्य ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को खतरा बताने वाले अखिलेश यादव व राहुल गांधी के राजनैतिक अस्तित्व का खतरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। जबकि सपा व कांग्रेस का डंका पाकिस्तान में बज रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जो पाकिस्तान भीख मांग रहा है वह पाकिस्तान चाहता है कि भारत में कांग्रेस की सरकार बने, जिससे पाकिस्तान के हालात सुधर सकें।

उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि 2014 में मोदी जी की लहर थी, 2019 में आंधी थी और 2024 में मोदी जी का तूफान चल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता ने कमल खिलाया तो प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण हो गया और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि कमल का बटन दबाने से देश में 4 करोड़ गरीबों को पक्का घर मिला और हर घर में बिजली पहुंची। मौर्य ने कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस ने पिछड़ों, अनुसूचितों के वोट तो लिए लेकिन कभी उन्हें सम्मान नही दिया है।

# नुक्कड़ सभा आयोजित कर व्यापार मंडल ने किया कौशल किशोर को समर्थन देने का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** उद्योग किसान व्यापार मण्डल की जिला इकाई ने चिनहट स्थित एल्डिको तिराहे पर नुक्कड़ जनसभा का आयोजन किया। जिसमें लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के वर्तमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने व्यापार मण्डल की ओर से कौशल किशोर को सम्पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की एवं कहा कि व्यापार मण्डल के शत-प्रतिशत व्यापारी सिर्फ भाजपा के ही दोनों प्रत्याशी कौशल किशोर एवं राजनाथ सिंह को ही वोट करेंगे, साथ ही साथ उन्होंने सभी शहर वासियों से भी व्यापार मण्डल समर्थित दोनों भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक वोट कर 5 लाख से अधिक वोट से जिताने की अपील की। पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर सांसद कौशल किशोर, चिनहट द्वितीय वार्ड के पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जेपी पांडेय, जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति, पासमान्दा समाज के प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम एवं व्यापार मण्डल जिला महासचिव आशुतोष खरे, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश राजपूत (राजा), अमन कुमार, कुलदीप यादव आदि समेत अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चार चरणों के चुनाव में धराशायी हो गई है भाजपाः अखिलेश


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को जालौन में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों के चुनाव में भाजपा धराशायी हो गयी है। अब पांचवें चरण में बुन्देलखण्ड की धरती भाजपा के अहंकार को खंड-खंड करेगी। भाजपा ने बुन्देलखण्ड की जनता को धोखा दिया है। भाजपा ने बुन्देलखण्ड के किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था। तमाम तरह के सपने दिखाए थे। बुन्देलखण्ड की जनता अपने दुश्मन को पहचानती है। भाजपा की केन्द्र की दस साल और राज्य की सात साल की सरकार ने झूठे वादों और सपनों के अलावा बुन्देलखण्ड उरई जालौन, झांसी, ललितपुर में कुछ नहीं किया। इस लोकसभा चुनाव में बुन्देलखण्ड की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। बुन्देलखंड में भाजपा का सूपड़ा साफ कर देगी। यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई आसमान पर पहुंचा दी है। खाद, कीटनाशक, डीजल, सिंचाई सब महंगी कर दी लेकिन किसानों की फसलों की कीमत नहीं बढ़ी। भाजपा ने किसानों को हर तरह से लूटने का काम किया है। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा की सरकार में हमारा किसान गरीब होता जा रहा है। नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो गया। किसान, नौजवान संकट में है। भाजपा की सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों को पहले बैंकों से कर्ज दिलाया, फिर कर्ज माफ कर दिया। उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया।

# सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ में हाथी दौड़ेगा या खिलेगा कमल, लगातार तीन चुनावों में बसपा रही रनर



● सुल्तानपुर में मेनका की हैट्रिक को रोकने के लिए गठबंधन व बसपा लगा रही ट्रिक

सतीश सिंह। लखनऊ

**पिछले** तीन लोकसभा चुनावों में लगातार रनर रही बसपा क्या इस बार 2024 में सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ सीट पर अपनी हाथी दौड़ा पायेगी या इस बार भी इन दोनों सीटों पर कमल खिलेगा। मतदाताओं के सामने यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। बसपा इन दोनों सीटों पर लगातार तीन चुनावों में दूसरे नंबर पर रही है। ऐसे में चुनाव लड़ रहे दल इन दोनों सीटों पर अपने-अपने समीकरण बैठाने में लगे हुए हैं, जिससे जीत सुनिश्चित हो सके। फिलहाल, यह तस्वीर तो मतगणना के बाद साफ होगी कि जीत किसके खाते में नसीब हुई है।

## सुल्तानपुर संसदीय सीट







**साल** 1957 में इस सीट के अस्तित्व में आने के बाद महान शिक्षाविद मदनमोहन मालवीय के बेटे गोविंद मालवीय ने एक सांसद के रूप में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। साल 2019 में यहां से जीतीं मेनका गांधी को एक बार फिर भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, सपा ने रामभुआल निषाद को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने उदराज वर्मा को मैदान में उतारा है। भाजपा को छोड़कर गठबंधन व बसपा ने यहां से पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी को उतार कर पिछड़ा वर्ग के वोटों पर एकाधिकार जताने के साथ ही मेनका गांधी की हैट्रिक को रोकने का कदम उठाया है। पिछड़ा वर्ग का अच्छा-खासा वोट पिछले दो चुनावों से भाजपा की झोली में गिर रहा है। ऐसे में इन वोटों को रोकने के लिए दोनों दलों ने ओबीसी का कार्ड खेला है। पिछले लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मेनका गांधी ने बसपा के चंद्रभद्र सिंह को हराया था। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मेनका गांधी ने भाजपा के टिकट पर बसपा के पवन पाण्डेय को शिकस्त दी थी। जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर डॉ. संजय सिंह ने बसपा के मो. ताहिर को पटखनी दी थी। सुल्तानपुर संसदीय सीट के जातीय समीकरण को देखें तो 2011 की जनगणना के हिसाब से यहां पर अनुसूचित जाति के आबादी सबसे अधिक है। उनकी जनसंख्या यहां पर 20 फीसदी से अधिक है। इनके अलावा ठाकुर और पंडित बिरादरी के वोटर्स निर्णायक भूमिका में रहते हैं। पर, पिछले 2 चुनावों में जिस तरह से बीजेपी को जीत मिली है, उससे जातीय समीकरण कुछ खास मायने नहीं रखता है।

**पांच में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जाः** सुल्तानपुर संसदीय सीट के तहत कुल 5 विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 4 सीटों पर जीत मिली थी तो एक सीट समाजवादी पार्टी के खाते में गई थी। इस संसदीय क्षेत्र के तहत सुल्तानपुर, इसौली, सुल्तानपुर सदर, लंभुआ और कादीपुर विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें इसौली सीट पर सपा के मोहम्मद ताहिर खान चुने गए। जबकि सुल्तानपुर सीट से विनोद सिंह, लंभुआ सीट से सीताराम वर्मा, सुल्तानपुर सदर सीट से राज प्रसाद उपाध्याय और कादीपुर सीट से राजेश गौतम विधायक चुने गए।

**पहली बार 1991 में भाजपा ने जीता था चुनावः** सुल्तानपुर सीट पर भाजपा को पहली बार 1991 में सफलता मिली। पार्टी के उम्मीदवार विश्वनाथ दास शास्त्री ने जनता दल के राम सिंह को हराया था। अगले चुनाव में भी भाजपा यह सीट बरकरार रख पाई।

## प्रतापगढ़ संसदीय सीट







**आंवला** के उत्पादन में प्रतापगढ़ सूबे ही नहीं बल्कि देश भर में मशहूर प्रतापगढ़ लोकसभा सीट देश की हाई प्रोफाइल सीटों में से एक रही है। रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, राजकुमारी रत्ना सिंह की वजह से हमेशा चर्चा में रहने वाली सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भाजपा ने इस बार वर्तमान सांसद संगम लाल गुप्ता पर भरोसा जताया है। जबकि सपा के टिकट पर शिवपाल सिंह पटेल और बसपा के टिकट पर प्रथमेश मिश्रा मैदान में हैं। प्रथमेश मिश्रा बीजेपी नेता शिव प्रकाश मिश्रा उर्फ सेनानी के बेटे हैं। शिव प्रकाश सेनानी 2007 और 2012 में कुंडा विधानसभा से चुनाव लड़ चुके है। उनकी पत्नी सिंधुजा मिश्रा बीते 2022 का कुंडा विधानसभा का चुनाव राजा भैया के खिलाफ लड़ चुकी हैं। पिछले लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराया था। जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सहयोगी दल में शामिल अपना दल के कुंवर हरवंश सिंह ने बसपा के आसिफ निजामुद्दीन सिद्दीकी को शिकस्त दी थी। वहीं 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर राजकुमारी रत्ना सिंह ने बसपा के प्रो. शिवाकांत ओझा को हराया था। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर 2011 के जनगणना के मुताबिक कुल जनसंख्या करीब 23 लाख है। इसमें 94.18 फीसदी ग्रामीण और 5.82 फीसदी शहरी आबादी है। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के मुताबिक इस लोकसभा सीट पर पांचों विधानसभा सीटों पर कुल 1,68,2147 मतदाता और 1829 मतदान केंद्र हैं। अनुसूचित जाति की आबादी इस सीट पर 19.9 फीसदी है जबकि अनुसूचित जनजाति की आबादी 0.03 फीसदी है। इसके अलावा प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर राजपूत और कुर्मी मतदाताओं के साथ-साथ ब्राह्मण मतदाता काफी निर्णायक भूमिका में हैं।

# विश्व में आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा भारतः राम माधव

**बिशप जॉनसन स्कूल में प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी का हुआ आयोजन**

**संवाददाता।** प्रयागराज




**लोक** जागरण मंच प्रयागराज की ओर से मंगलवार को बिशप जॉनसन स्कूल सिविल लाइन्स में प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुप्रसिद्ध लेखक और चिंतक राम माधव ने कहा कि आने वाले निकट भविष्य में भारत पूरे विश्व में आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा। कहा कि हम भारत के लोग उत्सव प्रिय लोग हैं। हर चीज में उत्सव मनाते हैं। कभी कभी मन में किसी भ्रम की स्थिति आ जाती है। हम चुनाव के समय की गर्मी गर्मी के बीच मतदान नहीं करते। हम राष्ट्र भावना विकास भावना के बीच में मतदान करते हैं।

राम माधव ने कहा विपक्ष का स्वभाव होता है विषयों को बोलकर अलग अलग दिशा में घुमा करके मतों को प्राप्त करना लेकिन हम उन सब चीजों से चुनावी गरमा गर्मी से बाहर निकल करके राष्ट्रीय भावना और विकास भावना के साथ मतदान करेंगे। आज भारत विश्व का बड़ा लोकतंत्र ही नहीं सबसे सफल लोकतंत्र है। संविधान सभा के समय शिक्षित आबादी का प्रतिशत केवल 17 प्रतिशत है। सभी को वोट का अधिकार न दिया जाए लेकिन 26 नवंबर 2049 को राजेंद्र बाबू ने कहा कि मैं गांव से आता हूं सुदूर गांव में रहने वाले अति ग्रामीण भी लोकतंत्र को गहरे से समझते हैं इसलिए सबको वोट का अधिकार दीजिए। हमने पिछले 70 वर्षों में उसे सही साबित किया है। ऐसे में मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग कर हमे ऐसे राजा को लाना है जो देश को ऊंचाई पर ले जाए। विकास के रास्ते पर ले जाए शिखर पर ले जाए।

यह लोकतंत्र और हमारे संविधान की देन है। संविधान इतना विचार करके बनाया गया की इससे अच्छा संविधान किसी के पास नहीं है। साथ में राजनीतिक संस्कृति का अनुभव हुआ जवाब देही पर ही राजनीति चलेगी। यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। पहली बार अनुभव में आ रहा है कि विकास में भी हिस्सेदारी युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। सभी वर्गों की भागीदारी बढ़ी है। सरकार का प्रयास की आप केवल अधिकार प्राप्त करता ही ना बने भागीदार भी बने। स्टेक होल्डर भी बने और विगत दस वर्षों में इसका प्रमाण मिला है। दस वर्षों के कार्यकाल में कोई भ्रष्टाचार नहीं सुना। इस नाते से गरीबों को उनका पूरा अधिकार मिल रहा है। आर्थिक स्वच्छता लाई गई। इनकम टैक्स को फेसलेस बनाने से लोगों में भरोसा पैदा हुआ और भरोसा गहरा हुआ। अर्थव्यवस्था मजबूत होने से हमारे रेलवे हाईवे हर जगह इंफ्रास्ट्रक्चर का जाल मजबूत हुआ। काशी का विकास अयोध्या का विकास हर तरफ नई संस्कृति का परिचायक है। वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था भी बदली है।

विदेशी समझने लगे हैं कि दिल्ली अब पहले जैसे नहीं रही। आज देश का हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री का पहला भाषण जब लाल किले से उन्होंने दिया कि केवल महिलाओं के प्रति ही हमारी जिम्मेदारी ना रहे हम अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदार हो। आज आत्मविश्वास की भावना से हमारा देश विकसित हो रहा है। हमें विदेश में भी सम्मान मिल रहा है। हमारा सभी देशों से संबंध है लेकिन अपनी शर्तों पर अपनी व्यवस्था से हमारा आज हमारा देश नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और विकास के पथ पर चौथे स्थान आ गए हैं। लोकतंत्र के प्रति विश्वास जगाने वाला देश बनेंगे। विपक्ष को जिताने की चिंता सत्ता में लाने की चिंता हम नहीं करेंगे।

हमारे जीवन में खुशहाली तभी आएगी विकसित भारत तभी बनेगा जब हम अपने शत शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग राष्ट्रीय हितों में विकास के लिए सोच करके मतदान करेंगे। हमारे नागरिक कर्तव्य भी है इसमें वर्तमान राजनीतिक बहस से ऊपर उठकर के राष्ट्रीय हित में योग्यता से प्रयोग करें।

# जो काशी से जीत हासिल करेगा उसका डंका पूरे विश्व में बजेगाः केशव मौर्य

**संवाददाता।** अम्बेडकर नगर



**उत्तर** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में है तो बता रहे है कि लोकतंत्र खतरे में है और सविधान खतरे में है जबकि मोदी जी पहली बार जब प्रधानमंत्री बने और संसद गये तो संसद के द्वार का माथा टेका ,और बाबा साहब के संविधान का कसम खाई। मोदी जी का संकल्प है कि बाबा भीम राव अम्बेडकर जी के सपनों को पूरा करना है।

भाजपा द्वारा कटेहरी विधान के इल्तिफ़ात गंज में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने सपा कांग्रेस और बसपा पर जमकर हमला किया और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया , केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि 500 साल बाद मोदी जी के नेतृत्व में रामलला का मंदिर बना और जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटा ,वही विभिन्न तरह की गरीबो के उत्थान की योजनाएं चली , उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में जब आतंकवादी हमले होते थे तो भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने गिड़गिड़ाते थे, लेकिन मोदी सरकार में जब हमला हुआ तो भारत के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक किया और सैनिकों ने गोली का जबाब गोला से दिया।

केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि विपक्षी दलों का लक्ष्य है मोदी को हटाना । इनको नहीं पता है कि मोदी को जनता ने कुर्सी पर बैठाया है इनके पुरखे भी मोदी को नही हटा सकते है ,उन्होंने कहा कि सपा बसपा और कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार होता था ,राजीव गांधी ने कहा था कि अगर एक रुपया दिल्ली से भेजा जाता है तो 15 पैसे ही पहुचते थे लेकिन मोदी जी ने पिछले 10 वर्ष में 34 लाख करोड़ जनता में भेजा और एक भी पैसा इधर उधर नही हुआ ,लेकिन सपा बसपा कांग्रेस होती तो जनता तक 5 लाख करोड़ रुपया पहुचता बाकी 29 लाख करोड़ रुपये ये डकैत खा जाते। जो काशी को जीतेगा उसका डंका पूरे विश्व मे बजेगा

केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि आज मोदी जी ने काशी से नामांकन किया है उन्होंने वहां मौजूद जनता से खड़े होकर आशीर्वाद देने को कहा और कहा कि जो काशी से जीतेगा वह पूरे विश्व मे डंका बजायेगा।

# अपना दल एस प्रत्याशी विधायक रिंकी कोल ने किया नामांकन



**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव नामांकन के आखिरी दिन एडीए गठबंधन मे शामिल अपना दल एस की प्रत्याशी व मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रिन्की कोल ने संसदीय क्षेत्र रावटर्सगंज से प्रत्याशी के रुप मे अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। मंगलवार को दोपहर जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय से उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डाक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु, आशीष पटेल, संजीव कुमार गोंड, राज्यसभा सांसद रामशकल, सदर विधायक भूपेश चौबै घोरावल विधायक डा. अनिल मौर्या नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रुबी प्रसाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल कृष्ण मुरारी गुप्ता कमलेश खाम्बें समेत बडी संख्या में उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ जिलाधिकारी कार्यालय नामांकन स्थल पर पहुच कर एडीए गठबंधन मे शामिल अपना दल एस की प्रत्याशी रिन्की कोल ने संसदीय क्षेत्र रावट्र्सगंज से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। कलेक्ट्रेट में बनाये गये नामांकन स्थल पर मंगलवार को नामांकन के पांचवे दिन संसदीय क्षेत्र राबटर्सगंज सें 05 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

# किसी भी परिस्थिति में समझौता न करने वाली देश की एकमात्र पार्टी है भाजपाः आनन्द स्वरूप शुक्ल

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में उ प्र सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने बुधवार को दिलदारनगर स्थित एक लान में आयोजित जमानियां विधानसभा के भाजपा बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि विचारों पर चलने वाली व किसी भी परिस्थितियों में समझौता न करने वाली देश की एकमात्र पार्टी भाजपा है। जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने में भाजपा ने लंबा सफर तय किया है व कार्यकर्ताओं की कई पीढ़ियां इस काम को करने में खप गई हैं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं लेकिन उसे पढ़ते कभी नहीं हैं। राहुल गांधी केवल षडयंत्र कर दलित, पिछड़े एवं आदिवासी समाज का हक व उनका आरक्षण छीनना चाहते हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे जैसे नारे लगाने वालों के साथ राहुल गांधी खड़े होते हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अब कांग्रेस विचार शून्य पार्टी बनकर रह गई है। कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, सनातन विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाने वाली पार्टी है। सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली यूपीए की केंद्र सरकार ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में दिया था।

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि गुजरात राज्य के पूर्व गृह मंत्री गोवर्धन भाई झापड़िया ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, शोषित, महिला, युवा व किसान की तस्वीर और तकदीर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के कारण बदली है। पुर्व गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर 5 वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बन जाएगा। जमानिया की पूर्व विधायक सुनीता सिंह कहा कि सही स्थान पर पड़ा वोट खुशहाली व विकास लाता है व गलत स्थान पर पड़ा वोट क्षेत्र को सूना व वीरान बना देता है।

# मुस्कान ने 96 प्रतिशत अंक पाकर डीपी पब्लिक स्कूल का नाम किया रोशन



**प्रयागराज।** सेन्ट जोसफ़ कालेज प्रयागराज में हिन्दी के प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार सिंह की भतीजी मुस्कान सिंह ने डीपी पब्लिक स्कूल प्रयागराज से सीबीएससी बोर्ड में बारहवीं कक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी मुस्कान ने कॉलेज में कल्चरल कैप्टन का दायित्व भी निभाया और मिस डीपीपीएस भी चुनी गई थी। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने मुस्कान की उपलब्धि पर उसे बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी के रेलवे क्वार्टर में संदिग्ध परिस्थितियों विवाहिता का शव फांसी के लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया और अग्रिम करवाई में जुट गई। वही इस घटना से इलाके में सनसनी फैली गई है। जानकारी के अनुसार धानापुर थाना क्षेत्र के ओडउला गांव निवासी संजय यादव की पत्नी बिरहा गायिका नीतू यादव (35) अपने सहकर्मी बिरहा गायक रामाशीष यादव के यहां आकर अक्सर रिहर्सल किया करती थी। हाल ही में नीतू यादव के भाभी सविता का ऑपरेशन अलीनगर क्षेत्र के एक निजी चिकित्सालय में हुआ है। इनका इलाज कराने के लिए चार दिनों से यहीं पर रह रही थी। सोमवार की देर शाम राम आशीष यादव डीहवा गांव में आयोजित बिरहा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे।

### आधुनिक तकनीक और खूबसूरती की झलक देने का प्रतीक

**प्रयागराज।** देश के प्रमुख कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रैंड एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने एक ऐसा अनोखा प्रॉडक्ट मेगा इलेक्ट्रॉनिक्स सिविल लाइन्स प्रयागराज में लांच किया है। जो न केवल आपके मूड और पर्सनैलिटी की झलक देता है। बल्कि आपकी लाइफस्टाइल को लक्जरी का टच देने के लिए प्रेरित करता है। यह आपकी रोजमर्रा की जिंदगी को खुशनुमा बनाता है। एलजी मूडअप रेफ्रिजरेटर के 1.7 लाख कलर कॉम्बिनेशन से प्रेरित होकर अपने लेटेस्ट कलेक्शन को लांच किया। आधुनिक टेक्नोलॉजी और खूबसूरती की झलक देने वाला मूडअप रेफ्रिजरेटर व्यक्तिगत लक्ज़री का प्रतीक है। जब भारत के लोग अपनी जिंदगी को ज्यादा से ज्यादा आसान बनाने वाले प्रॉडक्ट्स खरीदना चाहते हैं। एलजी मूडअप रेफ्रिजरेटर कस्टमाइजेशन को एक नए मुकाम तक लेकर पहुंचा है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया में होम अप्लायंसेज एवं एयर कंडीशनर के डायरेक्टर ह्वांग यंगमिन ने कहा हम प्रयागराज में अपने नए प्रॉडक्ट मूडअपफ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर को लांच कर काफी उत्साहित हैं।

### सामान्य प्रेक्षक ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** सामान्य प्रेक्षक जी0 जया लक्ष्मी आई0ए0एस0 ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 हेतु निर्धारित नामांकन स्थल पर पहुंचकर की जा रही नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह से जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने पूर्व के दिवस में किये गये नामांकन प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग को भी देखा, इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ने विधान सभा उप निर्वाचन दुद्धी हेतु बनाये गये नामांकन स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किये जा रहे नामांकन प्रक्रिया को को देखा और निर्वाचन अधिकारी उप जिलाधिकारी दुद्धी से नामांकन प्रक्रिया के दौरान की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इसके पश्चात प्रेक्षक ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के प्रक्रिया के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान टोल फ्री नम्बर व टेलीफोन नम्बर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और शिकायतों के संदर्भ में प्राप्त निस्तारण आख्या के पत्रावली का अवलोकन भी किया।

### पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में विज्ञान संकाय के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विषय के शोधार्थी रामधारी राम ने अपने शोध शीर्षक शारीरिक शिक्षा एवं योग के प्रति शिक्षकों की मनोवृत्ति का अध्ययन नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि सामान्यतया आज शिक्षकों का जीवन भी शारीरिक एवं मानसिक विकृतियों एवं व्याधियों से ग्रसित होकर असहाय सा नजर आ रहा है तथा अपने मन का भटकाव व मूल्यों के पालन में असमर्थ होता जा रहा है। परिणामों से पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य में समान प्रवृत्ति है और उनका मानसिक स्वास्थ्य आम तौर पर बिगड़ रहा है। उनमें मनोविकृति के आयाम बदल रहे है जैसे शत्रुता कुंठा आदि। यह चिंताजनक निष्कर्ष शिक्षकों पर उच्च जोखिम वाले व्यावसायिक तनाव को दर्शा सकता है।

# भ्रष्टाचारी नेता एकजुट होकर देख रहे सत्ता पाने के हसीन सपनेः नीरज

**संवाददाता।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने आज बारा विधानसभा के बैजला ओशा पिपराव जामू सोनवर्षा सीधटिकर भगदेवा चौराहा कपडौड़ा देवरा मौहरिया गड़ैया झझरा नारीबारी मवैया मोड़ फुलतारा छतरगढ़ सलैया डेरा खौरिया एवं डांडी आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अलग अलग विचारों वाला विपक्षी गठबंधन समस्या से ग्रसित है। जो कि उनके घोषणा पत्र में ही आपसे मतभेद दर्शा रहा है और धर्म के आधार पर आरक्षण के सहारे जनता को छलने का प्रयास कर रही है। लगभग छह दशक देश पर शासन करने वाले आज वैशाखी के सहारे चुनावी मैदान में हैं। किसी के पास कोई ठोस एजेंडा नही हैं। सभी भ्रष्टाचारी नेता आज एकजुट होकर सत्ता पाने के मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। संविधान के साथ खिलवाड़ करने वाले आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं और ये देश संविधान से ही चलेगा।

सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने शहर दक्षिणी के अनेक क्षेत्रों में जबरजस्त संवाद कर लोगों से कहा कि भाजपा सरकार में विकास भी हैं गरीब कल्याण और सुरक्षा के साथ साथ आस्था का भी सम्मान हो रहा हैं। आप लोग सांसद ही नही बल्कि केन्द्र में भाजपा की तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं। प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा कविता यादव त्रिपाठी ने करछना विधानसभा के नैनी मवैया लवाइनकला मुन्गारी पचदेवरा डीहा सेमरहा.गड़ैला. खजुरौलि बबुरा लकतहा और बसही में सघन जनसंपर्क में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन के चरित्र को पूरा देश जानता है। इनकी निगाह आपके घर उपहार जेवरात आदि पर हैं। हम सब किसी के दरवाजे पर जाएं तो डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जरूर बताए। आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाले और अपराधियों के संरक्षक नेताओं और दलों का नकाब उतर चुका है।

## टैंकर की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

**डाला, सोनभद्र।** स्थानीय हाथीनाला थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे टैंकर के चपेट में आने की वजह सें एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हाथीनाला पुलिस नें अग्रीम कारवाई करते हुए शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी अस्पताल भेजवा दिया दिया जहां घटना की सूचना पर पिपरी थाना की पुलिस भी ऐम्बुलेंस के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर हाथीनाला थाना की पुलिस का सहयोग किया इस संबंध में हाथी नाला थानाध्यक्ष प्रसून श्रीवास्तव से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक सुलेदर कुमार उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र जिदंलाल निवासी अरगपानी म्योरपुर राकेश कुमार उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र सिंगार चंद्र निवासी रामपहरी गोविंदपुर म्योरपुर इंद्र कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र रामनरायण निवासी म्योरपुर गुरमुरा से बारात करने आये हुए थे।

# जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**डाला, सोनभद्र।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डाला नगर में रैली निकाल कर लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान नगर के समस्त बूथों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। सोमवार को लगभग बारह बजे डाला नगर के चुड़ी गली प्राथमिक विद्यालय से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर के नई बस्ती चुड़ी गली, डाला बाजार समेत अन्य स्थानों पर रैली निकाली गई इसके साथ ही जागरूकता टीम द्वारा लोगो को घर घर जाकर स्नेह निमंत्रण देतें हुए 01 जून 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें जिन बूथों पर 40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ हैं उन बूंथो को मजबूत करने व अधिक से अधिक मतदान के लिए उन्हें चिन्हित कर वहां के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा द्वारा दिए गयें स्नेह निमंत्रण पत्र को भी वितरित किया जा रहा है उन्होनें बताया कि जय ज्योति इंटर कालेज प्राथमिक विद्यालय समेत डाला नगर के सभी 40 प्रतिशत से कम पड़ने वाले बूथों के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम चलाया जाएगा ताकि मतदाता अपने बहुमूल्य वोटों की वोटिंग कर सकें इस दौरान कार्यक्रम में सुनील कुमार पाल सहायक विकास अधिकारी पंचायत चोपन शुभम बरनाल खण्ड विकास अधिकारी चोपन बीएलओ अवनीश देव पांडेय सभासद बिशाल कुमार गुप्ता परवेज के साथ नगर के महिला पुरूष स्कूल के बच्चों साथ तमाम लोग शामिल रहे।

# सामान्य प्रेक्षक ने नामांकन कक्ष एवं निर्वाचन कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** मीरजापुर



**लोकसभा** सामान्य निवार्चन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग से 79-मीरजापुर संसदीय क्षेत्र के लिये नियुक्त प्रेक्षक (सामान्य) श्री एम0 वल्लार ने आज जनपद में पहुंचने के पश्चात नामांकन कक्ष में पहुंचे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन से मिलकर नामाकंन प्रक्रिया को देखा व जानकारी ली।

तत्पश्चात प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सी0-विजिल सहित अन्य माध्यमो से प्राप्त शिकायतो व उसके निस्तारण के बारे में ली तथा उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ ही ससमय शिकायतो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह उपस्थित रहे। प्रेक्षक के लाइजनिंग आफिसर/जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रेक्षक महोदय अष्टभुजा निरीक्षण गृह (पश्चिमी कक्ष) में ठहरे हुये है। मा0 सामान्य प्रेक्षक महोदय का मोबाइल नम्बर-8423179079 है तथा पी0एन0टी0 नम्बर-05442-298200 हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी अनियमिता व आदर्श आचार संहित के उल्लंघन की स्थिति में कोई भी जन सामान्य व्यक्ति, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी, राजनैतिक दल के पदाधिकारी/सदस्य उनके मोबाइल नम्बर अथवा पी0एन0टी0 नम्बर पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकता हैं। उन्होने बताया कि मा0 प्रेक्षक महोदय प्रात: 09 बजे से 11 बजे के मध्य अष्टभुजा निरीक्षण गृह में मुलाकात कर चुनाव में निष्पक्षता, पारदर्शिता अथवा आचार संहित के उल्लंघन व चुनाव से सम्बन्धित अन्य शिकायते सम्बन्धित शिकायत सुझाव दर्ज कराये जा सकते हैं।

## जागरूकता बढ़ाने के लिए बनाई गई भूमिका

**प्रयागराज।** परिवारों के महत्व उनकी चिंताओं और समाज में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल पंद्रह मई को इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिलीज़ यानी अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिन पारिवारिक ताने बाने की विविधता का जश्न मनाने और व्यक्तियों और समाज को पोषित करने और उन्हें आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पहचानने का मौका देता है। यह रिश्तों का सम्मान करने यादों को संजोने और मजबूत स्वस्थ पारिवारिक रिश्तों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करने का दिन है। इस खास दिन पर भाग्य लक्ष्मी के रोहित सुचंती मैं हूं साथ तेरे के करण वोहरा कुंडली भाग्य के पारस कलनावत और रब से है दुआ की येशा रुघानी जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनका परिवार उनकी ज़िंदगी में क्या मायने रखता है और हमेशा उनकी सबसे पहली प्राथमिकता रहता है। भाग्य लक्ष्मी में ऋषि का रोल निभा रहे रोहित सुचंती बताते हैं मैं एक संपूर्ण पारिवारिक इंसान हूं।

# नुसरत अंसारी व अफज़ाल अंसारी ने अंतिम दिन भी किया पर्चा दाखिल



**गाजीपुर।** 75 संसदीय लोक सभा क्षेत्र हेतु नामांकन के अन्तिम दिन नामांकन स्थल से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट से 2 प्रत्याशियों द्वारा पर्चा लिया गया एवं 7 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिसके क्रम जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के सम्मुख हमर्दद पार्टी के प्रत्याशी मो जावेद द्वारा 1 सेट, जन जनवादी पार्टी के प्रत्याशी रामचरन ने 2 सेट, आवामी पिछड़ा पार्टी के प्रत्याशी मो जिलानी द्वारा 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी दिनेश कुमार 1 सेट, निर्दल प्रत्याशी सिंहासन सिंह यादव ने 1 सेट, गोड़वाना गणतन्त्र पार्टी के प्रत्याशी छोटे लाल ने 1 सेट में एवं निर्दल प्रत्याशी चन्द्रकेश ने 1 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अतिरिक्त निर्दल/समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी नुसरत अंसारी द्वारा 01-01 सेट में एवं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी द्वारा 2 सेट में, निर्दल प्रत्याशी सत्यदेव यादव द्वारा 1 सेट, सर्वलोक हित समाज पार्टी के प्रत्याशी सत्यनारायन द्वारा 1 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन 7 मई, से 14 मई तक 32 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया, जिसमें कुल 25 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

# डीएम ने निमंत्रण पत्र देकर सपरिवार मतदान के लिए किया आमंत्रित



**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर के ग्राम फत्तेपुर में मतदाताओ को सपरिवार मतदान करने हेतु आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। उन्होंने वृद्ध ,युवा एवं अन्य मतदाताओ को पारंपरिक आमंत्रण दिया एव रोली, चंदन, पीला अक्षत,फूल - माला, प्रसाद सहित आमंत्रण पत्र देकर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में वोट रूपी, मतदान रूपी आहुति डालने के लिए पूरे विधि विधान से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में अपने बूथों पर उपस्थित होकर इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद वासियों को 25 मई, को अपने मतदेय स्थल पर मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आमंत्रित किया है तथा उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अनुरोध किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से वृद्ध ,युवा एवं महिलाओं में भी एक अलग उत्साह दिखाई पड़ा तथा लोगों ने मतदान में प्रतिभाग करने का विश्वास दिलाया। इस दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर, पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार अकबरपुर बलबीर सिंह तथा संबंधित अधिकारी,कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## भारत-चीन संबंध

### व्यापार संतुलन जरूरी

**भारत-चीन संबंध** काफी जटिल हैं। भारत चीन का आर्थिक वर्चस्व घटाना चाहता है, लेकिन चीन अमेरिका को पीछे छोड़ कर भारत का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी बन गया है। ऐसे में व्यापार संतुलन जरूरी है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में अक्सर व्यापार संबंध भू-राजनीति पर भारी पड़ते हैं। भारत की चीन के साथ बढ़ती व्यापारिक निकटता इसका उदाहरण है। चीन 2023-24 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार बन गया है। हालांकि, यह घटना उस देश के लिए बहुत खुशी की बात नहीं है जो चीन का विकल्प बनना चाहता है तथा अपना विनिर्माण क्षेत्र प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' आह्वान के आधार पर मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। भारत सरकार चीन के साथ संबंधों में सतर्कता बरत रही है, पर संभवत: अनेक आर्थिक कारण द्विपक्षीय व्यापार को गति दे रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को लंबे समय से 'प्रतियोगिता और सहयोग' का मिश्रण कहा गया है। दोनों देश क्षेत्रीय महाशक्ति हैं, उनका विशाल उपभोक्ता आधार है तथा विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, अर्थव्यवस्था व ढांचागत संरचना के दृष्टिकोण से चीन भारत से काफी आगे हैं, पर पिछले वर्षों में चीनी अर्थव्यवस्था सुस्त हुई है और भारत वर्तमान समय में दुनिया में सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। पिछले वर्षों में चीन भारत समेत दुनिया को वस्तुओं के महत्वपूर्ण सप्लायर के रूप में उभरा है। इसके साथ ही भारत चीनी निर्यातों का, अच्छा बाजार बना है। लेकिन असली समस्या व्यापार असंतुलन है। भारत में चीनी वस्तुओं के आयात की तुलना में भारत से चीन को निर्यात बहुत कम है। इससे हमारे स्थानीय उद्योग प्रभावित होते हैं।



विडंबना है कि अधिकांश व्यापारी अच्छे मुनाफे के लिए आसान आयात का रास्ता अपनाते हैं, भले ही आयातित वस्तुओं का मानक कुछ खराब हो। इससे भारत की अनेक एमएसएमई विनिर्माण इकाइयों में रोजगार घटते हैं। इसके साथ ही भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए यह परिदृश्य खतरे से भरा है। हालांकि, पैसे और हितों के जुड़ाव से टकराव घटाने में भी सहायता मिलती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पर अनेक तत्व प्रभाव डालते हैं। दोनों देशों की अथव्यवस्थायें बहुत विशाल हैं और इस कारण दोनों के बीच व्यापार स्वाभाविक रूप से काफी अधिक होता है। सीमा पर कभी-कभी होने वाले विवादों और अन्य भू-राजनीतिक मुद्दों पर अक्सर आर्थिक आयाम भारी पड़ते हैं जिससे व्यापार संबंध फलते-फूलते रहते हैं। चीन की विनिर्माण शक्ति तथा कीमत के मामले में उसकी प्रतियोगिता क्षमता ने उसे भारतीय आयातकों के लिए आकर्षक बना दिया है। यह बात खासकर उन क्षेत्रों के लिए सही है जहां घरेलू उत्पादन मांग पूरी नहीं कर पा रहा है। लेकिन इसके बावजूद चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा भारत द्वारा अपनी वस्तुओं पर निर्भरता तथा व्यापार में समानता लाने की आवश्यकता उजागर करता है। भारत-चीन व्यापार पर भू-राजनीतिक आयामों का प्रभाव अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत सरकार ने अपनी रणनीतिक स्वायत्तता तथा प्रमुख क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है। ऐसे में 'मेक इन इंडिया' तथा 'प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव'-पीएलआई जैसी पहलों को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भारत की व्यापार साझेदारी को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने तथा इन देशों के साथ व्यापार में विविधता लाने की भी आवश्यकता है। सरकार भारत-चीन व्यापार की प्रकृति में मूलभूत संतुलन तथा व्यापार घाटा कम करने के प्रयास कर रही है।

# नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन

**भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के बीच नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरें आजकल चर्चा में हैं। इससे नेपाल में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता स्पष्ट होती है।**



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के बीच नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरें आजकल चर्चा में हैं। भारत और नेपाल सरकार के साथ ही भारत और नेपाल की जनता के बीच बहुत गहरे संबंध रहे हैं। हालांकि, कभी-कभी अफवाहों या गलत सतझदारी के कारण दोनों देशों के बीच तनाव भी पैदा होते रहे हैं। भारत-नेपाल सरकारों तथा जनता के बीच संबंधों के इसी उतार-चढ़ाव का लाभ उसका पड़ोसी देश चीन उठाने का प्रयास करता है। नेपाल में संभावित सरकार परिवर्तन की खबरों पर नेपाल के स्वर्गीय विदेश मंत्री ऋषिकेश शाह यही कहते कि काठमांडू दुनिया में अफवाहों की राजधानी है और यहां अनेक प्रकार के अनुमान लगातार लगाए जाते रहे हैं। एक समय अत्यधिक लोकप्रिय भारतीय अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने कहा था कि नेपाल बहुत खूबसूरत देश है, हालांकि उन्होंने गलती से यह भी कह दिया था, 'हम सौभाग्यशाली हैं कि यह भारत का हिस्सा है।' उनके इस बयान से नेपाल में गुस्से की लहर दौड़ गई थी, पर नेपाल में इसे बड़े मजेदार ढंग से भी लिया गया था।

एक समय दिल्ली के मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने भारत में काम कर रहे नेपालियों के शानदार गुणों की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि वे बड़े अच्छे सेवकों की भूमिका निभाते हैं। उनके इस बयान से भी नेपाल में बहुत से लोग गुस्सा हुए थे और अफवाहों के चलते अनेक भद्दी विकृतियां भी सामने आई थीं। ऋतिक रोशन ने यह कभी नहीं कहा था कि वे नेपालियों को पसंद नहीं करते हैं, पर इसके बावजूद अफवाहों के चलते नेपाल में उनकी फिल्मों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था तथा इसके चलते भारत-नेपाल संबंधों को और भी नुकसान हुए थे। आमतौर से भारत को नेपाल की अपनी समस्याओं और गुस्से का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

हालांकि, निकट अतीत में चीन की नकारात्मक भूमिका काफी बढ़ गई है। नेपाल में भारत-विरोधी भावनायें 2015 में आर्थिक नाकेबंदी से शिखर पर पहुंच गई थीं। कालापानी, लिपुलेख और लिंपीधुरिया पर सीमा विवाद नेपाल द्वारा भारत के इन क्षेत्रों को नए मानचित्र में शामिल करने से और भड़क गया है। कहा जाता है कि इसके पहले भारत ने कालापानी को अपने नए मानचित्र में स्थान दिया था। इस मुद्दे पर चीनी राजदूत सुश्री हू यांक्सी द्वारा नेपाली राजनेताओं की आलोचना को भारतीय मीडिया में उछाला गया। इस प्रकार यांक्सी भारतीय और नेपाली मीडिया के बीच बहस में केन्द्रीय स्थान पर आ गई हैं।

इससे यह पता चलता है कि नेपाल में राजनेता वर्ग, सेलेब्रिटीज़ तथा मीडिया भी ठीक से सूचनाओं और तथ्यों के आधार पर काम नहीं करता है। पिछले सप्ताह फैली इस अफवाह और अनुमानों की व्यापक पृष्ठभूमि पर गौर करना होगा कि नेपाल में संभवत: सरकार में परिवर्तन होने वाला है। जेएसपी-एन में विभाजन की खबरें उस समय आईं जब उसके सुप्रीम तथा उप-प्रधानमंत्री व स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री उपेन्द्र यादव अमेरिका यात्रा पर थे। इस खबर में कहा गया था कि एनसी नेता शेर बहादुर देउबा ने प्रचंड के नेतृत्व वाली वाम-गठबंधन सरकार उलटने के प्रयास किए। इस खबर के अनुसार 12 सांसदों का नेतृत्व करने वाले यादव तथा 10 सांसदों का नेतृत्व करने वाले यूनीफाइड सोशलिस्ट के माधव नेपाल ने सरकार से बाहर जाने का फैसला किया है। एनसी नीत डेमोक्रेटिक एलायंस को सत्ता में आने के लिए 20 से अधिक सांसदों के समर्थन की जरूरत है। यह योजना विफल हो गई क्योंकि यूएमएल के केपी ओली ने जेएसपी-एन में पहले से ही विभाजन करा दिया। इससे उनके पूर्व साथी व सांसद अशोक राय 12 सांसदों में से 7 को लेकर यादव से अलग हो गए।

लेकिन वास्तविक स्थिति अलग है। यादव की योजना मधेशियों के साथ मिल कर पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले पहाड़ी नेपालियों पर वर्चस्व प्राप्त करना था। इससे पहाड़ी और मधेशी सदस्य यादव से नाराज हो गए। राय ने निर्वाचन आयोग से संपर्क कर नेपाल में एक नई पार्टी जेएसपी पंजीकृत कराई जिससे एन बाहर थी। इस पर यादव ने राय समूह से अदालत में निपटने का फैसला किया। राय ने प्रचंड को समर्थन का वादा किया था। लेकिन देउबा के समझौते के बारे में अलग-अलग खबरें थीं जिनके अनुसार यादव को प्रधानमंत्री बनाना या माधव नेपाल के साथ उनके कार्यकाल का साझा शामिल था। यह समझौता भी निरर्थक साबित हुआ क्योंकि यूनीफाइड सोशलिस्ट पहले ही दो प्रधानमंत्रियों- नेपाल व झालानाथ खनल के बीच विभाजित थे। कहा गया कि भारत ने सरकार परिवर्तन के लिए देउबा का समर्थन किया। इस 'आपरेशन टॉपल' के लिए 21 सांसदों वाली आरएसपी या जेएसपी-एन व यूनीफाइड सोशलिस्ट को सत्तारूढ़ अवस्थापना से अलग होना था। इस 'ग्रेट गेम' में 31 सांसदों वाली सीपीएन-माओइस्ट की भूमिका किंगमेकर वाली थी जिसकी आवश्यकतता सत्ता में बने रहने के लिए एनसी व यूएमएल, दोनों को है। प्रचंड-नीत गठबंधन को यह खतरा संसद में हर उस पार्टी से था जिसकें सांसदों की संख्या दहाई में थी। सबसे बड़ी पार्टी एनसी आहत होने के बावजूद राजनीतिक स्थायित्व के लिए सुलह के लिए तैयार नहीं है। इसने 'कोआपरेटिव फंड घोटाले' पर संसदीय कार्यवाही को एक महीने से अधिक बाधित किया जिसमें गृह मंत्री आरएसपी के रबी लामिछाने संलिप्त हैं। उसने लामिछाने के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक संसदीय समिति गठित करने की मांग की। प्रचंड ने ऐसी जांच पर सहमति जताई जिसमें घोटाले में शामिल अन्य पक्षों की भी जांच हो। इस प्रकार कुछ समय बाद संसद का कामकाज बहाल हुआ, पर एनसी ने उसे चलने नहीं दिया। बजट को जल्दी से पास किया गया और सरकार शायद कामकाज चलाने के लिए अध्यादेश का रास्ता अपनाएगी।

भारत में भी इस समय चुनाव चल रहे हैं। भारत ने नेपाल में लोकतंत्र स्थापित करने और उसे बहाल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर वर्तमान समय में चल रहे लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में उलझे हुए हैं और वे भारतीय विदेश नीति संबंधी हर मुद्दे पर, खासकर भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति पर अपने विचार प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजनीति में उतार-चढ़ाव भले ही आते रहें, पर भारत पड़ोसी देशों के लोगों को अपना मित्र मानता रहेगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बिजनेस की तरह राजनय में भी उतार-चढाव आते रहते हैं और यह सामान्य स्थिति का हिस्सा है। भारत-नेपाल सबंधों को हालिया धक्का लंबे समय से जारी सीमा विवाद फिर उभरने से लगा है।

नेपाल सरकार ने अपने राज्य प्रतीक में शामिल करने के बाद नए मानचित्र को 100 रुपये के नोटों पर छापने का भी निर्णय किया है। इसके बारे में एस. जयशंकर ने कहा कि नेपाल ने एकपक्षीय रूप से कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन उनसे जमीनी यथार्थ नहीं बदल सकता है तथा 'स्थापित मंच' पर इस मुद्दे पर चर्चा हो रही है। लेकिन संभवत: दोनों देशों की सरकारों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई है।

प्रचंड और ओली के लिए 'राष्ट्रवाद' जादुई छड़ी की तरह है। पिछले जून में प्रचंड की भारत की आधिकारिक यात्रा के समय जारी प्रेस बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सीमा विवाद का समाधान एक संयुक्त व्यवस्था के अंतर्गत किया जाएगा। लेकिन यह तथ्य आश्चर्यजनक है कि उनके इस बयान का उल्लेख संयुक्त बयान के समय जारी प्रेस वक्तव्य में नहीं था। भारत और नेपाल के बीच राजनयिक और राजनीतिक उतार-चढ़ाव का मुख्य कारण यह है कि दोनों देश एकपक्षीय रूप से अनेक फैसले लेते रहे हैं। यह एकपक्षीयता पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संबंधों को प्रभावित करती है। हालांकि, नेपाली राजनयिकों का कहना है कि मानचित्र के मामले में नेपाल की प्रतिक्रिया पहले की गई भारतीय क्रिया के जवाब में है। पर भारत का कहना है कि ऐतिहासिक व परंपरागत रूप से विवादित क्षेत्र हमेशा भारतीय नियंत्रण में रहे हैं। भारत-नेपाल संबंधों में तनाव के साथ ही यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि वर्तमान नेपाली सरकार का समर्थन करने वाले चीन ने भी एकपक्षीय रूप से भारत से लगी एलएसी को मानचित्र में गलत दिखाया है।

# केजरीवाल को ज़मानत और विवादों का दौर

> "दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिहाई ने अशुभ भविष्यवाणियों और साहसिक राजनीतिक बयानों के साथ विवाद को जन्म दिया, जिससे लोकतंत्र के भविष्य पर देशव्यापी बहस छिड़ गई।"

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



आपराधिक मामलों में आरोपी व्यक्तियों का गिरफ्तार होना और अदालतों द्वारा उन्हें जमानत दे देना कोई नई बात नहीं है। भले ही वह व्यक्ति किसी राज्य का मौजूदा मुख्यमंत्री या पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री हो, जमानत आरोपी को आरोपों से मुक्त नहीं करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जमानत पर रिहा करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि यह एक अस्थायी व्यवस्था है ताकि वह चुनाव अभियान में भाग ले सकें क्योंकि लोकसभा चुनाव पांच साल में एक बार आता है।

अब तक तो सब ठीक है। लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत पर रिहा करने के बाद जो हुआ उसका गहन विश्लेषण करने की जरूरत है। शनिवार को उन्होंने भगवान अंजनेय मंदिर में पूजा की और एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने जो कहा वह चौंकाने वाला और लोगों के मन में डर पैदा करने वाला है. उन्होंने कहा कि अगर भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव जीतती है और सत्ता में वापस आती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी विपक्षी नेताओं को जेल भेज देंगे। केजरीवाल ने यह भी दावा किया कि अमित शाह को अगले प्रधान मंत्री के रूप में तैयार किया जा रहा है क्योंकि मोदी के 2025 में 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने की संभावना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया एक और खुलासा यह था कि योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाएगा। बीजेपी को सत्ता में वापस आए दो महीने हो गए हैं।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया केजरीवाल की जमानत और उनकी भविष्यवाणियों का जश्न मना रहा है। मीडिया का एक बड़ा वर्ग इस तथ्य को भूल गया कि वे खिलाड़ी के रूप में खेल में शामिल हुए बिना लाइव इवेंट की रनिंग कमेंट्री देने वाले लोग थे। केरल और तमिलनाडु में मीडिया क्लाउड नाइन पर रिपोर्ट कर रहा है कि 4 जून 2024 के बाद केंद्र में सरकार बदलने जा रही है। खैर, इसे मतदाताओं पर छोड़ दें जो अपने प्रतिनिधियों को चुनने की प्रक्रिया में हैं। यह देखना अच्छा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से छेड़छाड़ को लेकर संदेह ने तूल पकड़ लिया है और विपक्षी नेताओं ने सरकार गठन के तौर-तरीकों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री की शनिवार की प्रेस मीटिंग 2019 की याद दिलाती है जब उन्होंने दावा किया था कि अगर बीजेपी आम चुनाव जीतती है और सत्ता में लौटती है, तो भारत में कोई और चुनाव नहीं होगा। अगर नरेंद्र मोदी सत्ता में लौटते हैं तो 2019 का आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा, ये 2019 में केजरीवाल के शब्द थे।

2019 के आम चुनाव के बाद, नरेंद्र मोदी बड़े बहुमत के साथ सत्ता में लौटे और देश में सभी राज्य विधानसभाओं के लिए नियमित चुनाव हुए, जिन्होंने अपना अनिवार्य पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। हालाँकि यह दावा चारों तरफ से धराशायी हो गया, लेकिन न तो मीडिया जिसने आखिरी आम चुनावों के बारे में केजरीवाल की चेतावनी को उजागर किया था और न ही हमारे राजनीतिक पंडितों को इसकी याद आई।

एक बार नतीजे घोषित हो गए और भाजपा सत्ता में लौट आई, तो यह खबर बन गई और बाकी सब कुछ भुला दिया गया (कम से कम 2024 तक)।

विपक्ष द्वारा एक और युद्ध का मोर्चा खोल दिया गया है और वह है एक राष्ट्र, एक नेता की अवधारणा, केजरीवाल द्वारा गढ़ा गया बिल्कुल नया नारा। क्या यह स्पेनिश-अमेरिकी दार्शनिक जॉर्ज सैंटायना नहीं थे जिन्होंने 1863 में कहा था कि जो लोग अतीत को याद नहीं कर सकते वे इसे दोहराने के लिए अभिशप्त हैं? मुझे यकीन है कि नरेंद्र मोदी इस कहावत को अच्छी तरह से जानते हैं और इसलिए केजरीवाल द्वारा गढ़े गए नारे का पालन करने की कोई संभावना नहीं है।

देश का पूरा मीडिया इस बात पर एकमत है कि चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है। लेकिन अगर त्योहार आधे-अधूरे और पूरे झूठ से भरे रहेंगे तो निश्चित तौर पर उनका आकर्षण खत्म हो जाएगा। कोई भी कुछ नेताओं के इस दावे के पीछे के तर्क को समझने में असमर्थ है कि भाजपा सरकार संविधान को नष्ट कर देगी!

जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ संविधान को बहुत पटरी से उतार दिया कि संविधान की मूल संरचना के साथ कभी छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। 1976 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद आदि शब्दों को शामिल करके संविधान की प्रस्तावना में बदलाव किया था। भारत 1947 से 1976 तक अपने संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्दों के बिना एक राष्ट्र के रूप में जीवित रहा। जब संविधान का पहली बार मसौदा तैयार किया गया था, तब उसके निर्माता बी आर अंबेडकर इन शर्तों को शामिल करने के पूरी तरह खिलाफ थे। इन शर्तों के लागू होने के बाद ही भारत में सांप्रदायिक दंगे और आतंकवाद चरम पर थे। आरोप-प्रत्यारोप ठीक हैं क्योंकि वे प्रचार की तीव्रता को बढ़ाते हैं। लेकिन बेबुनियाद आरोप चुनाव प्रक्रिया की सुंदरता को ख़त्म कर देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जिन नेताओं को मोदी शासन के संभावित पीड़ितों के रूप में नामित किया है, वे संत या धन्य संत नहीं हैं। दिल्ली से आई रिपोर्टों में कहा गया है कि केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने आठ या नौ बार बुलाया था।

मुख्यमंत्री ने अवमानना के साथ इसे नजरअंदाज करने का फैसला किया। उन्हें शायद यह सच्चाई नहीं पता होगी कि मौजूदा प्रधानमंत्री ने गुजरात दंगों के बारे में उनसे पूछताछ करने के लिए पूर्व सीबीआई निदेशक आर के राघवन की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल के साथ सहयोग किया था। 19 घंटे तक, तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री पूछताछ में बैठे और उनके द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। इसे ही हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा कहते हैं। लोगों को अब भी उम्मीद है कि केजरीवाल भी ईमानदार हैं।

## आप की बात

### चुनावी अनैतिकता

**आंध्र प्रदेश** में हुए मतदान में धन वितरण, भ्रष्ट व्यवहार, मतदाताओं के अधिकारों के उल्लंघन तथा राजनीतिक दलों से रिश्वत मांगने की फरमाइशें सामने आई हैं। विडंबना है कि चुनावी अनैतिकता की यह बीमारी समाज के हर हिस्से को प्रभावित कर रही है। आदर्श आचार संहिता लागू करने के अत्यधिक विकसित संसाधनों के बावजूद वोट के बदले नोट या अन्य सुविधाओं का चलन अब भी जारी है। गरीब ही नहीं बल्कि अमीर लोगों द्वारा अपनी कॉलोनी में खास सुविधाओं की मांग करना हैरान करने वाला है। एक और तो देश भर की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है वहीं कुछ लोग यदि अपने वोट के बदले रिश्वत ले रहे हैं तो यह मानसिकता बने रहने पर देश से कभी भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो सकता। निर्वाचन आयोग को चुनावी अनैतिकताओं की ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने की तात्कालिक कार्रवाइयों के साथ ही कुछ दूरगामी कदमों पर भी विचार करना होगा। देश की न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग को चुनावों में गैर-जिम्मेदारी के साथ येन-केन-प्रकारेण जनता के विभिन्न वर्गों को खैरातें या रेवड़ियां बांटने की परंपरा पर कानूनी रोक लगानी होगी। गरीबों के कल्याण तथा सबको खैरात बांट कर सत्ता तक पहुंचने के बीच अंतर करना देश में सभी राजनीतिक दलों के लिए जरूरी हो गया है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण पर विमर्श

**सरकार** की संवैधानिक आरक्षण व्यवस्था निरंतर जारी रहे परन्तु इसे बेहतर ढंग से व्यवस्थित किया जाना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके और वे गरीबी रेखा से ऊपर उठकर अपना जीवन बेहतर बना सके। विडंबना है कि आरक्षण का वर्तमान रूप वास्तविक जरूरतमंद लोगों के हक़ को कम या समाप्तप्राय कर रहा है। इससे आरक्षित वर्गों के गरीब लोग अपने ही समाज के तुलनात्मक रूप से अमीर लोगों द्वारा हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे अपने जीते जी किसी भी स्थिति में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। संविधान में भी धर्म-आधारित आरक्षण के बजाय शैक्षिक व सामाजिक आधार पर गरीबों, पिछड़ों और अति-पिछड़े लोगों का जीवन संवारने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। बाबा साहब आंबेडकर ने तो आरक्षण की व्यवस्था केवल 10 वर्षों के लिए की थी, किन्तु सभी राजनीतिक दल उसे आगे बढ़ाते चले गए। अब आरक्षण की सीमा पचास प्रतिशत से अधिक करने की मांग हो रही है। ऐसे में चुनाव के पश्चात आरक्षण के पूरे विषय पर व्यापक व सद्भावनापूर्ण विमर्श शुरू किया जाना चाहिए। अत्यधिक लोकप्रिय नरेन्द्र मोदी इस विमर्श की शुरुआत कर सकते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**- एआई के साथ गूगल से अधिक बेहतर नया सर्च इंजन जल्द ही मार्केट में लांच होने जा रहा है। यह इंटरनेट की दुनिया में एक नए युग का सूत्रपात करेगा। एआई दिन-ब-दिन इंसानों के जीवन का अनिवार्य अंग बनता जा रहा है। अभी हम विज्ञान के जिन चमत्कारों को देख रहे हैं उनसे कई अधिक वास्तविकता लिए हुए तकनीक के नए रूप सामने आने वाले हैं। इसके चलते शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवनयापन के तमाम पहलू परिष्कृत हो सकेंगे। एआई से बड़े पेमाने पर सरकार की सभी योजनाएं चुनिंदा एप्स में ही समाहित होकर लोगों को एक ही मंच पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे सभी तरह के कार्य में पारदर्शिता आने के साथ-साथ हेराफेरी और गड़बड़ी के अवसर खत्म होते जाएंगे। कोई आश्चर्य नहीं यदि आगामी आमचुनाव 2029 तक हमें आधार कार्ड के केवाईसी की तरह वैरीफाई करके घर बैठे या दूर देश से वोट करने का अधिकार प्राप्त हो जाए। लेकिन सभी आविष्कारों की तरह एआई से अनेक पेशे हमेशा के लिए समाप्त हो जाएंगे तथा अनेक वर्तमान कौशल निरर्थक सिद्ध हो जाएंगे। भारत जैसे दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश को एआई के इस आयाम पर भी समग्रता से गौर कर व्यापक कदम उठाने होंगे।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### चारधाम यात्रा

**देश** भर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा का हमेशा इंतजार रहता है।10 मई को उत्तराखंड के चारधाम- यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ के कपाट खोले जा चुके हैं। उत्तराखंड सरकार ने सुविधाजनक यात्रा के प्रबंध किए हैं, लेकिन उमड़ते श्रृद्धालुओं को देखते हुए ये नाकाफी साबित हुए। चारधाम यात्रा में 5 किलोमीटर की लंबी लाइन है। हालांकि, सरकार ने ऑफलाइन व ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की है ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। लेकिन 96 घंटे के अंदर ही 5 श्रद्धालुओं की मृत्यु चिंता का विषय है। उत्तराखंड सरकार को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करना होगा। भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने अपील जारी की है कि यात्री अभी यमुनोत्री, गंगोत्री न आएं। केदारनाथ, बद्रीनाथ व गंगोत्री यमुनोत्री की यात्रा बेहद कठिन है। यहां संकरी पगडंडी से गुजर कर जाना होता है। धार्मिक यात्राएं भावना व आस्था से जुड़ी होती है तब भी हमें सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए ही अपनी यात्रा करनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण भी धार्मिक आस्था का अंग है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# राहुल गांधी संविधान लेकर चलते हैं मगर पढ़ते नहीं: जेपी नड्डा

**● भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्मृति इरानी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार**

**संवाददाता।** अमेठी



**मंगलवार** को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अमेठी लोकसभा सीट के लिए प्रचार किया। शहर रामलीला मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को जिताने का संकल्प लेते हुए कहाकि राहुल गांधी संविधान हाथ में लेकर चलते हैं, लेकिन उसे पढ़ते नहीं हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब तक मोदी जिंदा हैं। तब तक कोई आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकता है। ओबीसी, एससी और हमारे आदिवासी भाइयों को आरक्षण का लाभ अनवरत मिलता रहेगा। कांग्रेस पहले से ही राष्ट्र, सनातन और विकास विरोधी रही है।

कांग्रेस ने भगवान राम का भी विरोध किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारत के राजनीतिक मानचित्र पर दो बातों का बहुत बड़ा अंतर आया है। 2014 के पहले भारत का साधारण नागरिक इस बात से सहमत हो चुका था कि राजनीति में कुछ बदलने वाला नहीं है। यह ऐसे ही चलेगा सभी राजनेता ऐसे ही हैं, भारत में कुछ नहीं बदलेगा। हम पिछड़े के पिछड़े रहेंगे हमारा कोई भला नहीं हो सकता। लेकिन आज 10 साल बाद यही भारत का साधारण मनुष्य इस विश्वास के साथ चल पड़ा है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित संकल्प का सपना लेकर के आगे बढ़ रहा है और दूसरा अंतर यह आया है कि 10 साल पहले भारत और भारत के राजनेता और भारत की जो राजनीतिक परिभाषा थी वह जातिवाद की परिभाषा थी।

तुष्टिकरण की राजनीति करो वोट बैंक की राजनीति करो और अपना फूट डालो और राज करो इस संस्कृति को लेकर के चलते थे ढ्ढ लेकिन 10 साल में आज भारत की राजनीति विकासवाद की राजनीति हो गई। पॉलिटिक्स आफ डेवलपमेंट को किसी ने पूरा किया है तो वह भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। तुष्टीकरण किसी का नहीं संतुष्टीकरण सबका होगा और मोदी जी ने मूल मंत्र बनाया की सबका साथ सबका विकास सबके लिए काम करेंगे कोई बड़ा नहीं कोई छोटा नहीं। दुनिया की अर्थव्यवस्था कोरोना की चपेट के बाद लड़खड़ा गई थी।

लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज 10 साल में 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगा करके पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया। आप स्मृति ईरानी को चुनाव जिताएंगे मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और भारत 2 साल के अंदर तीसरी दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत दुनिया में दवाई बनाने में और एक्सपोर्ट में दुनिया का दूसरे नंबर का देश बन गया। आप याद रखें जो यह कांग्रेसी नेता जवाहरलाल नेहरू जी के टाइम से लेकर इंदिरा गांधी जी के टाइम से लेकर के सोनिया गांधी जी के टाइम से लेकर के और यह राहुल बाबा के टाइम तक मांगने वाला भारत था आज मोदी जी के नेतृत्व में देने वाला भारत हो गया। आज हम आज हम पेट्रोल केमिकल्स में तीसरे नंबर पर खड़े हैं। दुनिया में कभी आप जापान की गाड़ियों के बारे में सुनते थे आज भारत ऑटोमोबाइल में गाड़ियों के मैन्युफैक्चर में दुनिया में तीसरे नंबर का बन गया है।

मोदी जी के नेतृत्व में यह भी आपको याद रखना मेड इन चाइना मेड इन ताइवान मेड इन कोरिया की जगह अपना मोबाइल निकाल करके देखो उसमें लिखा है मेड इन इंडिया। भारत का साधारण व्यक्ति आज गांव गरीब वंचित पीड़ित शोषित दलित युवा किसान महिला इन सबको अगर किसी ने ताकत दी है तो मोदी जी की नीतियों और कार्यक्रमों ने ताकत दी है।

# समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिला योजनाओं का लाभ: लल्लू सिंह

**संवाददाता।** अयोध्या



**लोकसभा** चुनाव को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी लगातार जनसम्पर्क कर रहे है। सांसद लल्लू सिंह ने कचेहरी में अधिवक्ताओ के बीच, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अमानीगंज वार्ड के पठानटोलिया में जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिला है। युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिले है। किसान समृद्ध हुए है। श्रमिकों को सम्मान मिला है। भारत की पहचान आज दुनिया में एक सशक्त राष्ट्र के रुप में हो रही है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानको के अनुसार सुविधाएं प्रदान की गई है। विश्व पयर्टन के मानचित्र पर अयोध्या आ गई है। जिसका लाभ रोजगार सृजन के रूप में यहां रहने वाले लोगों को हो रहा है। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य को ओर काफी तेजी से बढ़ रहे है।

कचेहरी में जनसम्पर्क के दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस नाथ पांडे, महामंत्री विपिन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा , बब्बन चौबे, रामकृष्ण तिवारी, नरसिंह नारायण उपाध्याय, अभय श्रीवास्तव , मुन्ना सिंह, के के पांडे, महेंद्र नाथ चौबे, अलख पांडे ,सुभाष चंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र मौर्य ,अभय, श्रीधर मिश्रा, पीयूष रंजन ,रोहित पांडे व जनसम्पर्क में दिनेश मौर्या, शशि प्रताप सिंह, तिलकराम मौर्या, पवन पाण्डेय, शीतला पाण्डेय, शिवकुमार, प्रतिमा शुक्ला, तिलकराम यादव, पुजारी यादव, सूरज गौतम, मुरारी सहाय सिन्हा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदान से 72 घण्टे पूर्व सील होंगी जिले की सीमायें: डीएम



**गोंडा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले मतदान के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिले की अयोध्या व बस्ती के सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद की सभी सीमाओं पर विशेष रूप से सुरक्षा की व्यवस्था तथा बैरीकेटिंग की जाय।

आने-जाने वाले लोगों की कड़ाई के साथ जांच की जाय, ताकि चुनाव के दृष्टिगत जनपद में अनाधिकृत लोग कोई भी गलत कार्य न करने पायें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि 72 घण्टे के पहले ही जनपद की सीमाओं को बैरीकेटिंग के माध्यम से सील कर दिया जाय तथा पूरी गहनता के साथ जांच करने के बाद ही लोगों को जनपद की सीमा के अन्दर प्रवेश दिया जाय। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष नवाबगंज मनोज कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रियंका गांधी ने स्मृति इरानी पर जमकर बोला हमला

**● अमेठी सांसद ने झूठे वादे कर जनता को छला: प्रियंका गांधी**

**संवाददाता।** अमेठी




**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को तिलोई विधानसभा के शाह मऊ, मोहनगंज, रस्तामऊ , राजाफत्तेपुर एवं इन्हौना ,चिटहुला,मुसाफिर खाना आदि नुक्कड़ सभाओं में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार एवं सांसद स्मृति इरानी पर जमकर हमला बोला।

नुक्कड़ सभाओ में मौजूद कांग्रेस एवं गठबंधन के कार्यकर्ताओ ने उनका स्वागत किया।लोगो को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेठी से गांधी परिवार का वर्षों पुराना पारिवारिक रिश्ता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद सिर्फ नाम की सांसद हैं। स्मृति ईरानी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा की सरकार ने झूठी एवं नकारात्मक राजनीति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने युवाओं को रोजगार एवं 15 लाख दिलाने का झूठा स्वपन दिखाया था। उन्होंने कहा कि आज लाखो युवा बेरोजगार घूम रहे हैं इसका मोदी के पास कोई जवाब नही है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचारियों से जांच के नाम पर चंदा लिया।

नुक्कड़ सभा में मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पिछले चुनाव में स्मृति ईरानी ने अमेठी के लोगों को 13 रुपए किलो चीनी देने का वादा किया था। स्मृति का झूठा एवं चुनावी वादा पूरा नहीं पूरा हुआ बल्कि भाजपा और स्मृति ईरानी ने राजीव गांधी एवं राहुल गांधी के समय चालू की गई योजनाओं को बंद कराने का काम किया उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर गरीब महिलाओं के खाते में हर महीने 8500 रुपए एवं युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे। कांग्रेस सरकार आने पर 30 लाख खाली पड़े पदों को भरने एवं किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर न्यूनतम दिहाड़ी मजदूरी 400 रुपए करने के साथ पेपर लीक करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल , जगदीशपुर विधानसभा प्रत्याशी विजय पासी, सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, लालता यादव , वैभव मिश्रा,सुनीता सिंह , चंद्र मोहन तिवारी ,विकास यादव,तनवीर अहमद पूर्व ब्लॉक प्रमुख, वकार अहमद,अशोक सैनी,गोपीचंद्र बाजपेई , परमानंद मिश्रा समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### समय से पूर्व खुली शराब की दुकान, वीडियो हुआ वायरल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली गांव में समय से पूर्ण शराब की दुकान खुलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गयास वायरल वीडियो के संबंध में जब स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त की गई तो लोगों ने कहा कि शराब की दुकान अपने निर्धारित समय से पहले ही खुल गई थी, क्योंकि आबकारी विभाग उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार प्रदेश की सभी शराब की दुकानें सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक खोलने का आदेश हैस जबकि वायरल वीडियो में यह दुकान मंगलवार की सुबह 9:49 बजे ही खुल गई थीस इस संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से आबकारी विभाग रायबरेली के दीवान अमरजीत प्रसाद से बात की तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो उक्त दुकानदार के ऊपर उचित से उचित कार्रवाई की जाएगी।

### शुक्रवार को सीएम योगी अमानीगंज बाजार में करेंगे सभा

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा 17 मई को एक बजे मिल्कीपुर विधानसभा के अमानीगंज बाजार स्थित बीबीएस मेमोरियल हास्पिटल के पीछे मैदान में होगी। जिसमें बूथ स्तर की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि जनसभा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जनसभा में मिल्कीपुर व रुदौली विधानसभा के बूथों की सहभागिता करने का प्रयास किया जा रहा है। सभा को लेकर पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।

### व्यय प्रेक्षक ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**अयोध्या।** व्यय प्रेक्षक विश्वास सोप्नाराव मुंडे ने सामान्य लोकसभा निर्वाचन सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किये गए मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति कार्यालय एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन सम्बंधी प्राप्त शिकायतों व उनका निराकरण तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी कन्ट्रोल रूम के कार्मिकों से ली तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित पैड न्यूज, प्रकाशित खबरें, न्यूज़ मॉनिटरिंग, विज्ञापन अनुमति आदि बिंदुओं पर जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कन्ट्रोल रूम में अब तक 97 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसको सम्बंधित को अग्रसारित कर समय अन्तर्गत नियमानुसार निस्तारित करायी जा रही है।

# उदया इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने घर-घर जाकर मतदान के लिये किया जागरूक

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जनपद** में स्थित उदया इण्टरनेशनल स्कूल के तरफ से क्षेत्र में जनमानस को अपने मतदान के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यालय के समन्वयक सूर्यसेन मिश्र, श्रीमती अनीता त्रिपाठी, श्रीमती खुशबू पाण्डेय, कुमारी किरण पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय, राजन ठाकुर, संदीप वर्मा, संदीप उपाध्याय, हरिशंकर शुक्ला, अंबरीश पाण्डेय, कुमारी शैफाली श्रीवास्तव, कुमारी पूजा अग्रहरि, प्रवेश तिवारी आदि विद्यालय परिवार के लोगो ने पूर्ण ऊर्जा के साथ इस कार्यक्रम को क्रियान्वित किया।

खुशी की बात यह है कि इस कार्यक्रम में कक्षा पॉचवी से लेकर कक्षा दसवीं के बच्चों ने क्षेत्रवासियों को समझाने का प्रयास किया। विशाल जन समूह व बाल समूह की रैली संतकबीरनगर में स्थित सेमरियावा, दुधारा, लोहरौली के पथ अनुगमन के साथ चिमिलाती खिली बिखरी भास्कर की किरणों में पूर्ण हुई। मंगलवार को इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करते हुए विद्यालय के बच्चों में उद्घोष 'देश-जयनाद' (भारत माता की जय) करते हुए कहा कि पहले मतदान फिर जलपान उम्र 18 वर्ष पूरी है अब मतदान जरूरी है, भारत माता की जय, भारत माता की जय बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, चाहे नर हो या नारी, मतदान सबकी जिम्मेदारी। नही करेंगे मतदान, होगा बहुत बड़ा नुकसान।, बहकावे में कभी ना आना, सोच समझ कर बटन दबाना। उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक उदय राज तिवारी के निर्देशानुसार उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक, कर्मचारियों ने ओजस्वी बाग ध्वनियों से नगर को गुंजायमान कर दिया। दो दिवसीय जन प्रेरक मतदान अभियान का कार्यक्रम गति करता हुआ समयानुसार पूरा हुआ।

## पोलिंग बूथ पर उपलब्ध रहेंगी आवश्यक सुविधाएं: डीएम

**गोंडा।** मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद रहें। ताकि मताधिकार का प्रयोग करने आए मतदाताओं को कोई भी असुविधा न हो। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदान केंदों पर पीने के पानी की व्यवस्था रहेगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दी। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि इसके अलावा शौचालय, वेटिंग एरिया में लंबी कतार होने पर मतदाताओं को बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग, वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, रैंप एवं वॉलिंटियर की व्यवस्थाएं मौजूद रहेगी। डीएम ने मतदाताओं से पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन न लाने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि बूथ के अंदर मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में बने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं अनिवार्यत: सुनिश्चित करायें।

# निषादों को गले लगाने का अर्थ है रामराज्य आने की शुरुआत: संजय



**अयोध्या।** विधानसभा बीकापुर भरतकुण्ड सरोवर के बगल मैदान में आयोजित जनसभा में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री संजय निषाद ने जमकर योगी मोदी की तारीफ की। उन्होनें कहा कि राम राज्याभिषेक में भगवान राम की तरफ से निषाद राज को बुलाया गया था। पीएम मोदी तथा सीएम योगी ने निषादों को गले लगाया तो रामराज्य आने की शुरूवात हो गई। 70 सालों में दर्जनों प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आए लेकिन मोदी योगी ने ही निषादो को गले लगाया। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने निषाद के घर जाकर उसका हाल-चाल लिया। घर पर बनी चाय पिया। आज मोदी के नेतृत्व में इतिहास बड़ा हो रहा है हमारा सीना चौड़ा हो रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों ने निषादों को गरीबी में छोड़ दिया था। आज पीएम मोदी व सीएम योगी जय निषादराज का नारा लगाते हैं। निषादों की चिंता पीएम मोदी व सीएम योगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिस प्रकार से महिलाओं तथा उच्च वर्ग के गरीबों को आरक्षण दिया गया है। उसी प्रकार से निषादों को आरक्षण दिया जाए इसकी पैरवी की जाएगी।

# आयुक्त और आईजी ने किया चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती आर0के0 भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, के साथ एच0आर0पी0जी0 कालेज स्थित स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किग व्यवस्था, स्ट्रांग रुम में विद्युत आपूर्ति बनाये रखने तथा साफ-सफाई एवं शौचालय आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाकचौबन्द व्यवस्था, सी0सी0टी0वी कैमरा, वैरिकेटिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। इसी क्रम में एच0आर0इण्टर कालेज व प्रभादेवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# पांचवें चरण के प्रचार को सचिन पायलट ने दी धार, कीं दो चुनावी जनसभाएं

**संवाददाता।** बछरावां, रायबरेली



**पांचवें** चरण के चुनाव का प्रचार चरम पर मंगलवार को राजस्थान की टोंक विधानसभा से कांग्रेस के विधायक एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत सचिन पायलट ने बछरावां विधानसभा के सेहगो एवं पश्चिम गांव में जनसभा कर अपने प्रचार प्रचार अभियान की शुरुआत की जनसभा को संबोधित करने से पूर्व कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बड़ी माला पहनाकर सचिन पायलट का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि वोट तो रूस में भी पड़ते हैं फ्रांस में भी पड़ते हैं पाकिस्तान में भी पड़ते हैं, परंतु कोई यह नहीं कहता की इन देशों में लोकतंत्र मजबूत है, क्योंकि लोकतंत्र भारत में मजबूत है क्योंकि यहां आप अपना वोट डालने के बाद अपने नेता से जवाब मांग सकते है। साथ ही साथ उन्होंने राजीव गांधी सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि 400 सांसद राजीव गांधी जी के पास भी थे, परंतु उन्होंने कभी भी लोकतंत्र एवं संविधान से छेड़छाड़ करने की बात नहीं की। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के पास ऐसी क्या मजबूरी है जो वह लोकतंत्र एवं संविधान से छेड़छाड़ करने की बात कर रहे हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि इन 10 वर्षों में भाजपा ने क्या किया है, सिर्फ भाजपा ने नोटबंदी की, किसान की आय दुगनी नहीं की, तीन काले कानून बनाए, एक ऐसा जीएसटी लेकर आए जिससे सभी लोग परेशान हैं, और सबसे बड़ी बात यह है कि भाजपा ने सरकार बनने के बाद निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया। और एक साथ सैकड़ो सांसदों को निलंबित कर इस देश की संस्थाओं से लोगों की विश्वसनीयता को कम किया है और लोकतंत्र की सरेआम हत्या करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी, नितिन शुक्ला सहित कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं आम जनता मौजूद रही।

# नुक्कड़ सभा में मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां



**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी लो.स.प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जी के समर्थन में नुक्कड़ सभा का आयोजन हरचंदपुर विधान सभा के अचलेश्वरमंदिर रह्वावा में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के उपमुख्य मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला मौजूद रहे उपमुख्य मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने अचलेश्वर मंदिर में पूजन अर्चन कर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के 10 साल के टूरिज्म सेक्टर में अभूतपूर्व उछाल आया. देश में कम से कम पूंजी निवेश में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने वाला अवसर बना। 10 साल में एयरपोर्ट दो गुने बने. भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन सेंटर बना। भारत की जो एयरलाइंस हैं, उन्होंने 1000 नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया। जब ये एयरक्राफ्ट आएंगे तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पायलट, क्रू, टेक्निकल स्टाफ को नौकरी मिलेगी। लोगों को नौकरी मिले, सिक्योरिटी मिले, उन्होंने मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों को सभा में आये जनमानस को अवगत कराया। जैसे गरीब,किसान नौजवान, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, के साथ बिना भेदभाव मोदी सरकार की योजनाओ का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिला।

# एनएसपीएस ने सीबीएसई परीक्षा परिणामों में फिर लहराया परचम

**संवाददाता।** रायबरेली




**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं एवं दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल रायबरेली के विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रबंधतंत्र एवं शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में एक बार पुन: अपना परचम लहराया।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेधावियों और अभिभावकों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा व सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित किया और मेधावियों का मुंह मीठा कराया,इसके साथ ही उन्होंने सफल अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

घोषित परिणामों में 12वीं कक्षा (विज्ञान वर्ग) के छात्र अजीत प्रताप ने 94.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की वरीयता सूची में प्रथम स्थान, खुशी वर्मा ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और संकेत वर्मा ने 91.60 प्रतिशत व साक्षी त्रिपाठी ने 91.60 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही विद्यार्थियों ने विषय वार अधिकतम अंक अंग्रेजी कोर में 98, फिजिकल एजुकेशन में 98, कम्प्यूटर साइंस 97,कमेस्ट्रीऔर बायोलॉजी में 96,मैथमेटिक्स और फिजिक्स में 95 तथा हिन्दी मे 93 अंक अर्जित किये।

इसी क्रम में दसवीं के छात्र संकल्प जायसवाल ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की वरीयता सूची में प्रथम, श्रेया मिश्रा ने 97.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और अनुश ने 96.80 प्रतिशत व सुयश सिंह 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।साथ ही विद्यार्थियों ने विषय वार अधिकतम अंक साइंस तथा कम्प्यूटर (आई टी) में 100,गणित और सामाजिक विज्ञान 99 एवं फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर तथा सामान्य हिंदी में 98 एवं इंग्लिश लैंग्वेज एन्ड लिटरेचर में 97 अंक अर्जित किये।

# बम निरोधक दस्ता टीम ने हैलीपेड का किया निरीक्षण, एसपीजी ने जमाया डेरा

**राठ ( हमीरपुर )** आगामी। 17 मई को प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा को लेकर बीएनवी के मैदान में बनाए जा रहे हेलीपैड और सभास्थल का निर्माण कार्य पर एसपीजी निगरानी बनाए हुये हैं। वही बम निरोधक दस्ता ने निरीक्षण किया है। हेलीपैड और सभास्थल का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा बीएनबी इंटर कालेज के मैदान पर होगी। जिसको लेकर एसपीजी, बम निरोधक दस्ता और खुफ्यिा विभाग ने डेरा डाल लिया है। आज कॉलेज में तीन हेलीपैड और सभास्थल को एसपीजी टीम अपनी देखरेख में निर्माण कार्य करा रही है। सभा स्थल के लिए तेजी से पंडाल व बेरीकेटिंग का कार्य चल रहा है। दर्शकों के लिए कुर्सियां और कूलर की व्यवस्था होने लगी है। एसपीजी के अधिकारी हर व्यवस्था


मैदान का निरीक्षण करने जाते भाजपाई

पर नजर रखे हुए हैं। मंगलवार को बम निरोधक दस्ता और खुफ्यिा विभाग की टीम ने मैदान में पहुंच चप्पे-चप्पे पर निगरानी कर रही है। मैदान के बाहर सड़क किनारे चारों ओर साफसफाई कार्य तेजी से चल रहा है। वीएनबी डिग्री व इंटर कॉलेज के मैदान में कड़ी सुरक्षा लगा दी गई है। ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं जा सके। डीएम राहुल पांडे, एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा व जिले के प्रशासनिक अधिकारी रहे। वही रैली प्रभारी हरीश भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला प्रभारी देवेश कोरी, उमाकांत लोधी, मनोज कुमार गुप्ता, के के बंटी, महेंद्र शुक्ला, नवेंद्र सिंह, जयशंकर त्रिपाठी ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस व प्रशासन रैली के लिए पूरी तरह सतर्क है एक लाख से अधिक भीड़ के लिए पूरी व्यवस्था बनाई जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता कस्बे की गली गली घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का आमंत्रण दे रहे हैं।

### सीएचसी में स्थापित सेफ हाउस

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सेहत विभाग ने सीएचसी राठ में सेफहाउस का निर्णाण कर दिया है। किसी भी अनहोनी के लिये सेहत विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। सेफहाउस में आईसीयू स्थापित कर दिया गया है। कुरारा सीएचसी से वेंटीलेटर लेकर राठ सीएचसी में स्थापित कर दिया गया है। इसमे मानीटर, आपातकालीन समस्त दवाएं, बेड व अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी है।

## अकबरपुर रनियॉ में सर्वाधिक मतदान, सिकन्दरा फिसड्डी

**कानपुर देहात।** जिले की तीन विधानसभाओं अकबरपुर रनियॉ, रसूलाबाद, व सिकन्दरा के 1173 बूथों पर सोमवार को सम्पन्न हुये मतदान में सर्वाधिक मतदान अकबरपुर रनियॉ विधानसभा में दर्ज किया गया वहीं सिकन्दरा में सबसे कम मतदान हुआ। जिले की चारों विधानसभायें अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती है। अकबरपुर रनियॉ विधानसभा अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है वहीं रसूलाबाद विधानसभा कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है वहीं सिकन्दरा विधानसभा इटावा लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार को मतदान हुआ जबकि जालौन गरौठा लोकसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाली भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव अगले चरण में होने वाला है। सोमवार को घोषित मतदान के ॲतिम ऑकडो में अकबरपुर रनियॉ में 62,59 प्रतिशत मतदान हुआ, रसूलाबाद में 59,93 प्रतिशत, सिकन्दरा में 56,17 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इन तीनों विधानसभाओं में कुल 10 लाख एक हजार आठ सौ तीन कुल मतदाता है, जिसमें पुरूष मतदाताओ की संख्या 5,34,806 है व महिला मतदाताओं की सॅख्या 4,66,963 है, सोमवार को सात बजे तक 5,96,673 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत 59,56 प्रतिशत पर ला दिया।

# पीएम की रैली में डेढ़ लाख लोग होंगे शामिल: रंजना

**संवाददाता।** फतेहपुर

**आगामी** 17 मई को होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा तैयारियों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के विचारों को आज जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिन्दुवार सामने रखे। जिला प्रभारी ने कहा कि विशाल पांडाल को व्यवस्थित स्वरूप के साथ ही कई ब्लाकों में बांटा गया है। मीडिया के लिए एक ब्लाक तैयार होगा। वहीं महिलाओं के लिए भी एक विशेष ब्लाक बनाया गया है। संगठन के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की ओर से हल्दी चावल देकर गांव गांव जाकर आमंत्रित किया जा रहा है। व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए 31 तरह के कार्यों को बांटकर कार्यकर्त्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी अपने अपने कार्य में तन्मयता से लगें हैं। रैली में कौशांबी, चित्रकूट बांदा के साथ ही मेजबान फ्तेहपुर से बड़ी संख्या में लोगों का आगमन होना है। लोग बसों चार पहिया दोपहिया वाहनों के साथ ही शहरी क्षेत्र से ई-



रिक्शा से पहुंचेंगे। पार्किंग की उचित व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। प्रत्येक ब्लॉक के साथ ही पार्किंग व रैली स्थल के बीच पेयजल की व्यवस्था हमारी योजना में प्रमुखता के साथ है। जनसभा को सफ्ल बनाने में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जनप्रतिनिधियों समेत प्रदेश व क्षेत्रीय नेताओं द्वारा अपनी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया जा रहा है।

# गैंगस्टर एक्ट के 4 अभियुक्तो की 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**संवाददाता।** सुमेरपुर

**सुमेरपुर** पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के चार अभियुक्त सोनू गुप्ता उर्फ साधू ,रामप्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता , उमाकान्त गुप्ता, रिजवान उर्फ गुड्डू निवासी गण सुमेरपुर द्वारा स्वयं के परिवारिजन और मित्रगण के नाम क्रय की गई लगभग 5 करोड़ 4लाख 34 हजार 556 सम्पत्ति जिसमे 3 मकान, 1 ईट भट्ठा, 3 भू-खण्ड, 5 वाहन व 01 धर्मकाँटा शामिल उसकी कुर्की की गयी है। पुलिस के अनुसार उक्त लोग आपराधिक किस्म के व्यक्ति है।

ये आरोपी गैंग बनाकर, आपराधिक घटनाओ मे संलिप्त रहकर, विद्युत अधिनियम, खेसारी अधिनियम के विरुद्ध सम्पत्ति अर्जित करने, जान माल की धमकी देने, गाली-गलौज व मारपीट जैसी घटनाओ को अंजाम देते है। आरोपियों के पास गिरोह बनाकर जीवकोपार्जन हेतु अपराध के अलावा कोई अन्य व्यवसाय अथवा आय का स्त्रोत नहीं है। पुलिस के अनुसार राम प्रकाश उर्फ प्रांशू गुप्ता के खिलाफ थाना सुमेरपुर में गैंगस्टर सहित कुल दो मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सोनू गुप्ता के खिलाफ थाना सुमेरपुर में गैंगस्टर सहित एक दर्जन तथा बांदा जनपद के जसपुरा थाना में आधा दर्जन कुल डेढ़ दर्जन मुकदमें दर्ज है उमाकान्त गुप्ता के खिलाफ थाना सुमेरपुर में गैंगस्टर सहित तीन मुकदमें तथा रिजवान उर्फ गुड्डू के खिलाफ भी दो मुकदमें दर्ज है। सीओ सदर ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा इनकी चल अचल संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए गए थे उसी के तहत मंगलवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कुर्की की कार्यवाही की गई है।

# वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा हम सबका दायित्व उनके अनुभवों का लाभ ले युवा पीढी: सचिव

**कन्नौज।** अपर जिला जज/सचिव लवली जायसवाल द्वारा आयोजित शिविर में माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम के प्रावधानों के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि उम्र बढ़ने के साथ ही कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं जैसे शारीरिक, मानसिक, आय, रोजगार की समस्या तथा निवास की समस्या आदि। वरिष्ठ नागरिकों को संविधान के अंर्तगत सभी मूल अधिकार प्राप्त है, इसके अतिरिक्त संविधान में अनुच्छेद 37, 41, 46, 47 के अन्तर्गत राज्य पर कर्तव्य अधिरोपित किया गया है कि वह वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, रोजगार, आय आदि के संबंध में उपबन्ध करे।

माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण के लिए कल्याण अधिनियम 2007 पारित किया गया है। जिसके तहत माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक अपने बेटा, बेटी, पोता, पोती से अथवा सम्पत्ति विरासत में प्राप्त करने वाले रिश्तेदार के विरुद्ध भरण पोषण की


विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर में मौजूद सचिव।

मांग कर सकते है। इन सभी कानूनी प्रावधानों के बावजूद भी परिवार व बच्चों का प्राथमिक व पुनीत कर्तव्य है कि अपने माता-पिता, वृद्धजनों की देखभाल व सेवा करें। साथ ही साथ शिविर में उपस्थित वृद्धजनों को यह भी बताया कि यदि किसी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि: शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे और हवाई टिकट में छूट मिलती है। लंबित मुकदमों में वृद्धजनों के मुकदमों को वरीयता के आधार पर सुना जाता है। वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष भारत सिंह वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे द्वारा बताया कि सरकार बुजुर्गों के लिये पैशन योजना चला रही है। 60 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु के बरिष्ठ नागरिकों को राज्य की सीमा में निगम की बसों की किराए में 30 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 50 छूट की स्वीकृति प्रदान फ्लिहाल ही की है। प्रधानमंत्रीय बंदना योजना में सीनियर सिटीजन को 7.4 फीसदी का सलाना ब्याज देती है। इस योजना के तहत कम से कम 1.5 लाख रुपये और अधिकतम 15 लाख रुपये तक निवेश किया जा सकता है। योजना ने टैक्स छूट नहीं है, लेकिन आप इसके तहत लोन ले सकते हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के जिला प्रभारी सत्यराम यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेश चन्द्र शास्त्री एवं पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो द्वारा उपभोक्तासन अधिनियम के बारे में जानकारी दी और बताया कि खरीदी गई वस्तु की सेवा की गुणवत्ता मात्रा कीमत की जानकारी रखें ताकि आपके साथ धोखा नही। प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षा का अधिकार चयन करने का अधिकार सूचना प्राप्त करने क्षतिपूर्ति प्राप्त करने और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार प्राप्त है उन्होंने बताया कि प्रत्येक उपभोकता कोई भी सभान व सेवा खरीदी पर बिल अवश्य प्राप्त करे। साथ ही जिला उपभोक्ता फोरण व राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में उपभोक्ता किस तरह से शिकायत कर सकते है इसकी जानकारी भी शिविर के दौरान दी गयी और विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के संबंध में से उपभोजाओं को जानकारी दी गयी। अधीशाषी अभियन्ता सुनील कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेश चन्द्र शास्त्री, कवि राम प्रकाश शाक्य, पराविधिक स्वयं सेवक अनूप वर्मा, निर्मल कुमार, जगदीश यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बक्सा कारखाने से नकदी-सामान साफ

**फर्रुखाबाद।** बक्सा कारखानें से नकदी व सामान साफकर दिया गया। सुबह दुकानदार जब दुकान खोलनें आये तो मामले की जानकारी हुई। पुलिस को सूचना दी गयी। लेकिन कई घंटे तक पुलिस मौके पर नही पंहुची। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटकपुरा इज्जत खां निवासी मो. हनीश अंसारी के साथ ही उनके भाई मो. शहीद, मो. अलीम व मो. सलीम की लाल दरवाजा पर अलमारी-बक्सा आदि की दुकान व कारखाना है। 12 मई को सभी नें अपनी दुकानों को सकुशल बंद किया। 13 मई को मतदान के चलते दुकानें नही खुली। मंगलवार 14 मई को जब हनीश दुकान खोलनें के लिए गये तो उन्होंने दुकान के शटर का ताला तोड़कर 35000 हजार की नकदी व सामान चोरी मिला। चोरों नें हनीश व उसके भाई शहीद की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। सलीम की दुकान के शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेंकिन सफ्ल नही हो सके। मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गयी।

### ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर निवासी एक ड्राइवर ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जालौन जनपद के कदौरा थानाक्षेत्र के मरगवां गांव निवासी प्रद्युम्न प्रताप सिंह(40) बीते 10-12 वर्षों से कस्बे के वार्ड नंबर 16 में शिवानी पैलेस के पीछे मकान बनाकर रह रहे थे। मृतक के भतीजे पवन सिंह ने बताया कि सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते फूफा प्रद्युम्न सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

### चोरी की कार व तमंचा-कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के मझिलगांव चौकी प्रभारी विकास सिंह व उपनिरीक्षक राकेश कुमार तिवारी अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे। जब पुलिस टीम बुदवन ग्राम के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि एक व्यक्ति चोरी की कार के साथ आ रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने सभी वाहनों को रोक-रोक कर पूछताछ की। तभी एक कार सवार युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राहुल पुत्र जबर सिंह निवासी गली नं. 03 पंचकूला झपरौली थाना छपरौला जनपद गौतमबुद्धनगर बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस उसे कोतवाली ले गई और उसे न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कांस्टेबल सोनू यादव, राजेश सिंह, विष्णु चौधरी, ओमवीर, वरूण कुमार भी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित बाइक गिरने से दो लोग घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरैला गांव निवासी राम बहादुर का 20 वर्षीय पुत्र शैलेश व थाना क्षेत्र के भादर गांव निवासी रामकिशोर का 18 वर्षीय पुत्र आदित्य बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आए थे। जब यहां से वापस जा रहे थे तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। घटना की सूचना स्थानियों ने सरकारी 108 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। वहीं शैलेश गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### सड़क हादसे में इंटर कालेज के बाबू की मौत

**खखरेरू (फतेहपुर)।** नगर के प्रताप नगर वार्ड निवासी मो. सोहराब सिद्दीकी वर्तमान में क्षेत्र के पौली इंटर कालेज में क्लर्क के पद में तैनात थे। मंगलवार को सुबह घर से इंटर कालेज़ के लिए निकले और पनिहा बाबा चौराहा पहुंचे थे कि दरियामऊ की तरफसे आ रहे बाइक सवार जो कि दो लड़कियों को बैठाकर विजईपुर की ओर जा रहा था। तभी उसने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोहम्मद सोहराब के सिर में गंभीर चोट लग गई जिससे इनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है

**फतेहपुर।** मलवां कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए युवा विकास समिति ने निकाली। रैली में सहभागिता कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील किया। रैली निकाल कर लोगों को नारों और पोस्टर देकर 20 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जैसी स्लोगन लिखा था।

### काटा रहित नागफनी की खेती की होगी शीघ्र, जानवरों को चारा में मिलाकर खिलाने के आता है काम

**हमीरपुर।** शासन ने पहली मर्तबा बुन्देलखंड में काटा रहित नागफ्नी के खेती करने का फैसला किया है। फ्लि हाल भूमिसरंक्षण विभाग प्रथम ने जलागम योजना के तहत 17 गांवों में 57 हेक्टेयर खेती करेगा। काटा रहित नागफ्नी जानवरो के चारा के लिये पौष्टिक चारा माना जाता है।भूमि संरक्षण विभाग प्रथम डा. रामअवतार ने सोमवार को बताया कि कनाड़ा व अन्य प्रांतों में काटा रहित नागफ्नी की खेती की जाती है। यह जानवरो को चारा के लिये प्रयोग की जाती है इसमे पौष्टिक तत्व पाये जाते है। भूमि संरक्षण विभाग जलागम योजना के तहत कुरारा व सुरमेपुर ब्लाक के 17 गांवों में बंधी व तालाब बनाने का काम किया जा रहा है। फ्लिहाल इन्ही गांवों में यह खेती की जायेगी। खेती करने के तरीकों की जानकारी दी जायेगी। काटा रहित नागफ्नी के पत्तों को काट काट कर चारा मिला कर जानवरों को खिलाया जाता है। हालाकि यह खेती कुछ जिलों में की जाती है।

# सपा जिला अध्यक्ष ने समस्त फ्रंटल अध्यक्षों को ईवीएम की निगरानी के दिए निर्देश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**समाजवादी पार्टी** के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह वीसी यादव ने कल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मेहनत करने वाले इंडिया गठबंधन परिवार के समस्त वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया है कि जिस प्रकार दिन रात एक कर सभी लोगों ने गठबधन प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के लिए मेहनत की है वह उसके लिए बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने फर्रुखाबाद जनपद की समस्त जनता का भी धन्यवाद दिया है कि उन्होंने डॉ नवल किशोर को अपना अमूल्य मत देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा के गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को सभी वर्ग, सभी धर्म, सभी जातियों के लोगों का आशीर्वाद मिला हैजिसके लिए समाजवादी पार्टी उनका आभार व्यक्त करती है। सपा जिला अध्यक्ष ने फर्रुखाबाद जनपद के जिला प्रशासन, जिला अधिकारी, जिले के कप्तान का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने जिला अध्यक्ष के हवाले से बताया कि अब सभी ईवीएम मशीन सातनपुर मंडी में जमा हो चुकी हैं अत: वह समाजवादी पार्टी के समस्त फ्रंटल संगठन के जिला अध्यक्षों को निर्देशित करते हैं कि अपने अपने संगठन के पांच पांच पदाधिकारी दिन एवं रात की ड्यूटी लगाकर मंडी में नियुक्त करें और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उसकी लाइव फीडिंग देखकर निगरानी की जा सके। जिसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट एवं फोटो जिला प्रवक्ता विवेक यादव को सभी फ्रंटल अध्यक्षों को भेजना होगा।

# फर्रुखाबाद लोकसभा मतदान में किसी बूथ पर पुर्नमतदान नहीं होगा: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**40** फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्षेत्र में 13 मई 2024 को प्रात: 7. 00 बजे से सायं काल 6. 00 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में 59.06 प्रतिशत हुए मतदान में किसी भी वूथ पर पुर्नमतदान नहीं होगा। आधिकारिक सूत्रों ने आज मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय फ्तेहगढ़ कलेक्ट्रेट भवन सभागार में लोकसभा निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा द्वारा जिलाधिकारी जिला रिटर्निंग ऑफ्सिर डॉ. बी.के. सिंह एवं सभी प्रत्याशियो ंनिर्वाचन अभिकर्ताओ की उपस्थिति में आज मंगलवार को 40 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र फर्रुखाबाद में तेरह को मई संपन्न हुए मतदान की सवीक्षा बैठक हुई।



इस बैठक में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बूथों पर शांतिपूण ंढंग से हुये मतदान सही पाया गया जिससे लोकसभा के किसी भी बूथ पर पुर्न मतदान नहीं होगा। यहां निर्वाचन कार्यालय सूत्रों केअनुसार 40 फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 मइ 2024 को प्रात: 7. 00 बजे से सायकल 6. 00 बजे तक अलीगंज विधान सभा मे 61.01 प्रतिशत व विधान सभा कायमगंज म ें62.02 प्रतिशत व विधानसभा अमृतपुर में 57.45 प्रतिशत व विधानसभा फर्रुखाबाद में 53.99 प्रतिशत तथा विधानसभा भोजपुर में 59.89 प्रतिशत औसतन हुए मतदान में, पुरुष मतदाताओं में 60.11 प्रतिशत, महिला मतदाताओं में 57.84 प्रतिशत तथा थर्ड जेंडर (नपुंसक) में 20 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 40 फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 59.06 प्रतिशत औसतन मतदान हुआ है।

# सीबीएसई की परीक्षा में अभिनव सिंह ने बढ़ाया गौरव

● **शांभवी दीक्षित नें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया**

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**सीबीएसई** बोर्ड की परीक्षा में नगर के बेटे एवं बेटी नें बेहतर प्रदर्शन कर न सिर्फ नगर का नाम रोशन किया बल्कि परिजनों सहित गुरूजनों का मान भी बढाया। छात्र-छात्रा की सफ्लता पर गुरूजनों व परिजनों सहित शुभचिंतकों नें मिष्ठान खिलाकर हर्ष करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।

बीतेदिन सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेन्डरी एजूकेशन का परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। जागरण पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल के छात्र नगर निवासी राजीव सिंह के बेटे अभिनव सिंह नें 97 प्रतिशत अंक प्राप्त विद्यालय टॉप किया।


टॉपर को मिष्ठान खिलाते परिजन व इनसेट में शांभवी दीक्षित।

वहीं प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डा. सुधीर दीक्षित की बेटी शांभवी दीक्षित नें 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। टॉपर विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य सहित परिजनों ने मिष्ठान खिलाकर उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित आवास पर विद्यालय टॉपर अभिनव सिंह को उनके पिता राजीव सिंह, माता सुमन वर्मा, बाबा अजय सिंह, चाचा भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह नें मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान अभिनव सिंह का कहना है कि वह इंजीनियर बनना चाहता है जिसमें परिजनों का सहयोग पूर्ण रुप से मिल रहा है। उधर दीक्षित नेत्र चिकित्सालय में डा. सुधीर दीक्षित व शुभचिंतकों नें बेटी की उत्कृष्ट सफ्लता पर मिष्ठान खिलाकर खुशी जताई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अमर दीप मिश्रा, ठा. ललित मोहन सिंह, अतुल गुप्ता, गगन मनीष आदि मौजूद रहे।

# गुम हुई बच्ची को सकुशल बरामद कर उसकी माता के सुपुर्द किया गया

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक महोदय खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व गुमशुदा/अपहृत बालकोध्व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.05.2024 को 01 नफ्र गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.05.2024 की रात को थाना धौरहरा क्षेत्र के चौकी कफ्रा लीलानाथ मन्दिर परिसर में अपनी माता के साथ मेला देखने आईए बच्ची पिंकी उम्र करीब 03 वर्ष पुत्री जुल्ला निवासी ग्राम घुरघुट्टा बुजुर्ग थाना धौरहरा जनपद खीरी गुम हो गई थीए सूचना पाकर चौकी प्रभारी कफ्रा उ0नि0 श्री अजय कुमार सिंह व का0



राहुल चौधरी व म.का. उर्मिला शर्मा तत्काल सक्रिय हो गये, तथा गुमशुदा की तलाशए सुरागरशी/पतारसी कर आज दिनांक 14.05.2024 को गुमशुदा पिंकी उम्र करीब 03 वर्ष पुत्री जुल्ला निवासी ग्राम घुरघुट्टा बुजुर्ग थाना धौरहरा जनपद खीरी को सकुशल बरामद कर बच्ची को उसके माता को सुपद किया।

# शॉभवी ने जिले की मेरिट में स्थान बना किया रोशन

● **कस्बे की पालीवाल नगर निवासी शॉभवी ने ननिहाल में रहकर पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर बनी टापर**

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**सोमवार** को घोषित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाई स्कूल व इण्टरमीडियेट परीक्षा के घोषित परिणाम में कस्बे के पालीवालनगर निवासी मिथिलेश शर्मा की पौत्री शॉभवी भट्ट ने इण्टरमीडियेट मेधावी सूची में जिले में पॉचवा स्थान व केन्द्रीय विद्यालय में प्रथम स्थान ग्रहण कर नाम रोशन किया है। कस्बे का नाम रोशन करने पर नगर पॅचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने बधाई देते हुये मेधावी छात्रा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सोमवार को सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल व इण्टरमीडियेट परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये थे।


टापर शॉभवी अपने नाना मिथिलेश शर्मा के साथ, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय की टापर शॉभवी भट्ट

पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा शॉभवी भट्ट ने इण्टरमीडियेट की परीक्षा में अपने विद्यालय में प्रथम स्थान व जिले की मेरिट लिस्ट में पॉचवा स्थान पाया। हाईस्कूल परीक्षा में भी शॉभवी ने जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया था, अपने ननिहाल में नाना मिथिलेश शर्मा व मॉ दीप्ति शर्मा के सॅरक्षण व प्रोत्साहन से इस होनहार छात्रा ने मेधावी सूची में अपना स्थान बनाकर रूरा कस्बे का नाम रोशन किया है। मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर अभिवावकों ने छात्रा का मुॅह मीठा कराया, वहीं चैयरमैन रामजी गुप्ता ने केन्द्रीय विद्यालय की इस टापर छात्रा की उपलब्धि पर बधाई देते हुये उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 15 मई, 2024



# ममता सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं



**बनगांव (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत मंगलवार को यह आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता मिलेगी। शाह ने इसके साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीएए के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप भी लगाया। शाह ने उत्तर 24 परगना में मतुआ समुदाय के गढ़ बनगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ममता बनर्जी राज्य में सीएए के क्रियान्वयन को कभी नहीं रोक सकतीं, क्योंकि यह केंद्र सरकार का कानून है। दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ए मोदी जी का वादा है। ममता बनर्जी को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत आता है, न कि राज्य सरकारों के अधीन।

शाह ने बनर्जी पर सीएए के बारे में झूठ बोलने और अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी यह झूठ बोल रही हैं कि जो कोई भी सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मैं मतुआ समुदाय के लोगों को आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। आपको नागरिकता मिलेगी और आप देश में सम्मान के साथ रह सकेंग मंत्री ने यह भी कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं कि किसी को कोई असुविधा और कठिनाई नहीं होगी। आपको देश में नागरिकता और सम्मान दोनों मिलेगा।

मतुआ समुदाय, मूल रूप से पूर्ववर्ती पूर्वी पाकिस्तान से है और हिंदुओं का एक कमजोर वर्ग है, जिसके सदस्य विभाजन के दौरान और बांग्लादेश के निर्माण के बाद धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आ गए थे। सीएए नियमों के क्रियान्वयन पर मतुआ समुदाय की प्रारंभिक खुशी कम हो गई है, क्योंकि अखिल भारतीय मतुआ महासंघ ने अपने सदस्यों को बांग्लादेश में उनके पिछले आवासीय पते को साबित करने वाले आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण नागरिकता आवेदन जमा करने से परहेज करने की सलाह दी है। शाह ने बनगांव लोकसभा क्षेत्र में मतुआ समुदाय की बड़ी आबादी को संबोधित करते हुए बनर्जी पर सीएए का विरोध करने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए घुसपैठियों के समर्थन में रैलियां निकालने के लिए निशाना साधा। वह शरणार्थियों के नागरिकता प्राप्त करने के खिलाफ़ क्यों हैं? वह बंगाल में घुसपैठ का समर्थन कर रही हैं, लेकिन हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का विरोध करती हैं। वह सीएए के खिलाफ रैलियां निकाल रही हैं और घुसपैठियों का समर्थन कर रही हैं।

पिछले चार चरणों के चुनाव में लोकसभा की 380 सीट पर मतदान पूरा हो चुका है और उनमें से भाजपा 270 सीट पर जीत हासिल करेगी। पहले चार चरणों में 380 सीट पर मतदान पूरा होने के बाद, मोदी जी ने 270 सीट के साथ बहुमत हासिल कर लिया है। हम जल्द ही 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। बनर्जी ने हाल ही में दावा किया था कि यदि विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आया, जिसका राष्ट्रीय स्तर पर टीएमसी भी हिस्सा है, तो वह संसद में एक नया कानून लाकर सीएए को रद्द कर देगा।

केंद्र ने मार्च में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू किया था। संसद के यह कानून बनाने के चार साल बाद इसके नियमों को मार्च में अधिसूचित किया गया था। इस कानून के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार के शासन को समाप्त कर सकती है। कट मनी (कमीशन) संस्कृति से लेकर घुसपैठ तक, बम विस्फोटों से लेकर भतीजा के गुंडों द्वारा लोगों को परेशान करने तक, सिंडिकेट राज से लेकर पूर्ण अराजकता तक, टीएमसी शासन के तहत पश्चिम बंगाल की स्थिति खराब है। यह केवल मोदी हैं, जो पश्चिम बंगाल राज्य को इस स्थिति से बचा सकते हैं। चिटफंड घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, नगर निगम भर्ती घोटाला, राशन घोटाला, गाय और कोयला तस्करी में शामिल लोगों को जेल जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। भ्रष्टाचार और घोटालों के विभिन्न मुद्दों पर टीएमसी की आलोचना करते हुए शाह ने कहा, किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हावड़ा जिले के उलुबेरिया में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने आरोप लगाया कि बनर्जी केंद्रीय वित्त पोषित योजनाओं के नाम बदल देती हैं और उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार की पहल के रूप में संचालित करती हैं। शाह ने कहा, रोहिंग्या और बांग्लादेशी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के वोट बैंक हैं।

### जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे हैं: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था और अब तक इसकी बहाली की वकालत कर रहे हैं। मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को 2019 में निरस्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

# अधिवक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकताः न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मंगलवार को कहा कि वकील उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में नहीं आते और उपभोक्ता अदालतों के समक्ष सेवा में कमी के लिए उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि विधि व्यवसाय अलग होता है और इसमें काम की प्रकृति विशिष्ट होती है, जिसकी तुलना अन्य व्यवसायों से नहीं की जा सकती। पीठ ने कहा, अधिवक्ताओं से ग्राहक की स्वायत्तता का सम्मान करना होता है। काफी हद तक सीधा नियंत्रण वकील के मुवक्किल के पास होता है। इससे हमारी राय मजबूत होती है कि अनुबंध व्यक्तिगत सेवा का है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत सेवा की परिभाषा से बाहर है। भारतीय विधिज्ञ परिषद, दिल्ली उच्च न्यायालय बार संघ और बार ऑफ इंडियन लॉयर्स तथा अन्य की एक याचिका पर यह फैसला आया, जिसमें राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 2007 के एक फैसले को चुनौती दी गई थी। इस फैसले में कहा गया था कि अधिवक्ता और उनकी सेवाएं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधीन आती हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके विवादों का समाधान समय पर प्रदान करना है। पीठ ने कहा, यदि सभी पेशेवरों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को अधिनियम के दायरे में लाया जाता है, तो अधिनियम के तहत स्थापित आयोगोंमंचों पर मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने 2007 में अपने फैसले में कहा था कि वकील उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में आते हैं और सेवा में किसी भी कमी के लिए उनके ग्राहकों द्वारा उपभोक्ता अदालत में मुकदमा दायर किया जा सकता है।

# उन्नाव बलात्कार पीड़िता की सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने के लिए याचिका दायर करे केंद्रः न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से मंगलवार को कहा कि वह उन्नाव बलात्कार पीड़िता, उसके परिवार के सदस्यों और उसके वकीलों को 2019 के उसके आदेश के तहत प्रदान की गई सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) सुरक्षा वापस लेने के लिए अलग से एक याचिका दायर करे। भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ से कहा कि पीड़िता और अन्य को दिल्ली या उत्तर प्रदेश पुलिस सुरक्षा प्रदान कर सकती है और सीआरपीएफ को इस जिम्मेदारी से हटने की अनुमति दी जाए। न्यायालय ने पीड़िता और अन्य लोगों के जीवन को खतरे का संज्ञान लेते हुए एक अगस्त, 2019 को निर्देश दिया था कि बलात्कार पीड़िता, उसकी मां, उसके परिवार के अन्य सदस्यों और उसके वकील को सीआरपीएफ की सुरक्षा प्रदान की जाए और कमांडेंट स्तर का एक अधिकारी इस मामले में तुरंत अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे।

शीर्ष अदालत ने उन्नाव बलात्कार घटना के संबंध में दर्ज सभी पांच मामलों को उत्तर प्रदेश की लखनऊ अदालत से दिल्ली की एक अदालत में स्थानांतरित कर दिया था और इसकी सुनवाई दैनिक आधार पर करने एवं इसे 45 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को भी निर्देश दिया था कि वह अंतरिम मुआवजे के रूप में पीड़िता को 25 लाख रुपए दे।

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि वह चाहता है कि सीआरपीएफ सुरक्षा कवर वापस लिया जाए और उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद सुरक्षा की जिम्मेदारी उस राज्य की पुलिस को दी जाए, जिसके अधिकार क्षेत्र में पीड़िता रहती है।

न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा, इस संबंध में याचिका दायर कीजिए। उन्होंने बच्चों के बलात्कार के मामलों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि शीर्षक वाले स्वतः संज्ञान में लिए गए इस मामले को आठ सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया। बलात्कार पीड़िता की ओर से पेश वकील महमूद प्राचा ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में उसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें सुरक्षा कवर की जरूरत नहीं है। पीठ ने उनकी दलीलों पर गौर किया और आदेश दिया कि यदि उन्हें कोई सुरक्षा कवर दिया गया है तो उसे वापस लिया जाए। उन्नाव बलात्कार मामले में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है।

# आईएमए प्रमुख अशोकन ने उच्चतम न्यायालय के खिलाफ बयानों के लिए उससे बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख आर वी अशोकन ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में उच्चतम न्यायालय के खिलाफ अपने बयान के लिए मंगलवार को शीर्ष अदालत में बिना शर्त माफी मांगी और खेद व्यक्त किया। अशोकन ने 29 अप्रैल को समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार के दौरान पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में शीर्ष अदालत के फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय ने आईएमए और इसके सदस्य चिकित्सकों के कुछ व्यवहार की आलोचना की है। अशोकन ने 23 अप्रैल की सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बयान दिया था। शीर्ष अदालत ने उस दौरान कहा था कि जब यह एक उंगली पतंजलि पर उठा रहा है तो शेष चार उंगलियां आईएमए की ओर हैं।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अमानउल्लाह की पीठ ने मंगलवार को अशोकन से कुछ कड़े सवाल पूछे और स्पष्ट कर दिया कि इस समय शीर्ष अदालत उनके इस बिना शर्त माफीनामे को स्वीकार नहीं करेगी। न्यायालय में दाखिल एक हलफनामा में अशोकन ने कहा कि उन्हें अपनी इस गलती का एहसास हो गया है कि उन्हें साक्षात्कार में इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए था, जब विषय अदालत के विचाराधीन था। हलफनामा में कहा गया है, अशोकन बिना शर्त माफी मांगते हैं और 23 अप्रैल 2024 को मौजूदा रिट याचिका में इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश के संबंध में अपने बयानों को लेकर खेद व्यक्त करते हैं। शीर्ष अदालत ने 23 अप्रैल के अपने आदेश में कहा था कि उसका मानना है कि आईएमए को पहले खुद को दुरूस्त करने की जरूरत है।

पीठ ने कहा था, एसोसिएशन के सदस्यों के कथित अनैतिक कृत्यों से जुड़ी कई शिकायतें हैं। ए चिकित्सक उन पर मरीजों द्वारा जताए जा रहे भरोसे का गलत फायदा उठा रहे हैं और (चिकित्सा परामर्श में) न केवल महंगी दवाइयां लिख रहे हैं बल्कि उपचार के दौरान टाले जा सकने वालीअनावश्यक मेडिकल जांच का भी सुझाव दे रहे हैं।

शीर्ष अदालत आईएमए द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कोविड टीकाकरण और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने का एक अभियान चलाया गया। न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा दायर एक अर्जी पर सात मई को अशोकन का जवाब मांगा था। अर्जी में अनुरोध किया गया था कि साक्षात्कार में आईएमए प्रमुख द्वारा दिए गए बयानों का न्यायिक संज्ञान लिया जाए। अशोकन ने अपने हलफनामे में कहा है कि उनका इरादा कभी भी शीर्ष अदालत की गरिमा कमतर करने या किसी भी तरीके से न्यायालय का अपमान करने का नहीं रहा था।

## चिकित्सकों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत लाने वाले फैसले पर पुनर्विचार की जरूरतः न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चिकित्सा पेशे को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में लाने वाले उसके 1995 के फैसले पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और इस पर एक बड़ी पीठ द्वारा विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, हमारी राय में, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के इतिहास, उद्देश्य और योजना को ध्यान में रखते हुए और हमारे द्वारा ऊपर व्यक्त की गई राय को ध्यान में रखते हुए उक्त निर्णय पर दोबारा विचार किया जाना चाहिए कि न तो पेशा को व्यवसाय या व्यापार माना जा सकता और न ही पेशेवरों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को व्यवसायियों या व्यापारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बराबर माना जा सकता है, ताकि उन्हें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में लाया जा सके। पीठ ने इस मामले को विचार के लिए भारत के प्रधान न्यायाधीश के पास भेज दिया। उच्चतम न्यायालय ने 1995 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनाम वी पी शांता मामले में एक निर्णय दिया, जिसने चिकित्सा पेशे को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 2(1) (ओ) में परिभाषित सेवा के दायरे में ला दिया। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी एक फैसले को सुनाते समय आई, जिसमें कहा गया कि वकील उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में नहीं आते हैं और सेवा में कमी के लिए उन पर उपभोक्ता अदालतों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

## न्यायालय ने आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली याचिका नामंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के वास्ते केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि याचिका राजनीति से प्रेरित है और पूछा कि यह एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन रहा है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा, यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। याचिका पर विचार करने की न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली। विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। यह देखकर बहुत परेशानी होती है कि एक राजनीतिक नेता खुद को उन दो व्यक्तियों के समान बता रहा है जो राष्ट्रीय नायक हैं।

## डीएचएफएल घोटाले में सीबीआई ने धीरज वधावन को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वधावन को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था। उन्होंने बताया कि वधावन को पहले एजेंसी ने यस बैंक भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

# जदएस विधायक एचडी रेवन्ना अपहरण के मामले में जेल से रिहा

**बेंगलुरु।** जनता दल सेक्युलर (जदएस) के विधायक और पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना को बेंगलुरु के बाहरी इलाके अनेकाल के पाराप्पना अग्रहारा स्थित केंद्रीय जेल से मंगलवार को रिहा कर दिया गया। एक विशेष अदालत (जनप्रतिनिधि) ने सोमवार को उन्हें अपहरण के एक मामले में जमानत दी थी। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे और पूर्व मंत्री एच डी रेवन्ना (66) को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक महिला के कथित अपहरण के मामले में चार मई को गिरफ्तार किया था। इस महिला का मामला एच डी रेवन्ना के बेटे और हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों से जुड़ा है।

विशेष न्यायाधीश गजानन भट ने मामले की सुनवाई की और एच डी रेवन्ना को सशर्त जमानत दी। जेल में छह दिन रहने के बाद बाहर आने पर एच डी रेवन्ना का उनके समर्थकों ने नारेबाजी के साथ स्वागत किया। उनके लिए वहां गाड़ियों का एक बड़ा काफिला मौजूद था। वहां से वह अपने पिता एच डी देवेगौड़ा से मिलने के लिए गए।

अदालत ने एच डी रेवन्ना को कई शर्तों के साथ जमानत दी, जैसे वह पांच लाख रुपए का मुचलका भरेंगे, उन्हें देश से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी और वह पीड़िता एवं अन्य संबंधित पक्षों को प्रभावित नहीं करेंगे। एच डी रेवन्ना की तीन दिन की पुलिस हिरासत आठ मई को खत्म हुई थी जिसके बाद उन्हें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया था। इस अदालत ने उन्हें सात दिनों के लिए यानी 14 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अपहरण का यह मामला एक महिला के बेटे की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था। इस व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि एच डी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल ने उसकी मां का यौन उत्पीड़न किया।

# सीबीआई एमएमटीसी कोयला आयात घोटाले की जांच कर रही जांच

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) एमएमटीसी के ऑस्ट्रेलिया की एक कंपनी से बढ़ी हुई कीमतों पर कोयला आयात में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है, जिसे पीएसयू के पूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ने 11 साल से अधिक समय तक दबाए रखा था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जांच तब शुरू हुई जब एमएमटीसी को उच्चतम न्यायालय में झटका लगा, जिसने ऑस्ट्रेलियाई कंपनी के पक्ष में मध्यस्थता मामला चलाने का आदेश दिया। एमएमटीसी को दिल्ली उच्च न्यायालय में ।,088 करोड़ रुपए जमा कराने थे।

एमएमटीसी ने इन आरोपों की आंतरिक सतर्कता जांच का आदेश दिया कि पीएसयू के कुछ अधिकारियों ने ब्रिस्बेन स्थित कंपनी को 300 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन (लगभग 615 करोड़ रुपए मूल्य) वसूलने की अनुमति देकर आर्थिक लाभ अर्जित किया, जब 2008 में लेहमन ब्रदर्स के दिवालिया होने के बाद विश्व स्तर पर कोयले समेत अन्य वस्तुओं की कीमतें गिर गई थीं।

सतर्कता रिपोर्ट में उजागर की गई गंभीर अनियमितताएं एमएमटीसी के शीर्ष अधिकारियों के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश करने के लिए पर्याप्त थीं। वाणिज्य मंत्रालय के संदर्भ पर सीबीआई ने पिछले साल प्रारंभिक जांच दर्ज की थी जिसमें दो पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। एजेंसी ने घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं दी। सीबीआई को अपनी शिकायत में, एमएमटीसी ने आरोप लगाया कि उसने सात मार्च, 2007 को ब्रिस्बेन स्थित एंग्लो अमेरिकन मेटलर्जिकल कोल प्राइवेट लिमिटेड के साथ कोयला आपूर्ति के लिए एक दीर्घकालिक समझौता किया था। यह समझौता एक-एक वर्ष की तीन अवधि के लिए था। यह समझौता इस आधार पर हुआ था जहां आपूर्ति के लिए खरीदार वस्तु भेजे जाने के बाद सभी जोखिम उठाता है।

आपूर्ति की अवधि एक जुलाई 2004 से 30 जून 2005, एक जुलाई 2005 से 30 जून 2006 और एक जुलाई 2006 से 30 जून 2007 तक थी। इन्हें दो अतिरिक्त आपूर्ति अवधि तक बढ़ाया जा सकता था। समझौते की शर्तों के अनुसार, एमएमटीसी कंपनी के साथ नए दीर्घकालिक समझौते को आगे बढ़ाने या बातचीत करने के लिए सहमत हो सकती थी। पीएसयू ने बिना किसी विवाद के पहली विस्तारित आपूर्ति अवधि का लाभ उठाया, जिसमें कोयले की कीमत 96 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन रखी गई थी।

दूसरी विस्तारित आपूर्ति अवधि कथित तौर पर एमएमटीसी अधिकारियों और एंग्लो अमेरिकन मेटलर्जिकल कोल प्राइवेट लिमिटेड की मिलीभगत से तय की गई थी, जब पीएसयू अधिकारी 300 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन की कीमत पर सहमत हुए थे, पिछले वर्ष यह 96 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी।

सूत्रों ने कहा कि आपूर्ति अवधि के लिए समझौते को बढ़ाने को लेकर संबंधित आपूर्ति अवधि शुरू होने से पहले आपसी चर्चा के माध्यम से कीमतों पर बातचीत की जानी थी। यदि कीमतें एमएमटीसी के अनुकूल नहीं होतीं, तो वह एक नया दीर्घकालिक समझौता कर सकती थी, जिससे सभी कोयला आपूर्तिकर्ता प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होते और इसके परिणामस्वरूप प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्त होता।

अधिकारी ने नोट शीट पर यह भी दर्ज किया था कि मार्च 2009 तक, एमएमटीसी को 2008-09 के लिए कोयले की 300 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन (एफओबी) कीमत को अंतिम रूप देने से बचने और स्थगित करने का प्रयास करना चाहिए। ऐसा इसलिए आगाह किया गया था क्योंकि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)-एमएमटीसी के ग्राहकों के पास मार्च 2009 तक उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक था।

# पेज 1 का शेष

## नई पारी...

ये हमारे दस साल की मेहनत का फल है। मेरा विषय यह नहीं है कि मेरी पार्टी का कोई व्यक्ति जीतेगा या नहीं, लेकिन लोकतंत्र मजबूत हुआ है इसकी संतुष्टि है। लोगों को श्रीनगर में हुआ यह भव्य परिवर्तन दिखाना चाहिए।

## आप ने....

बदतमीजी होती है, उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और अभी भी आम आदमी पार्टी के नेता इस घटना पर विचार करने की बात कर रहे हैं। एक महिला के साथ मारपीट होने के बाद सोचने की बजाय अब तक गिरफ्तारी करवा देनी चाहिए थी। सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल उस वक्त वहां नहीं थे लेकिन भाजपा को जानकारी है कि यह सारी घटना अरविंद केजरीवाल के इशारे पर और उनके समक्ष हुई है। आखिर मालीवाल पर इतना दवाब क्यों डाला गया और उन्हें क्यों चुप कराया गया है। जब संजय कह रहे हैं कि स्वाति मालीवाल एक प्रखर वक्ता है तो भाजपा भी तो शुरु से कह रही है कि वह मुद्दे उठाती रही हैं। इसलिए संजय सिंह के बयान को आधार बनाकर तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और जो दोषी हैं उन पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं डॉ. नवीन जयहिंद ने मालीवाल के साथ हुई घटना को साजिश बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल के साथ जो मार-पीट हुई यह एक साजिश के तहत हुई है। उनका स्वाति के साथ 4 साल पहले तलाक हो चुका है लेकिन ये मार-पीट ये बहुत बड़ी साजिश है। अब स्वाति को डराया-धमकाया जा रहा है। चुप रहने के लिए बोला जा रहा है। उसकी जान तक को अब खतरा है। जयहिंद ने संजय सिंह को भी लताड़ लगाते हुए कहा कि सफाई देने वाली सांसद क्यों झूठ बोल रहे है। जयहिंद ने कहा कि स्वाति को खुद सामने आना चाहिए।

## फर्जी खबरें...

लगभग आधे उत्तरदाताओं ने अप्रामाणिक समाचार साझा किए, जो बाद में फर्जी पाए गए, हालांकि 95 प्रतिशत समाचार को प्रमाणित करने का दावा करते हैं। किसी सूचना या समाचार को प्रमाणित करने के लिए, उत्तरदाता विभिन्न उपकरणों और तरीकों पर भरोसा करते हैं। उनमें से 30 प्रतिशत से अधिक ने कहा कि वे सूचना के स्रोत की जांच करके ऐसा करते हैं, इसके बाद 29 प्रतिशत ने दावा किया कि वे तथ्य की जांच करते हैं, 24 प्रतिशत ने अपने आसपास के लोगों के साथ इसके बारे में बात की, और 11 प्रतिशत ने इसके स्वर का मूल्यांकन किया।समाचारों, प्रचार और आख्यानों के सागर के बीच, किसी पर जवाबदेही तय करना कठिन है, लेकिन 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने गलत सूचना आख्यानों में अपनी भूमिका की जिम्मेदारी ली। हालाँकि, 89 प्रतिशत का मानना है कि सरकार को फर्जी खबरों को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है, 10 में से 7 उत्तरदाताओं का सुझाव है कि सख्त नीतियां आवश्यक हैं। ऐसे युग में जहां समाचार मीडिया संगठन भी अपनी पहुंच का विस्तार करने और आधुनिक तकनीक के अनुसार खुद को बदलने की कोशिश कर रहे हैं, जेन-जेड की लगभग 66 प्रतिशत आबादी समाचार उपभोग के लिए यूट्यूब, सोशल मीडिया, मैसेंजर और आनलाइन लेखों जैसे इंटरनेट पोर्टलों पर निर्भर है।

## चुनाव आयोग...

उल्लंघन की शिकायतों पर चुनाव प्राधिकरण द्वारा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को कारण बताओ नोटिस जारी करने की पृष्ठभूमि में आया है। चुनाव आयोग के अनुसार, राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को मौजूदा लोकसभा चुनाव में उनसे अपेक्षित प्रचार के दौरान बेहतर भाषा का 'उदाहरण' स्थापित करने चाहिए। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि देश के सामाजिक ताने-बाने पर स्थायी असर से बचने के लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना मुख्य रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। आयोग ने यह भी कहा, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के लगभग दो महीने पूरे होने के बाद, विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर अभियान काफी हद तक हिंसा मुक्त, कम शोर, कम अव्यवस्थित और घुसपैठ, प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि एक-दूसरे के खिलाफ कांग्रेस और बीजेपी की कुछ शिकायतें लंबित हैं, जिसमें शीर्ष स्टार प्रचारकों द्वारा सांप्रदायिक, जाति, क्षेत्रीय भाषा विभाजन या भारत के संविधान की पवित्रता पर विभाजनकारी बयानों के साथ-साथ एमसीसी के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। अतीत में, आयोग उन व्यक्तिगत नेताओं को नोटिस जारी करता रहा है जिन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था। आंकड़ों को साझा करते हुए, चुनाव निकाय ने कहा कि छह राज्यों गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में मुख्यमंत्रियों के प्रधान सचिव के रूप में दोहरे प्रभार वाले अधिकारियों को स्वत: संज्ञान से हटाया जा रहा है, क्योंकि उनके पास गृह/सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभार था। इसका उद्देश्य डीएम/डीईओ/आरओ और एसपी पर नियंत्रण रखने वाले चुनाव संबंधी वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालयों से दूर करना था। पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्वत: संज्ञान लेते हुए हटा दिया गया क्योंकि उन्हें पिछले चुनावों में भी चुनाव ड्यूटी से रोक दिया गया था। गुजरात के दाहोद संसदीय क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर कब्जा करने और ईवीएम से छेड़छाड़ की कांग्रेस की शिकायत पर पुनर्मतदान का आदेश दिया गया और पूरे मतदान दल और पुलिस दलों को निलंबित कर दिया गया और संबंधित राज्य अधिकारियों को उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया है। टीडीपी की शिकायत पर, आयोग ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और असत्यापित आरोपों से संबंधित आयोग की सलाह के उल्लंघन के लिए अध्यक्ष, वाईएसआरसीपी की निंदा की। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की शिकायत पर, बीआरएस को एक प्रेस वार्ता के दौरान एमसीसी का उल्लंघन करने वाले बयान देने के लिए किसी भी सार्वजनिक बैठक, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियों, शो और साक्षात्कार और मीडिया में सार्वजनिक भाषण देने से 48 घंटे के लिए रोक दिया गया था। बीआरएस की शिकायतों पर, तेलंगाना में एक मंत्री को बेबुनियाद आरोप लगाने और विपक्षी दल/नेता की छवि खराब करने के लिए निंदा की गई। कांग्रेस की शिकायत पर बीजेपी फॉरकर्नाटक के एक्स अकाउंट से एक पोस्ट को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर हटा दिया गया। मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। कांग्रेस की शिकायत पर कि सोशल मीडिया साइट पर कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों में बदलाव कर गलत इरादे से डाली जा रही हैं, चुनाव आयोग ने इंस्टाग्राम हैंडल 'बोल हिमाचल' के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया और कथित आपत्तिजनक मीडिया पोस्ट. को सोशल मीडिया को हटाने के लिए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भाजपा की शिकायत पर, एक पूर्व महिला मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए मध्य प्रदेश राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। चुनाव आयोग ने आगे कहा, आप की शिकायत पर सीईओ दिल्ली को आप द्वारा मंजूरी के लिए प्रस्तुत गाने की दोबारा जांच करने और उसे मंजूरी देने का निर्देश दिया गया। पश्चिम बंगाल से सीएपीएफ की वापसी के बाद उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा में आयोजित एक चुनावी रैली में स्थानीय मतदाताओं और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को परिणाम के बारे में धमकी देने के लिए एआईटीसी के एक विधायक के खिलाफ आईपीसी की धारा 171 एफ, 506 और आरपी अधिनियम 1951 की धारा 135 (सी) के प्रावधानों के तहत एफआईआर का आदेश दिया गया। कांग्रेस की शिकायत पर, एक केंद्रीय मंत्री द्वारा अपने हलफनामे में संपत्ति की घोषणा में किसी भी विसंगति के सत्यापन के लिए सीबीडीटी को निर्देश दिए। इसी तरह चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए आंध्र प्रदेश के डीजीपी (एचओपीई) को हटाया। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश के डीजीपी (इंटेलिजेंस), विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त, डीआइजी अनंतपुरमू और प्रकाशम, चित्तूर, पलनाडु, अनंतपुरमू के एसपी को भी विभिन्न शिकायतों/इनपुट के आधार पर हटा दिया गया। इसी तरह की शिकायतों/इनपुट पर, आंध्र प्रदेश में चार डीवाईएसपी/ एसडीपीओ और 5 पुलिस इंस्पेक्टर/एसएचओ/सब इंस्पेक्टर को भी स्थानांतरित/निलंबित कर दिया गया।

# रामलला को फिर से तंबू में भेजने की साजिश रच रही कांग्रेस : मोदी

भाषा। गिरिडीह ( झारखंड )



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर शर्मनाक राजनीति करने और रामलला को फिर से तंबू में भेजने की साजिश रचने का आरोप लगाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति का सबसे बड़ा मॉडल बनने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने भारत को इन बुराइयों से मुक्त करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने झारखंड के गिरिडीह में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, राम मंदिर को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा शर्मनाक बयान जारी किए जा रहे हैं। उनके नेता रामलला को एक बार फिर टेंट में भेजने और उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ बात करने की साजिश रच रहे हैं। अयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने के बाद रामलला की पुरानी मूर्ति को तंबूनुमा स्थल पर रखा गया था।प्रधानमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन मंदिर परिसर को फिर से बंद करना चाहता है। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रष्ट ताकतों को दूर करने का अनुरोध किया।मोदी ने कहा, कांग्रेस ने देश को नक्सलवाद में झोंका और कई परिवारों को बर्बाद कर दिया जबकि भाजपा ने देश में नक्सली हिंसा को नियंत्रित किया।नक्सलवाद की मार झेल रहे झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों पर जोर देते हुए मोदी ने वादा किया कि प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान वह देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया कर देंगे।मोदी ने आरोप लगाया कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठियों को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता वंचित लोगों को प्राथमिकता देना है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना राष्ट्र के हित में सबसे बड़े कदमों में से एक है और उन्हें खुशी है कि वहां के लोग दशकों बाद सोमवार को लोकतंत्र का त्योहार मना सके। श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों के खत्म होने के बाद घाटी में पहले लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को मतदान हुआ। मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता मोदी की कब्र खोदने का सपना देख रहे हैं लेकिन उन्हें लोगों के प्यार और स्नेह के सुरक्षा कवच से सुरक्षा मिली हुई है। उन्होंने कहा, मैं किसी शाही परिवार में पैदा नहीं हुआ, मैं गरीब था। मैं गरीबी में रहा हूं और अपने लोगों को इससे मुक्त करने का संकल्प लिया है।मोदी ने कहा कि यही कारण है कि उनकी सरकार ने गरीबों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की और झारखंड के देवघर सहित विभिन्न स्थानों पर एम्स अस्पताल स्थापित किए।

# सरकार ने लिट्टे पर प्रतिबंध की अवधि और पांच साल बढ़ाई

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार ने** लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधाराओं (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में अपनी गतिविधियां चला रहा एक संगठन है लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं। केंद्र सरकार की राय है कि लिट्टे अब भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए नुकसानदेह हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि मई, 2009 में श्रीलंका में अपनी हार के बाद भी, लिट्टे ने ईलम (तमिलों के लिए एक अलग देश) की अवधारणा को नहीं छोड़ा है और वह प्रचार गतिविधियों तथा धन उगाही के माध्यम से गुप्त रूप से ईलम के लिए काम कर रहा है। अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अधिसूचना में कुछ अन्य कारणों का हवाला देते हुए कहा गया है, लिट्टे समर्थक समूहातत्व जनता के बीच लगातार अलगाववादी प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत तथा विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन आधार बढ़ा रहे हैं, जिसका अंततः भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर एक मजबूत विघटनकारी प्रभाव होगा।

सभी तमिलों के लिए एक अलग देश (तमिल ईलम) का संगठन का मकसद भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने वाला है और यह भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को संघ से अलग करने के समान है और इस प्रकार यह गैरकानूनी गतिविधियों के दायरे में आता है। उसने कहा कि विदेशों में रहने वाले लिट्टे समर्थकों ने लिट्टे की हार के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराते हुए तमिलों के बीच भारत विरोधी दुष्प्रचार फैलाना जारी रखा है और इसे अगर नहीं रोका गया तो तमिल जनता के बीच केंद्र सरकार और भारतीय संविधान के प्रति नफरत की भावना विकसित होने की आशंका है।

## नर्मदा नदी में छह बच्चों सहित सात लोगों के डूबने की आशंका

**नर्मदा।** गुजरात मे नर्मदा जिले के पोइचा गांव में मंगलवार को छह बच्चों के साथ 45 वर्षीय एक व्यक्ति के नर्मदा नदी मे डूब जाने की आशंका है। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह लोग नदी में नहाने के लिए उतरे थे लेकिन लापता हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। नर्मदा शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, छह बच्चों और व्यक्ति का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। बच्चों की उम्र सात से 15 साल के बीच है और व्यक्ति 45 वर्ष का है। उन्होंने कहा कि वे सूरत से आए 17 लोगों के एक समूह का हिस्सा थे। यह सभी लोग एक मंदिर में पूजा करने के बाद नर्मदा नदी मे स्नान करने के लिए पोइचा गांव गए थे।

## नामाकूल में दिखेगा दोस्ती की कहानी

**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी ने आज अपनी आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़, नामाकूल के बेहद प्रतीक्षित ट्रेलर को लॉन्च किया। लखनऊ में बने इस ट्रेलर में दो बहुत घनिष्ठ दोस्त, मयंक और पीयूष को दिखाया गया हैं, जो अमीरी से बहुत दूर हैं और प्रसिद्धि की आशा में हैं, क्योंकि वे अपने कॉलेज के दूसरे साल में प्रवेश कर रहे हैं। यह जोड़ी हंसी मजाक के कई घटनाओं में खुद को पाती है, जो एक हास्य, रोमांस, और अपराध की यात्रा की शुरुआत करती है, जब वे मर्दानगी की सच्ची परिभाषा को उजागर करने का प्रयास करते हैं। यह सात एपिसोड की सीरीज़ रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित है और शांतनु श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई है, जिसमें हिना खान, अभिनव शर्मा, आरोन कूल, अभिषेक बजाज, अनुष्का कौशिक, फैसल मलिक और आदिल खान प्रमुख भूमिकाओं में शामिल हैं। यह कॉमेडी ड्रामा रिलायंस एंटरटेनमेंट स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

## हापुड़ में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**हापुड़ (उप्र)।** हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र मे एक कार के ट्रक से टकरा जाने से हुई दुर्घटना मे छह लोगो की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार सुबह बताया कि घटना मे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, हादसा सोमवार देर रात ब्रजघाट टोल के पास हुआ जब चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद तेज रफ्तार कार एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि हादसा देर रात करीब 12.30 बजे हुआ।

## प्लेटिनम के आभूषणों की बढ़ी मांग

**मुंबई।** गर्मियों में शादियों का मौसम शुरू हो रहा है, और इंगेजमेंट रिंग के लिए अपनी पसंदीदा सेलिब्रिटी से प्रेरणा लेने का समय आ गया है। पूरी दुनिया में सेलिब्रिटीज अपनी शादी के क्षणों को यादगार बनाने के लिए लंबे समय से प्लेटिनम से बनी इंगेजमेंट रिंग पसंद करते आए हैं क्योंकि यह प्राकृतिक सफेद मैटल सुंदरता, टिकाऊपन के साथ टाईमलेस आकर्षण प्रदान करता है। सर्वोच्च अभिनेताओं से लेकर संगीत के दिग्गजों तक इन सभी सेलिब्रिटीज ने प्रतिबद्धता के सर्वोत्तम प्रतीक के रूप में प्लेटिनम को चुनकर एक ऐसा ट्रेंड शुरू कर दिया, जो पूरी दुनिया में युगलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्लेटिनम से बनी इंगेजमेंट रिंग्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स के बारे में प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल (पीजीआई)- इंडिया की बिजनेस डायरेक्टर, पल्लवी शर्मा ने कहा कि ग्लोबल ट्रेंड्स से प्रभावित प्लेटिनम लव बैंड्स इंगेजमेंट रिंग्स की दुनिया में एक लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं। इनके कुछ दिलचस्प ट्रेंड्स में ''मॉडर्न विंटेज'' एस्थेटिक शामिल है, जिसमें समकालीन डिजाईन एलिमेंट्स के साथ पारंपरिक स्टाईल्स का मिश्रण क्लासिक डिजाईन का आधुनिक रूप प्रस्तुत करता है।

# संघ प्रमुख भागवत और सर कार्यवाह होसबाले ने सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी को मंगलवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके जाने से देश ने एक जागरुक सामाजिक कार्यकर्ता तथा कुशल राजनेता को खो दिया है। सुशील मोदी (72) का सोमवार रात को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे। भागवत और होसबाले ने संयुक्त वक्तव्य में कहा, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और संसद सदस्य सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन से अत्यंत दुख हुआ। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार, असख्य मित्रों और प्रशंसकों के साथ हैं। उन्होंने कहा, सुशीलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक थे और उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में भी सेवाएं दीं। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सुशील मोदी हमेशा राष्ट्र और उसके कल्याण के लिए चिंतित रहते थे और बिहार पर उनका विशेष ध्यान रहता था। उन्होंने संयुक्त बयान में कहा, उनके निधन से देश ने एक जागरुक सामाजिक कार्यकर्ता और कुशल राजनेता को खो दिया है। वह सार्वजनिक जीवन में शुचिता और पारदर्शिता के आदर्श उदाहरण थे।

# एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में नहीं लौट रहे : ममता

भाषा। कल्याणी (पश्चिम बंगाल), 14 मई (भाषा)

**तृणमूल कांग्रेस ( टीएमसी )** प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया 300 से अधिक लोकसभा सीट जीतकर केंद्र में अगली सरकार बनाएगा और एकमात्र गारंटी यह है कि नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल नहीं मिलेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने नदिया जिले के कल्याणी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संदेशखालि मुद्दे पर झूठ फैलाने और राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में वापस नहीं आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन 295 से 315 के बीच सीट हासिल करेगा, जबकि भाजपा अधिकतम 200 तक ही सीमित रहेगी। संदेशखालि मुद्दे को लेकर मोदी पर निशाना साधते हुए, बनर्जी ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। गारंटी बाबू (मोदी की गारंटी पर निशाना साधते हुए) पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है (कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए), वे टेलीविजन चैनल से उन्हें नहीं दिखाने के लिए कह रहे हैं।

# केंद्र में बसपा की सरकार बनी तो बुंदेलखंड अलग राज्य बनेगा: मायावती

भाषा। झांसी (उप्र)

**बहुजन समाज पार्टी** (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को दावा किया कि अगर वे सत्ता में आईं तो अलग बुंदेलखंड राज्य बनाया जाएगा। मंगलवार को झांसी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा, अलग बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग हो रही है, अगर हमारी सरकार (केंद्र में) बनी तो हम इस संबंध में सकारात्मक कदम उठाएंगे।ुंदेलखंड जरूर एक अलग राज्य बनाया जाएगा। बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला एक पहाड़ी क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश के सात जिले (बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी, जालौन और चित्रकूट) और मध्य प्रदेश के आठ जिले इस क्षेत्र में आते हैं। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री रहते हुए वर्ष 2011 में उप्र को चार भागों में विभक्त करने का एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था और हाल में पश्चिमी उप्र की चुनावी जनसभाओं में उन्होंने सत्ता में आने पर पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाने का वादा किया। मायावती ने यह भी दावा किया कि वर्तमान भाजपा नीत राजग सरकार के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव में सत्ता में वापसी करना



आसान नहीं होगा, बशर्ते यह चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हो और ईवीएम से छेड़छाड़ न की जाए। मायावती ने कहा कि लंबे समय तक केंद्र और देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उसकी गलत नीतियों के कारण उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भाजपा और उसके सहयोगी दल केंद्र और काफी राज्यों में सत्ता पर काबिज हैं लेकिन उनकी भी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, साम्प्रदायिक तथा द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी तथा करनी में अंतर की वजह से अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा के लिए केंद्र की सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी। उन्होंने कहा, इस बार भाजपा की नाटकबाजी और जुमलेबाजी नहीं चलने वाली है क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि भाजपा ने जो वादे किए और हवा-हवाई गारंटी दी थी।

## पिकनिक मनाने गए पांच किशोरों की बेतवा नदी में डूबने से मौत

**जालौन ( उप्र )।** जालौन जिले के कोटरा क्षेत्र में बेतवा नदी के सलाघाट पर पिकनिक मनाने गए पांच किशोरों की नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। सभी के शव मंगलवार को नदी से निकाले गए। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने बताया कि उरई कोतवाली क्षेत्र के बागौरा मुहल्ले के रहने वाले पांच लड़के आर्यन (16), अनुभव बुंदेला (17), शिवा (16), महेंद्र प्रताप (17) और हेमंत (17) सोमवार को पिकनिक मनाने के लिए कोटरा क्षेत्र में बेतवा नदी के सलाघाट गए थे। इस दौरान वे सभी नहाने के लिए नदी में उतरे और गहरे पानी में जाने से डूब गए।

## दरगाह पर झाड़-फूंक कराने पहुंची महिला ने मौलवी पर बलात्कार का आरोप लगाया

**बदायूं ( उप्र )।** बदायूं जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़े सरकार की दरगाह पर झाड़-फूंक के जरिए इलाज कराने आई महिला ने दरगाह पर चादर बेचने वाले एक कथित मौलवी के खिलाफ बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस उपाधीक्षक आलोक मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र में बदायूं-दिल्ली मार्ग पर सोत नदी के किनारे बनी बड़े सरकार की प्रसिद्ध दरगाह मुसलमानों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां मानसिक रोगों का झाड़-फूंक के जरिए इलाज कराने आ रही बिजनौर जिले की रहने वाली एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को मंलवार को एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि अर्जी में महिला ने कहा है कि वह लगभग एक साल से झाड़-फूंक के जरिए इलाज कराने के लिए बदायूं में रह रही है। उसने आरोप लगाया कि दरगाह में चुनरी और चादर की दुकान लगाने वाला मौलवी राहत ने इलाज के नाम पर झांसा देकर उसे अपने कमरे में ले गया और वहां उससे बलात्कार किया।

# अश्लील वीडियो लीक करने के लिए बड़ी मछली जिम्मेदार: कुमारस्वामी

भाषा। बेंगलुरु

**जनता दल** (सेक्युलर) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उनके भतीजे और हासन से पार्टी सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर महिलाओं के यौन शोषण के वीडियो लीक होने के लिए एक बड़ी मछली जिम्मेदार है। कुमारस्वामी ने परोक्ष रूप से उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार पर कटाक्ष किया। प्रज्वल रेवन्ना मामले के बारे में पत्रकारों से बातचीत में जद (एस) नेता कुमारस्वामी ने कहा कि मांड्या के एक विधायक ने कहा कि वीडियो जारी करने के पीछे बड़ी मछली थी। वह बड़ी मछली कौन है, इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, और कौन? आज मांड्या के एक विधायक ने बड़ी मछली की बात कही। जो कुछ बड़ी मछली कह रही है, वही छोटी मछली भी कर रही है। उन्होंने कहा कि



वकीलों की दलीलें सुनने से प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि एच डी रेवन्ना की गिरफ्तारी नफरत की राजनीति से प्रेरित है। विधायक एच डी रेवन्ना कुमारस्वामी के भाई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा की छवि खराब करने के लिए रेवन्ना के खिलाफ कार्वाई शुरू की। उन्होंने सवाल किया कि जब वह सरकार में हैं तो कोई बड़ी मछली को कैसे पकड़ेगा। कुमारस्वामी के इस आरोप पर कि रेवन्ना को देवेगौड़ा को बदनाम करने के लिए गिरफ्तार किया गया, उपमुख्यमंत्री ने कहा, बिल्कुल नहीं। देखिए, मुझे भी उनके (रेवन्ना) लिए दुख हो रहा है। मुझे भी लगता है कि ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। इतना बड़ा परिवार है। उन्हें जो सोचना है सोचें लेकिन मैं किसी का बुरा नहीं चाहता और मुझे इसकी जरूरत भी नहीं है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि वह कुदरत के कानून में विश्वास करते हैं और उन्होंने भी बहुत कुछ सहा है। उन्होंने कहा, मुझे भी राजनीतिक साजिश का सामना करना पड़ा। मैं जानता हूं कि मैं कितना मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हूं। यही कारण है कि भगवान ने मेरी रक्षा की। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बड़े बेटे रेवन्ना को 29 अप्रैल को एक महिला के अपहरण के आरोप में उनके करीबी सतीश बबन्ना के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# राहुल और अखिलेश ने प्रधानमंत्री पर किसानों-युवाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया

भाषा। झांसी



**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अरबपतियों के लिए काम करने और किसानों और बेरोजगार युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सहयोगी दलों के नेताओं राहुल और अखिलेश ने यहां रानी झांसी किले के पास एक संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो वे युवाओं और किसानों के लिए काम करेंगे। यह संयुक्त रैली झांसी से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप जैन और हमीरपुर से सपा उम्मीदवार अजेंद्र राजपूत के प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब सैकड़ों लोग कोविड19 महामारी से जान गंवा रहे थे तब प्रधानमंत्री ने लोगों से थालियां बजाने के लिए कहा। सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों के रुझान इस बात का सुबूत हैं कि भाजपा का ग्राफ नीचे जा रहा है और इस पार्टी की हार निश्चित है। यादव ने मौजूदा सरकार पर किसानों और युवाओं को निराश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार प्रश्नपत्र लीक होने से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो वह गरीबों की ढाल यानी संविधान को तार-तार कर देगी। हमीरपुर और झांसी सीट पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। राहुल ने दावा किया कि मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। यह धनराशि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अगले 24 साल के लिए आवंटित होने वाली धनराशि के बराबर है।

## मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी। सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अधिकारी ने कहा कि तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। एनडीआरएफ ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

## क्विक न्यूज

### चाबहार बंदरगाह से भारत को व्यापार मार्ग बढ़ाने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** ईरान मे चाबहार बंदरगाह के विकास से भारत को अपनी लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाने और मध्य एशिया तक अपने व्यापार मार्गो का विस्तार करने में मदद मिलेगी। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को इस बंदरगाह पर मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन का भी सुझाव दिया। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में सरकार को यह सुझाव दिया कि ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह होने के बावजूद चाबहार बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के अधीन न आए। यह बंदरगाह न सिर्फ रणनीतिक रूप से अहम है बल्कि इस परियोजना की सफलता जटिल भू-राजनीतिक वातावरण से भी जुड़ी है। भारत ने एक दिन पहले ही चाबहार के बंदरगाह टर्मिनल के संचालन से संबंधित एक 10-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन ने हस्ताक्षर किए। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चाबहार में मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा, प्रक्रियाएं और कर्मी हो। फिर भी ऐसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए आवश्यक व्यापक स्थिरता बाहरी राजनीतिक दबावों और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है।

### मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहा है टाटा

**मुंबई।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में एक बहुत ही अनोखा सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है - वोट करने को तैयार युवा भारतीयों को, खास कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करने और चुनाव के दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह कदम उठाया है। युवाओं में राष्ट्रीय जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना को जागृत और मजबूत करना, युवाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए उपयोग में लाना इस कैम्पेन का लक्ष्य है। पर्यावरण, स्थिरता, सड़क सुरक्षा और साइबर जागरूकता जैसे मुद्दों के प्रती जेन ज़ेड के बीच जागरूकता लगातार बढ़ रही है, टाटा एआईए का मानना है कि देश के भविष्य को आकार देने में जेन ज़ेड अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वोट करने को तैयार कैम्पेन डिजिटल सैवी युवाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

### पंजाब में मादक पदार्थ एक बड़ी समस्या : सिधाना

**चंडीगढ़।** बठिंडा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान मे अपनी किस्मत आजमा रहे गैंगस्टर से सामाजिक कार्यकर्ता बने लक्खा सिधाना ने दावा किया कि उनके प्रतिद्वंदी मादक पदार्थ जैसे असल मुद्दो पर बात करने से बच रहे है और सिर्फ एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल रहे है। शिरोमणि अकाली दल-अमृतसर (शिअद-ए) के प्रत्याशी 45 वर्षीय सिधाना का कहना है कि उन्हे जनता से अपार समर्थन मिल रहा है और लोगो ने उनसे कहा है कि वे सभी बड़े राजनीतिक दलो को मौके देकर देख चुके है, इसलिए उन्हे भी एक मौका देंगे।लक्खा सिधाना के नाम से मशहूर लखवीर सिंह बठिंडा जिले के सिधाना गांव के रहने वाले है।मौर विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव मे निर्दलीय के रूप मे हार झेल चुके सिधाना ने 28,091 मत प्राप्त कर सभी को चौका दिया था।मादक पदार्थ एक बड़ा मुद्दा है। हालात इतने खराब है कि चिट्टा (सिंथेटिक ड्रग) बहुत आसानी से मिल जाता है। मन्ना, राइके कलां, कत्यां वाली जैसे कई गांवों में ढेर सारे युवा नशे की लत के कारण अपनी जान गंवा चुके है।

### सदियों के समृद्ध इतिहास को संजोए है दुबई

**नोएडा।** दुबई के विशिष्ट और ऐतिहासिक संग्रहालयों में देश के अतीत की मनोरम कहानियों को देखें क्योंकि प्रत्येक म्यूजियम इतिहास के माध्यम से एक अनूठी यात्रा प्रदान करता है, जो देश को परिभाषित करने वाली समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करती हैं। उन खजानों और कहानियों का पता लगाएं, जिन्होंने दुबई की पहचान को आकार दिया है, जो इतिहास के प्रति उत्साही और सांस्कृतिक खोजकर्ताओं के लिए एक खास घूमने योग्य गंतव्य बन गया है। वुमेन म्यूजियम -दुबई के बैत अल बनत, देरा में वुमेन म्यूजियम में अमीराती महिलाओं के समृद्ध इतिहास की खोज करें। यहां प्रदर्शनी में कलाकार, कार्यकर्ता और विद्वान जैसी व्यक्तिगत अमीराती महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने देश की विरासत में अपने महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित करते हुए दुबई और संयुक्त अरब अमीरात को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्ल म्यूजियम-दुबई का पर्ल म्यूजियम, मोती गोताखोरी को श्रद्धांजलि देता है, जो 19वीं और 20वीं सदी शुरुआत में एक महत्वपूर्ण व्यापार था। इसमें अरब की खाड़ी से प्राप्त प्राकृतिक खारे पानी के मोतियों का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जो कभी प्रसिद्ध मोती व्यापारी अली बिन अब्दुल्ला अल ओवैस के स्वामित्व में था। इसके साथ ही, संग्रहालय शानदार आभूषणों के साथ-साथ उन उपकरणों और साधनों का प्रदर्शन करता है जो मोतियों को निकालने और ले जाने में गोताखोरों और नाविकों द्वारा उपयोग किए गए थे। कॉफी म्यूजियम-दुबई के कॉफ़ी म्यूजियम में कॉफी के इतिहास में डूबे और ताज़ा बनाए गए सैंपल का आनंद लें। कॉफी अरबी संस्कृति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह संग्रहालय अल फहीदी ऐतिहासिक पड़ोस के अंदर इसके उत्पत्ति को उजागर करता है, जिसमें कल्दी की पौराणिक कहानी भी शामिल है।

### नवरत्न ने कपिल शर्मा से की साझेदारी

**कोलकाता।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं । टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह, राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल करती है। हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा,हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है।

### कपिल शो में आएंगी हीरामंडी की रानियां

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में इस शनिवार को नज़र आएँगी हीरामंडी द डायमंड बाज़ार की रानियाँ। हाल ही में लॉन्च हुई इस सीरीज़ ने सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीत लिया है और लॉन्च के पहले हफ़्ते में ही ये सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली भारतीय सीरीज़ बन गई है। ज़बरदस्त भव्यता से लेकर शानदार पटकथा और कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन तक, नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की पहली पेशकश को नज़रअंदाज करना मुश्किल है। मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख ने परदे के पीछे के अपने कुछ किस्से साझा किये, जिसमें लेखक-निर्देशक संजय भंसाली के साथ काम करने और सीरीज़ के निर्माण की तैयारियों के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत जीवन के किस्से भी शामिल हैं।अपने अनुभव साझा करते हुए इन महिलाओं ने सेट पर संजय लीला भंसाली द्वारा बेहद बारीकी और परफ़ेक्शन के साथ काम करने के बारे में बताया।

# भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की गाजा में मौत, जांच के आदेश

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**गाजा के** रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के किसी अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं।

काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

काले के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर दी गई जानकारी के मुताबिक वह अप्रैल 2004 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे और 2009 से 2010 तक संयुक्त राष्ट्र में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के तौर पर अपनी सेवाएं दी थीं। उन्होंने दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से व्यवहार विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। उन्होंने लखनऊ और इंदौर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान सहित अन्य संस्थानों से भी पढ़ाई की थी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया।

महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया। गुतारेस ने जान गंवाने वाले कर्मचारी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बयान में कहा गया है, गाजा में न केवल नागरिकों पर बल्कि मानवीय सहायता कार्यकर्ताओं पर भी संघर्ष का भारी असर हो रहा है। महासचिव ने एक बार फिर तत्काल मानवीय युद्धविराम और सभी बंधकों की रिहाई की अपील की है। गुतारेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र के वाहन पर हमला किया गया, हमारे एक सहयोगी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

उन्होंने कहा कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र के 190 से ज्यादा कर्मचारियों की मौत हुई है।

प्रेस वार्ता के दौरान घटना को लेकर पूछे गए सवाल पर महासचिव के उप प्रवक्ता हक ने कहा कि इस समय हम संबंधित सरकारों और संबंधित परिवारों को जानकारी देने की प्रक्रिया में है...। उन्होंने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय कर्मी थे। उन्होंने पुष्टि की कि यह संयुक्त राष्ट्र की पहली अंतरराष्ट्रीय जनहानि है।

गाजा में वर्ल्ड सेंट्रल किचन के कर्मचारियों के हताहत होने के सवाल पर हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों में से, मेरा मानना है कि मुझे पहले किसी अंतरराष्ट्रीय हताहत की जानकारी नहीं थी।

उन्होंने कहा कि हमले के समय वाहन अस्पताल जा रहा था और उसमें सवार लोग अपने काम पर जा रहे थे। हक ने कहा कि वे विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा स्थिति का आकलन करने जाते हैं और यह रफह स्थित यूरोपीय अस्पताल है।

बीबीसी की खबर के मुताबिक, इजराइली रक्षाबल (आईडीसी) ने पुष्टि की थी कि यूएनडीएसएस से सोमवार को दक्षिणी गाजा के रफह इलाके में उसके दो कर्मचारियों के घायल होने की सूचना मिली है।

आईडीएफ ने कहा कि घटना की समीक्षा की जा रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रिएसस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, गाजा में संयुक्त राष्ट्र के एक मानवीय कार्यकर्ता की मौत और एक अन्य के घायल होने के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं।

उन्होंने कहा, इस युद्ध की कीमत बहुत सारे नागरिकों और मानवीय जीवन ने चुकाई है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

## अमेरिकी हथियारों से युद्धक्षेत्र में यूक्रेन की स्थिति में बड़ा बदलाव आएगा: ब्लिंकन

**एपी।** कीव

**रूस के** घातक हमलों के बीच अघोषित यात्रा पर यूक्रेन पहुंचे अमेरिका के विदेशी मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य सहायता से युद्धक्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। युद्ध पर नजर रखने वाले विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में रूस ने पूर्वोत्तर सीमा पर हमले तेज कर दिए हैं और मॉस्को के सैनिकों ने लगभग 100 से 125 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, जिसमें कम से कम सात गांव शामिल हैं। हालांकि उनमें से अधिकांश गांव पहले ही खाली हो चुके हैं।

विश्लेषकों ने फरवरी 2022 में रूसी आक्रमण के बाद से ताजा हमलों को यूक्रेन के लिए सबसे खतरनाक दौर करार दिया है। ब्लिंकन की यात्रा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने पूर्वोत्तर में रूस की ओर से की जा रही गोलाबारी से नागरिकों की सुरक्षा के लिए मंगलवार को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की मांग की। ब्लिंकन ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक चुनौतीपूर्ण समय है। लेकिन अमेरिकी सैन्य सहायता युद्ध के मैदान में रूस की आक्रामकता के खिलाफ एक बड़ा बदलाव लाएगी। यूक्रेन की राजधानी में ही ब्लिंकन ने जेलेंस्की से मुलाकात की। यूक्रेन को विलंबित विदेशी सहायता को अमेरिकी संसद की ओर से मंजूरी मिलने के एक महीने से भी कम समय में ब्लिंकन यात्रा पर पहुंचे हैं। इसमें यूक्रेन के लिए 60 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गई है। इसका अधिकांश हिस्सा बुरी तरह नष्ट हो चुके तोपखानों और वायु रक्षा प्रणालियों को नए सिरे से खड़ा करने पर खर्च किया जाएगा।

# ईरान के साथ व्यापारिक समझौते करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंधों का संभावित खतरा: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि ईरान के साथ व्यापारिक सौदे करने वाले किसी भी देश पर प्रतिबंध लगाए जाने का संभावित खतरा है। उसने यह भी कहा कि वह जानता है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत ने सोमवार को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ईरान के चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है, जिससे नई दिल्ली को मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत ने 2003 में ऊर्जा संपन्न ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को विकसित करने का प्रस्ताव रखा था। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) का इस्तेमाल कर भारत से सामान अफगानिस्तान और मध्य एशिया भेजा जा सकेगा।

अमेरिका ने संदिग्ध परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिसके चलते बंदरगाह के विकास का काम धीमा पड़ गया था।

विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इन खबरों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं चाहूंगा कि भारत सरकार चाबहार बंदरगाह और ईरान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों पर बात करे।

सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह को लेकर ईरान के साथ भारत के समझौते के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि चूंकि यह अमेरिका से संबंधित है, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और हम उन्हें बरकरार रखेंगे।

पटेल ने कहा, आपने हमें कई मामलों में यह कहते हुए सुना है कि कोई भी इकाई, कोई भी व्यक्ति जो ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार कर रहा है, उन्हें संभावित जोखिम और प्रतिबंधों के बारे में पता होना चाहिए।

भारत और ईरान ने इस बंदरगाह को 7,200 किलोमीटर लंबे आईएनएसटीसी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है। आईएएसटीसी के जरिए भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई की जाएगी।

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन इस सप्ताह चीन की दो दिवसीय राजकीय यात्रा करेंगे

**एपी।** बीजिंग

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इस यात्रा को अमेरिका नीत पश्चिमी उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के खिलाफ दो आधिपत्यवादी सहयोगी देशों के बीच एकजुटता के प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पुतिन बृहस्पतिवार से शुरू हो रही अपनी यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे। उसने कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के अनेक क्षेत्रों में सहयोग पर और साझा चिंता वाले अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

रूस ने एक बयान में यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि शी के निमंत्रण पर पुतिन चीन की यात्रा करेंगे। उसने कहा कि यह पुतिन का पांचवां कार्यकाल शुरू होने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है।

चीन ने यूक्रेन युद्ध में राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन किया है और वह दरअसल हथियारों का निर्यात किए बिना रूस के युद्ध के प्रयासों में योगदान के रूप में मशीन कलपुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं का निर्यात जारी रखे हुए है।

चीन ने रूस-यूक्रेन युद्ध में खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश की है, लेकिन पश्चिमी देशों के खिलाफ रूस के साथ अपने संबंधों को असीमित घोषित किया है।

दोनों पक्षों ने शृंखलाबद्ध तरीके से संयुक्त सैन्य अभ्यास आयोजित किए हैं और चीन ने यूक्रेन के खिलाफ दो साल पुराने अभियान के जवाब में रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों का लगातार विरोध किया है। दोनों बड़े देशों का विभिन्न लोकतंत्रों और नाटो के साथ विवाद बढ़ रहा है। दोनों ही अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दक्षिण अमेरिका में प्रभाव स्थापित करना चाहते हैं।

पुतिन की यह यात्रा ताईवान के नए राष्ट्रपति के रूप में विलियम लाई चिंग-ते के सोमवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से कुछ दिन पहले होने जा रही है। चीन स्वशासी द्वीपीय लोकतंत्र ताईवान पर अपने क्षेत्र के रूप में दावा करता है और जरूरत पड़ने पर उस पर जबरन कब्जा करने की धमकी देता है। शी पिछले सप्ताह यूरोप की पांच दिवसीय यात्रा करके लौटे हैं। वह हंगरी और सर्बिया भी गए थे जिन्हें रूस के करीब माना जाता है।

पांच साल में शी की पहली यूरोप यात्रा को चीन का प्रभाव बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा गया।

## दक्षिण अफ्रीका में इमारत ढहने में मरने वालों की संख्या 32 हुई

**एपी।** केपटाउन

**दक्षिण अफ्रीका** में एक निर्माणाधीन इमारत के ढह जाने से हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। पिछले सप्ताह हुई दुर्घटना के बाद सोमवार को भी बचाव दल कुछ लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीद के साथ उनकी तलाश में जुटे रहे।

जॉर्ज शहर में हुई इस घटना के छह दिन बाद भी एक निर्माण मजदूर जीवित मिला था, जिसके बाद और लोगों के मलबे में जिंदा दबे होने की उम्मीदें जगी थीं। हालांकि मरने वालों संख्या भी बढ़ती रही है और अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मलबे से कम से कम 11 और शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि अन्य 20 कर्मचारी अब भी लापता हैं, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि दक्षिण अफ्रीका में इमारत ढहने की इस भयावह घटना में मरने वालों की संख्या 50 से ज्यादा पहुंच सकती है।

# अफगानिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई युद्ध अपराधों का खुलासा करने वाले वकील को कैद

**एपी।** मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया में** एक न्यायाधीश ने सेना के एक पूर्व वकील को गोपनीय सूचना मीडिया को लीक करने के मामले में करीब छह साल की कैद की सजा सुनाई है। इस गोपनीय सूचना के लीक होने से अफगानिस्तान में आस्ट्रेलियाई युद्ध अपराध के आरोपों का खुलासा हुआ था।

देश की राजधानी कैनबरा की एक अदालत ने सेना के पूर्व वकील डेविड मैकब्राइड (60) को पांच साल आठ महीने की कैद की सजा सुनाई। मैकब्राइड ने चोरी तथा गोपनीय दस्तावेजों को प्रेस के सदस्यों के साथ साझा करने समेत तीन आरोपों में अपना गुनाह कबूल कर लिया।

न्यायमूर्ति डेविड मोस्सॉप ने आदेश दिया कि आरोपी को 27 महीने जेल में गुजारने होंगे और उसके बाद ही पैरोल पर उसे रिहा करने के विषय पर विचार किया जा सकता है।

हालांकि मानवाधिकारों के पैरोकार वकीलों ने कहा है कि मैकब्राइड को दोषी ठहराया जाना एवं उन्हें सजा सुनाना यह दर्शाता है कि आस्ट्रेलिया में व्हीसलब्लोअर की सुरक्षा के प्रावधानों का सर्वथा अभाव है।

मैकब्राइड के वकील मार्क डेविस ने कहा कि उनकी इस सजा की गंभीरता के खिलाफ अपील करने की योजना है। मैकब्राइड के दस्तावेज आस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कोरपोरेशन(एबीसी) के 2017 में सात हिस्सों वाली टेलीविजन सीरीज में युद्ध अपराध के आरोपों को लेकर थी। इस सीरीज में कहा गया था कि आस्ट्रेलियाई स्पेशल एयर सर्विस रेजीमेंट के सैनिकों ने 2013 में निहत्थे अफगान पुरूषों एवं बच्चों की जान ली थी।

पुलिस ने 2019 में इस सीरीज के लीक होने के सबूत को तलाशने के लिए एबीसी के सिडनी मुख्यालय पर छापा मारा था लेकिन उसने जांच करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाने का फैसला किया था।

## हूतियों को हथियार देना बंद करे ईरान: अमेरिका

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका ने** ईरान से कहा है कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को भारी मात्रा में हथियारों की आपूर्ति करना बंद करे क्योंकि इन हथियारों से लड़ाकों को लाल सागर और अन्य स्थानों पर जहाजों पर हमला करने में मदद मिलती है। अमेरिका के उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यदि निकाय यमन में गृहयुद्ध समाप्त करने की दिशा में प्रगति चाहता है तो उसे सामूहिक प्रयास के तहत ईरान को अस्थिरता पैदा करने की भूमिका से रोकना चाहिए।

# इंडोनेशिया में बाढ़ के बाद नदियों और मलबों में लोगों की तलाश जारी

**भाषा।** तनाह दतार (इंडोनेशिया)

**इंडोनेशिया के** सुमात्रा द्वीप में अचानक आई बाढ़ की तबाही थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को बचावकर्मियों ने नदियों और उजड़े हुए गांवों के मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी।

मानसून की भारी बारिश और भूस्खलन तथा माउंट मेरापी से निकले ठंडे लावे ने शनिवार को आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में कई लोग और 79 मकान बह गए तथा कई घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। नतीजतन 3,300 से अधिक निवासियों को अस्थाई सरकारी सहायता केन्द्रों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक कीचड़ और नदियों से 50 शवों को निकाला जा चुका है। बचावकर्मी उन 27 लोगों की तलाश कर रहे हैं जो लापता बताए जाते हैं। बचावकर्मी सात लोगों के समूह में से उन चार लोगों को भी खोज रहे हैं जो अपनी कार के साथ बह गए थे। प्रांतीय राजधानी पडांग में खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख अब्दुल मलिक ने कहा कि सोमवार को तीन अन्य शवों को बाहर निकाला गया है।

मलिक ने कहा कि दूरदराज के इलाकों में अभी भी पहुंच संभव नहीं है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

इंडोनेशिया के सेंटर फॉर वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशन के अनुसार, माउंट मेरापी ज्वालामुखी को अचानक विस्फोटों के लिए जाना जाता है। मेरापी में विस्फोटों का अनुमान लगाना मुश्किल है क्योंकि स्रोत उथला है और शिखर के पास है। मेरापी ज्वालामुखी जनवरी 2024 में एक विस्फोट के बाद से सक्रिय है जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। यह इंडोनेशिया में 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। पैसिफिक रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण देश भूकंपीय उथल-पुथल का अनुभव करता रहता है।

# पाक कब्जे वाले कश्मीर में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है।

पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

खबर में कहा गया है कि पांच ट्रकों समेत 19 वाहनों के काफिले ने खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे गांव ब्रारकोट से बाहर निकलने के बजाय कोहाला से क्षेत्र से बाहर निकलने का विकल्प चुना।

खबर के अनुसार, जैसे ही काफिला ँआक्रोशित माहौलै में मुजफ्फराबाद पहुंचा, शोरां दा नक्का गांव के पास उस पर पत्थरों से हमला किया गया, जिसका जवाब उन्होंने आंसू गैस और गोलीबारी से दिया।

इसमें आगे कहा गया है कि पश्चिमी बाईपास के रास्ते शहर में प्रवेश करने के बाद, रेंजर्स पर फिर से पथराव हुआ, जिसके चलते उन्हें आंसूगैस और गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। गोलाबारी इतनी भीषण थी कि पूरा इलाका दहल उठा।

# फलस्तीनी नागरिकों ने गाजा में मौजूदा हालात को 1948 के अरब-इजराइल युद्ध से भी भयावह बताया

**एपी।** यरूशलम

**इजराइल से** अपने सामूहिक निष्कासन की बुधवार को 76वीं बरसी मना रहे फलस्तीनी नागरिक गाजा में मौजूदा हालात को 1948 के अरब-इजराइल युद्ध की तुलना में कहीं अधिक भयावह मानते हैं।

वर्ष 1948 में अरब-इजराइल युद्ध से पहले और उस दौरान लगभग सात लाख फलस्तीनियों को अपना घर-बार छोड़कर वहां से पलायन करना पड़ा था। फलस्तीन के लोग इजराइल के स्थापना दिवस को नकबा कहते हैं, जिसका अरबी में अर्थ तबाही होता है।

युद्ध के बाद, इजराइल ने उन्हें वापस नहीं लौटने दिया क्योंकि मौजूदा यहूदी देश में फलस्तीनी बहुसंख्यक हो जाते। इसके बजाय वे स्थाई शरणार्थी बन गए और अब उनकी तादाद करीब 60 लाख है, जिनमें से अधिकतर लेबनान, सीरिया, जॉर्डन और इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में झुग्गियों जैसे शहरी शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं।

मुस्तफा अल-गजर 1948 में मध्य इजराइल के एक गांव से रफह शहर तक की अपने परिवार की महीनों लंबी यात्रा को याद करते हैं, तब वह महज पांच साल के थे।

मुस्तफा (81) ने कहा कि एक जगह तो उनपर आसमान से बम बरस रह थे जबकि दूसरी जगह उन्होंने पेड़ के नीचे गड्ढे खोदकर रात गुजारी।

उन्हें पिछले सप्ताह एक बार फिर उसी तरह भागना पड़ा। इस बार उन्हें एक बंजर तटीय इलाका मुवासी छोड़कर जाना पड़ा, जहां एक खस्ताहाल शिविर में करीब 4,50,000 फलस्तीनी रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार हालात 1948 से भी ज्यादा खराब हैं क्योंकि उस समय तो फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी उन्हें नियमित रूप से भोजन और अन्य सामग्री पहुंचा रही थी।

उन्होंने कहा, 1948 में मुझे वापस लौटने की उम्मीद थी, लेकिन आज मैं महज जिंदा बचने की सोच रहा हूं। मैं दहशत के साए में जी रहा हूं। उन्होंने रोते हुए कहा, मैं अपने बच्चों और पोते-पोतियों का भरण-पोषण नहीं कर सकता।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद गाजा में शुरू हुए युद्ध में 3,5000 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के हमले में करीब 1,200 इजराइलियों की मौत हुई थी। युद्ध के चलते गाजा की कुल आबादी में से एक तिहाई यानी लगभग 17 लाख लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करना पड़ा है। यह 1948 के युद्ध से पहले और उस दौरान पलायन करने वालों की तादाद की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है। सेंट्रल फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में फलीस्तीनी सहायक प्रोफेसर यारा असी ने युद्ध में नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर अध्ययन किया है। उनका कहना है कि गाजा के पुनर्निर्माण के लिए जिस तरह के अंतरराष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी, उसकी कल्पना करनाँ बेहद मुश्किलै है।

असी और अन्य लोगों को डर है कि अगर एक और वास्तविक नकबा (तबाही) होता है, तो यह क्रमिक निष्कासन के रूप में होगा।

# व्हाइट हाउस में सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई।

एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।

> भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।

भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया।

एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया।

आखिरी बार पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान ऐसा किया गया था।

मरीन बैंड ने बताया कि उसने राजकीय दौरे से पहले इसका अभ्यास किया था।

कैलिफोर्निया में रह रहे भुतोरिया ने कहा, मुझे बेहद अच्छा लगा। व्हाइट हाउस में मेरे लिए यह गर्व का पल था... मैंने उनके साथ गाना शुरू किया और फिर मैंने उनसे इसे एक बार फिर से बजाने का अनुरोध किया। उन्होंने मेरा अनुरोध मान लिया और बताया कि वे इसे दूसरी बार बजा रहे हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी आए थे तो उन्होंने इसे बजाया था और उसके बाद आज फिर वे इसे बजा रहे हैं। यह बेहद मनोरम दृश्य है कि आज व्हाइट हाउस में सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत सुनने को मिला।

इस समारोह के दौरान अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने ड्रम बजाकर वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


# व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है गोलगप्पा

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** में आयोजित समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है जिसे पानीपूरी या पुचका भी कहा जाता है।

पिछले साल कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया। हाल में सोमवार को एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाईयन एंड पैसिफिक आईलैंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।

व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पाापानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरीगोलगप्पा लेकर आया। वह बहुत ही शानदार था। उसका स्वाद थोड़ा तीखा था, एक



दम उत्तमउ भुटोरिया ने व्हाइट हाउस की कार्यकारी शेफ क्रिस्टेटा कॉमरफोर्ड से मुलाकात की और उनसे गोलगप्पे के बारे में पूछा। उन्होंने कहा, मैंने उनसे पूछा, क्या आपने गोलगप्पे बनाए हैं? उन्होंने कहा, हां हमने व्हाइट हाउस में सब कुछ बनाया है। भुटोरिया ने कहा कि समारोह के मेन्यू में एक और भारतीय व्यंजन खोया भी शामिल किया गया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, इसका स्वाद मीठा था और इसे खोया से बनाया गया था। वह एकदम अद्भुत था। एएएनएचपीआई विरासत माह उत्सव में सभी एशियाई अमेरिकी समुदायों, भोजन और व्यंजनों खासतौर पर भारतीय अमेरिकी गोलगप्पा और खोया को देखना शानदार रहा।

# पोरेल-स्टब्स के खेल से दिल्ली कैपिटल्स की जीत

● सुपरजायंट्स को 19 रन से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली



**दिल्ली कैपिटल्स** ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से हराया दिल्ली की टीम ने चार विकेट पर 208 रन बनाने के बाद एलएसजी को नौ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। एलएसजी के लिए निकोलस पूरन ने 61 जबकि अरशद खान ने नाबाद 58 रन का योगदान दिया। दिल्ली के लिए अनुभवी इशांत शर्मा ने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 57) और सलामी बल्लेबाजी अभिषेक पोरेल (58) की अर्धशतकीय पारियों के बूते दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ चार विकेट पर 208 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।स्टब्स ने 25 गेंद की नाबाद पारी में चार छक्के और तीन चौके लगाए। शुरूआती ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले पोरेल ने 33 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाने के अलावा दूसरे विकेट के लिए शाई होप (38) के साथ 49 गेंद में 92 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरूआत दिलाई। होप ने 27 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। एलएसजी के लिए रवि बिश्नोई ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। नवीन उल हक को दो जबकि अरशद खान को एक सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। नवीन ने चार ओवर में 51 तो वहीं अरशन ने तीन ओवर में 45 रन लुटाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पारी की दूसरी गेंद पर दिल्ली को बड़ा झटका लगा। अरशद ने शानदार लय में चल रहे खतरनाक जेक फ्रेजर-मैकगर्क को खाता खोले बगैर पवेलियन की राह दिखाई। पोरेल और होप पर हालांकि इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा। पोरेल ने अरशद के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 21 रन बटोरने के बाद नवीन की गेंद को दो बार दर्शकों तक पहुंचकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए तो वहीं होप ने युद्धवीर सिंह के खिलाफ लगातार गेंदों पर दो चौके और छक्का लगाया। पावरप्ले में दिल्ली ने एक विकेट पर 73 रन बना लिए।पोरेल ने आठवें ओवर में कृणाल पंड्या का स्वागत चौके से करने के बाद एक रन लेकर 21 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया।

## स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** जेक फ्रेजर-मैकगर्क का नवीन बो अरशद 00, अभिषेक का पूरन बो नवीन 58, होप का राहुल बो बिश्नोई 38, पंत का हुड्डा बो नवीन 33, ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 57, अक्षर पटेल नाबाद 14, **अतिरिक्त:** 08, **कुल योग:** 20 ओवर में चार विकेट पर 208 रन, **विकेटपतन:** 1-2, 2-94, 3-111, 4-158, **गेंदबाजी:** अरशद 2-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, युद्धवीर 2-0-28-0, उल हक 4-0-51-2, बिश्नोई 4-0-26-1, कृणाल 2-0-20-0, हुड्डा 1-0-9-0

**लखनऊ सुपरजायंट्स पारी:** क्विंटन डिकॉक का मुकेश बो इशांत 12, लोकेश का मुकेश बो इशांत 05, स्टोइनिस स्ट. पंत बो अक्षर 05, हुड्डा पगबाधा इशांत 00, पूरन का अक्षर बो मुकेश 61, बडोनिया गुलबदीन बो स्टब्स 06, पंड्या स्ट. पंत बो कुलदीप 18, खान नाबाद 58, युद्धवीर का होप बो खलील 14, बिश्नोई रन आउट 02, नवीन उल हक नाबाद 02, **अतिरिक्त:** 06, **कुल योग:** 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन, **विकेट पतन:** 1-7, 2-24, 3-24, 4-44, 5-71, 6-101, 7-134, 8-167, 9-183, **गेंदबाजी:** इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, नायब 1-0-12-0, रसिख 3-0-30-0

# पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करने उतरेंगे रॉयल्स

● पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज

**भाषा।** गुवाहाटी



**राजस्थान रॉयल्स** की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी। दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो घरेलू मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है।इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है। जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे।यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही। सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए।दूसरी तरफ कप्तान के रूप में सैमसन का कद बढ़ गया है और मौजूदा सत्र एक बल्लेबाज के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ सत्र होने की उम्मीद है। वह पहले ही 486 रन के साथ अपनी टीम के शीर्ष स्कोरर हैं।

## मनु, विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल के फाइनल में

भोपाल। ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। मनु ने ट्रायल में पूरा दबदबा बनाए रखा। अभिंद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रही। पुरुषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली। उन्होंने आठवी और आखिरी सीरिज तक बढत बनाए रखी।

## मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

बैंकॉक। भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ मे जगह बनाई।प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बुधवार को मुख्य ड्रॉ मे उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी। पुरुष एकल क्वालीफिकेशन मे हिस्सा ले रहे चार अन्य भारतीय एस शंकर मुथुसामी, आयुष शेट्टी, कार्तिकेय गुलशन कुमार और रवि हार के कारण मुख्य ड्रॉ मे जगह बनाने में नाकाम रहे।

## मीना पॉलराज ने महिला पोलवॉल्ट में स्वर्ण जीता

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोसी मीना पॉलराज ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को 4.05 मीटर की कूद लगाकर महिलाओं के पोलवॉल्ट में स्वर्ण पदक जीता। वह 4 . 21 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गई जो उन्होने पिछले साल खुद बनाया था। तमिलनाडु की बारानिका इलांगोवेन ने रजत और केरल की मारिया जैसन ने कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलो की कांस्य पदक विजेता नंदिनी अगासरा ने हेप्टाथलन मे स्वर्ण पदक जीता।

## तास्किन बांग्लादेश की टी20 विश्व कप टीम में

ढाका। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद को मांसपेशियो के खिंचाव से पूरी तरह से नही उबरने के बावजूद अमेरिका और वेस्टइंडीज मे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए मंगलावार को बांग्लादेश की टीम मे शामिल किया गया। पिछले हफ्ते जिंबाब्वे के खिलाफ पांचवे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले तास्किन को चोट लगी थी। उन्हे उप कप्तान भी बनाया गया है। चोटिल होने से पहले तास्किन ने श्रृंखला के चार मैच मे 4.56 की इकोनॉमी रेट से आठ विकेट चटकाए थे। टीम की अगुआई नजमुल हुसैन शंटो करेंगे।

## सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर

बार्सीलोना। बार्सीलोना स्पेनिश लीग मे सोमवार को यहां रीयाल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका मे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ मे सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट मे गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम मे पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।

# कोच की खोज : द्रविड़ के बाद लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प

● क्या लैंगर और गंभीर भी होंगे दौड़ में

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय टीम के** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिए दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जाएगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं जबकि 26 मई को आईपीएल फाइनल है। इससे लगता है कि बोर्ड नए कोच की तलाश में है। नए कोच के लिए कुछ विकल्प इस प्रकार हो सकते हैं।









**वीवीएस लक्ष्मण :** अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं। द्रविड़ के अवकाश पर होने पर उन्होंने सीनियर टीम की कोचिंग भी की है। उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

**गौतम गंभीर :** पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके कोच रहते केकेआर ने आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है और तालिका में शीर्ष पर है। अब देखना यह है कि उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिए आवेदन करता है या नहीं। वैसे केकेआर और उसके मालिक शाहरूख खान से उनका भावनात्मक लगाव उन्हें ऐसा करने से रोक भी सकता है। इसके अलावा विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

**जस्टिन लैंगर :** एशेज और टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक और शारीरिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

## जिस टीम में कोच पर्दे के पीछे काम करते हैं, वे बेहतर करती हैं: रायुडू

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को इसमें कोई संदेह नहीं है कि जो आईपीएल टीमें अपने खिलाड़ियों को फैसले लेने के लिए सशक्त बनाती हैं, वे उन टीमों की तुलना में अधिक सफल होती हैं जो निर्णय लेने की जिम्मेदारी कोच के हाथों में छोड़ देती हैं। टीम के माहौल को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए, इस पर चर्चा में भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व खिलाड़ी रायुडू ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मार्गदर्शक (मेंटर) गौतम गंभीर का उदाहरण दिया। गंभीर जिस तरह से अपने खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने की आजादी देते हैं वह रायुडू को पसंद है और उनके अनुसार यह इस सत्र में अब तक दो बार की चैंपियन टीम की सफलता की कुंजी रही है। भारत के लिए 55 एकदिवसीय और छह टी20 खेलने वाले रायुडू ने मंगलवार को स्टार स्पोर्ट्स से कहा अगर कोच पीछे रहते हैं और पर्दे के पीछे काम करते हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेने देते हैं।

## तीन युवा स्क्वाश खिलाड़ी टॉप्स योजना में शामिल

**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को ध्यान मे रखते हुए युवा स्क्वाश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को मंगलवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के डेवलपमेंट समूह मे शामिल किया गया। पिछले साल अक्टूबर में 2028 ओलंपिक कार्यक्रम मे शामिल किया गया स्क्वाश भारत में लोकप्रिय है और भारतीय खिलाड़ियों ने इस खेल मे एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्षों तक सौरव घोषाल, दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा ने भारत का परचम लहराया और अब जिम्मेदारी अनाहत, अभय और वेलावन जैसे अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों पर है। भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) में महासचिव साइरस पोंचा ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की विज्ञप्ति मे कहा, टॉप्स कार्यक्रम मे स्क्वाश को शामिल किया जाना भारत मे इस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। बढ़ी हुई भागीदारी और उन्नत प्रशिक्षण अवसरों जैसे तत्काल लाभों के अलावा यह मान्यता देश के भीतर एक महत्वपूर्ण खेल के रूप में स्क्वाश के व्यापक समर्थन का प्रतीक है।

## टी20 विश्व कप : अंतिम चार में पहुंचने पर गयाना में सेमीफाइनल खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम अगर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मे पहुंचती है तो 27 जून को गयाना मे यह मुकाबला खेल अमेरिका और वेस्टइंडीज मे होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की शर्तों के अनुसार रिजर्व दिन केवल 29 जून को बारबाडोस मे होने वाले फाइनल के लिए रखा गया है। खेलने की शर्तों के अनुसार , भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो 27 जून 2024 को गयाना मे दूसरा सेमीफाइनल खेलेगा। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में होगा जो रात का मैच है जबकि गयाना में दूसरा सेमीफाइनल दिन में होगा जो भारतीय टीवी दर्शकों के अनुकूल समय होगा। दूसरा सेमीफाइनल भारतीय समयानुसार रात 8 . 30 से शुरू होगा जिसमे मौसम की गाज गिरने पर 250 मिनट का अतिरिक्त समय होगा। पहले सेमीफाइनल को भी इसी तरह अतिरिक्त समय दिया जाएगा जो 26 जून को 60 मिनट और 27 जून को दोपहर दो बजे से 190 मिनट का होगा। फाइनल 29 जून को होगा जिसके लिए 30 जून को रिजर्व दिन होगा।

## माराडोना के उत्तराधिकारियों ने कहा, गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी हुई, नीलामी रोकना चाहते हैं

**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हे 1986 विश्व कप मे अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस मे नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 मे 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल मे पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और उनका दावा है कि मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नही हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

## स्वियातेक क्वार्टर में पहुंची, कीज से होगी भिड़ंत

**रोम।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवी जीत है। रोम मे दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी जिन्होने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में 6-2, 6-1 से हराया। इस मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 मे सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम मे लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही है। अमेरिका की कोको गॉफ और उनकी हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को कड़े मुकाबले मे 5-7, 6-4, 6-1 से हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलिना स्वितोलिना को 4-6, 6-1, 7-6 से हराया। पुरुष टूर्नामेंट में गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने तीसरे दौर के मुकाबले मे सर्बिया के क्वालीफायर हमाद मेदजेदोविच को 7-6, 2-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरे वरीय मेदवेदेव प्री क्वार्टर फाइनल मे अमेरिका के टॉमी पॉल से भिड़ेंगे जिन्होंने डोमीनिक कोफर को 6-4, 6-3 से हराया।

## शतरंज: शारजाह मास्टर्स में अर्जुन को शीर्ष वरीयता, 19 भारतीय मैदान में

शारजाह, 14 मई (भाषा) ग्रैंडमास्टर और दुनिया के सातवे नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी अर्जुन यहां 52,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि के शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के तौर पर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के सबसे कड़े ओपन टूर्नामेंट में से एक शारजाह मास्टर्स मे 19 भारतीय ग्रैंडमास्टर भाग लेंगे। एसएल नारायणन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रेटिंग वाले खिलाड़ी है जबकि उनके बाद निहाल सरीन का नंबर आता है। नौ दौर के इस टूर्नामेंट के विजेता को 12 हजार डॉलर मिलेंगे। अर्जुन वारसॉ से सीधे यहां पहुंचे है जहां उन्होने सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट मे कुल पांचवां स्थान हासिल किया। शीर्ष 10 मे शामिल खिलाड़ी आम तौर पर ओपन टूर्नामेंट मे नही खेलते। शीर्ष खिलाड़ियो के ओपन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा से बचने का कारण उनकी रेटिंग के लिए बड़ा जोखिम है लेकिन अर्जुन ओपन टूर्नामेंट से अंक जुटाकर नए मानक तय कर रहे है। टूर्नामेंट में 2700 ईएलओ रेटिंग से ऊपर के नौ खिलाड़ी मैदान मे है। अर्जुन दूसरी वरीयता प्राप्त ईरान के परहम माघसूदलू से 29 अंक आगे है। यह टूर्नामेंट दुबई पुलिस वैश्विक शतरंज चैलेंज के ठीक बाद आयोजित किया गया है जिसमें भारतीयो का दबदबा था। वी प्रणव विजेता रहे और उन्हे 16,500 अमेरिकी डॉलर मिले।

## लीवरपूल को ड्रॉ पर रोककर एस्टन विला चैंपियन्स लीग में जगह बनाने के करीब

**बर्मिंघम।** स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट मे दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियन्स लीग मे जगह बनाने के करीब पहुंच गई। एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग मे शीर्ष चार मे रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट मे पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेप्को और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन 79वे मिनट मे मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट मे गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया।

# शास्त्री का इंपेक्ट प्लेयर नियम का समर्थन



**भाषा।** चेन्नई

**मौजूदा** आईपीएल में इंपेक्ट प्लेयर नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है। जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है। लेकिन समय के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने भारत के सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा। यह अन्य खेलों में भी होता है। इससे करीबी मुकाबले मिले हैं। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा नियम है। आपने देखा कि पिछले साल के आईपीएल में हमने कितने करीबी मुकाबले देखे। इससे एक बड़ा अंतर आया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने हाल ही में कहा था कि यह नियम स्थाई नहीं है।

## इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से आईपीएल में बड़े स्कोर नहीं बनेंगे?, पोंटिंग ने कहा, ऐसा नहीं होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों मे बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमो को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है।इसे लेकर लोगों की राय बंटी हुई है। जैसे कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हे गेंदबाजी करने का मौका नही मिलता जबकि सौरव गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे है। तीन बार ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे पोंटिंग ने सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी कोच प्रवीण आमरे की आत्मकथा जीरो फॉर 5: द थ्रिलिंग क्रिकेट जर्नी ऑफ प्रवीण आमरे के विमोचन के दौरान कहा, इस बात पर चर्चा चल रही है कि क्या इंपेक्ट प्लेयर नियम आईपीएल में बना रहेगा, अगर ऐसा नही होता है तो क्या स्कोर फिर से कम बनेंगे? मुझे यह देखने मे दिलचस्पी है।

# गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट मे मंगलवार को पुरुषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल मे पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर मे हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वही छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63 . 5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलो के चैम्पियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

## मनिका कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

**नई दिल्ली।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद कैरियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग मे शीर्ष 25 मे जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने मे सफल रही।व्यक्तिगत और टीम श्रेणियो मे 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

# 7वीं यूपी स्टेट सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप : आजमगढ़ ओवरआल चैंपियन, वाराणसी को दूसरा स्थान



लखनऊ। आजमगढ़ के खिलाड़ियों ने 7वीं यूपी स्टेट सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में सर्वाधिक 6 स्वर्ण व 3 रजत के साथ ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीत ली। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इंडोनेशियाई मार्शल आर्ट की राज्य प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम 2 स्वर्ण व 3 रजत पदक के साथ उपविजेता रही। दूसरी ओर आगरा व लखनऊ की टीमें संयुक्त तीसरे स्थान पर रही। पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. कीर्ति विक्रम सिंह सहायक क्षेत्रीय निदेशक इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी लखनऊ ने पदक विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजन सचिव संतोष जायसवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता भुवनेश्वर ओडिशा में 10 से 13 जून 2024 तक होने वाली 12वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, उम्मीद टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे : हरमनप्रीत

**ढाका।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है और हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं। सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ए सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ए चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था। हरमनप्रीत ने यहां कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है।

## दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से भारत दौरे पर

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से नौ जुलाई तक भारत दौरा करके एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। वनडे मैच बेंगलुरू में और टेस्ट तथा टी20 मैच चेन्नई में खेले जाएंगे। दोनों टीमों ने आखिरी बार एक दूसरे के खिलाफ टेस्ट नवंबर 2014 मे खेला था। श्रृंखला की शुरूआत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 13 जून को अभ्यास मैच के साथ होगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका का सामना बोर्ड अध्यक्ष एकादश से होगा। वनडे मैच आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022 . 2025 का हिस्सा है। वनडे मैच दोपहर1 . 30 पर और टी20 शाम सात बजे शुरू होंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।